सरगम में आज पढ़ें
कमज़ोर कहानी लचर निर्देशन

आपकी आवाज

दैनिक ट्रिब्यून

दिल्ली/एनसीआर ◆ वर्ष/VOL : 3 अंक : 316 ◆ चंडीगढ़/ गुरुग्राम/ बठिंडा ◆ मार्गशीर्ष 1 प्रविष्टे, विक्रमी संवत् 2076 ◆ पृष्ठ : 16, मूल्य : ₹ 4.00 ◆ Regd. No. CHD/0005/2018-2020

ई-मेल : dt@tribuneindia.com

शनिवार, 16 नवंबर, 2019

www.dainiktribuneonline.com

मयंक का दोहरा शतक
-पेज 11

राजधानी, शताब्दी और दुरंतो में खाना होगा महंगा

नयी दिल्ली (एजेंसी) : रेलवे बोर्ड ने राजधानी, शताब्दी और दुरंतो ट्रेन में सफर के दौरान परोसे जाने वाले भोजन की कीमतों में इजाफा करने का फैसला किया है। नये आदेश के मुताबिक, वातनुकूलित प्रथम श्रेणी में चाय की कीमत 6 रुपये बढ़ा कर 35 रुपये, नाश्ते की कीमत 7 रुपये बढ़ा कर 140 और दोपहर एवं रात्रि भोजन की कीमत 15 रुपये बढ़ा कर 245 रुपये रहेगी। वहीं वातानुकूलित द्वितीय एवं तृतीय श्रेणी में चाय 20 रुपये, नाश्ता 105 रुपये और दोपहर एवं रात्रि भोजन 185 रुपये किया जाएगा। साथ ही क्षेत्रीय जायके वाला नाश्ता भी परोसा जाएगा।

'3 उबले अंडों का बिल 1672 रुपये'

अहमदाबाद (एजेंसी) : मशहूर संगीतकार जोड़ी विशाल-शेखर के

शेखर रवजियानी ने शुक्रवार को दावा किया कि अहमदाबाद शहर के एक लग्जरी होटल ने 3 उबले अंडों के लिए 1672 रुपये का बिल बनाया जो कि बहुत अधिक है। रवजियानी ने ट्वीट किया, 'तीन उबले अंडों के लिए 1672 रुपये? यह महंगा भोजन था।' उन्होंने साथ ही 14 नवंबर को जारी बिल की एक तस्वीर भी साझा की। इसने कई ट्विटर उपयोगकर्ताओं को अभिनेता राहुल बोस की याद दिला दी। बिल के अनुसार अंडों की कीमत 1350 रुपये, सर्विस चार्ज 67.50 रुपये तथा राज्य जीएसटी 127.58 रुपये और केंद्रीय जीएसटी 127.58 रुपये है। एक ट्विटर उपयोगकर्ता ने लिखा, 'ऐसा लगता है कि मुर्गी को उस होटल से केला खिलाया गया जहां राहुल बोस रुके थे।' कुछ ने कहा कि रवजियानी यदि पैसे बचाना चाहते हैं तो उन्हें रेहड़ी पटरीवालों को बढ़ावा देना चाहिए।

कल पढ़ें

अविस्मरणीय सबक
पुस्तकों से करें प्रेम
आत्मज्ञान पाने का पथ

आज के अंक के साथ 4 पेज का साप्ताहिक 'सरगम' भी शामिल है।

संसदीय समिति की बैठक में नहीं पहुंचे सांसद-अफसर, ऑड-ईवन पर भी सवाल

प्रदूषण पर हल्ला, बैठक में सन्नाटा

नयी दिल्ली, 15 नवंबर (एजेंसी)

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और आसपास के इलाकों की जहरीली आबोहवा के बारे में हल्ला तो खूब मच रहा है, लेकिन इस संबंध में शुक्रवार को संसदीय समिति की बैठक में कई अफसर और सांसद नहीं पहुंचे। कुल 28 सदस्यीय संसदीय पैनल की बैठक में महज चार लोग पहुंचे। नहीं पहुंचने वालों में पूर्वी दिल्ली के सांसद गौतम गंभीर, पर्यावरण मंत्रालय, डीडीए के टॉप अफसरों समेत निगम आयुक्त शामिल रहे।

विभिन्न पार्टियों के 24 सांसद बैठक में नहीं पहुंचे, लेकिन सबसे अधिक चर्चा गौतम गंभीर की रही। वह इंदौर में एक मैच के कमेंट्री बॉक्स में दिखे। आम आदमी पार्टी ने ट्वीट कर उन पर तंज कसा तो गंभीर ने जवाब दिया, 'मेरा काम खुद बोलेगा। अगर मुझे गाली देने से दिल्ली का प्रदूषण कम होता है तो आप मुझे जी भरकर गाली दीजिए।' बता दें कि सांसद जगदंबिका पाल समिति के अध्यक्ष हैं। फिलहाल सांसदों की गैर मौजूदगी की शिकायत लोकसभा अध्यक्ष से करने की तैयारी की जा रही है। उधर, केंद्रीय पर्यावरण मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने कहा कि वह मामले की जांच करेंगे कि अफसर क्यों नदारद रहे। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि उन्होंने प्रदूषण पर नियंत्रण पाने को संयुक्त कार्ययोजना तैयार करने को कहा है।

खराब आबोहवा के बीच शुक्रवार को नयी दिल्ली में सिग्नेचर ब्रिज का नजारा। - प्रेट्र

इस बीच, सुप्रीमकोर्ट ने भी शुक्रवार को सुनवाई की। अदालत ने पड़ोसी राज्यों में पराली जलाने मे कटौती किए जाने के बावजूद दिल्ली में वायु प्रदूषण के स्तर में वृद्धि होने पर चिंता व्यक्त की। इस बीच, कहा जा रहा है कि ऑड-ईवन योजना के बावजूद प्रदूषण बढ़ रहा है, इसलिए इसमें किसी को भी छूट न मिले। दिल्ली सरकार की ओर से कहा गया, 'ऑड-ईवन योजना की वजह से प्रदूषण में 5 से 15 प्रतिशत तक गिरावट आई है।'

हरियाणा, पंजाब और यूपी के मुख्य सचिव सुप्रीमकोर्ट में तलब

सुप्रीमकोर्ट ने दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण पर अंकुश लगाने के लिये उठाए गए कदमों की जानकारी के लिये पंजाब, हरियाणा, उप्र और दिल्ली मुख्य सचिवों को तलब किया है। जस्टिस अरुण मिश्रा और जस्टिस दीपक गुप्ता की पीठ ने कहा कि वायु प्रदूषण कम करने के लिये प्रभावी कदम उठाने चाहिए और दिल्ली में 13 मुख्य स्थानों को प्रदूषकों से मुक्त किया जाना चाहिए।

ऑड-ईवन बढ़ाने पर फैसला सोमवार को

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को कहा कि ऑड-ईवन योजना की अवधि बढ़ाए जाने पर अंतिम फैसला सोमवार को किया जाएगा। उन्होंने कहा, 'हम नहीं चाहते कि लोगों को अनावश्यक असुविधा हो। जरूरत होने पर ही योजना बढ़ाएंगे।'

शिवसेना-राकांपा-कांग्रेस का गठजोड़ ले रहा आकार/शरद पवार बोले

सरकार बनेगी, पांच साल चलेगी

नागपुर/मुंबई, 15 नवंबर (एजेंसी)

एनसीपी प्रमुख शरद पवार

महाराष्ट्र में शिवसेना-राकांपा-कांग्रेस का गठबंधन साकार होता दिख रहा है। राकांपा नेता शरद पवार ने शुक्रवार को घोषणा की कि सरकार बनेगी और पांच साल का कार्यकाल पूरा करेगी। महाराष्ट्र में पहली बार ऐसा प्रयोग हो रहा है जब अलग-अलग विचारधारा के ये दल सरकार बना रहे हैं जिसका नेतृत्व शिवसेना करेगी। तीनों दलों ने साझा न्यूनतम कार्यक्रम (सीएमपी) का मसौदा तैयार कर लिया है जिससे राज्य में उनके गठबंधन का एजेंडा निर्धारित होगा।

राकांपा अध्यक्ष शरद पवार ने महाराष्ट्र में मध्यावधि चुनाव की संभावना को खारिज करते हुए शुक्रवार को कहा कि राज्य में शिवसेना-राकांपा-कांग्रेस की सरकार बनेगी और यह पांच साल का कार्यकाल पूरा करेगी। पवार ने नागपुर में पत्रकारों से कहा कि मध्यावधि चुनाव की कोई आशंका नहीं है। उधर पवार के सहयोगी और राकांपा के मुख्य प्रवक्ता नवाब मलिक ने मुंबई में कहा, 'मुख्यमंत्री शिवसेना का होगा। मुख्यमंत्री पद के मुद्दे पर ही उसने महायुति को छोड़ा है। उनकी भावनाओं का सम्मान करना हमारी जिम्मेदारी है।'

मुंबई में बृहस्पतिवार को हुई बैठक में कांग्रेस , राकांपा और शिवसेना के नेताओं ने सीएमपी का मसौदा तैयार किया जिसे तीनों दलों के आला नेताओं को मंजूरी के लिए भेजा जाएगा। शिवसेना प्रवक्ता संजय राउत ने मुंबई में संवाददाताओं से कहा कि महाराष्ट्र में अगली सरकार उनकी पार्टी की अगुवाई वाली होगी। उद्धव ठाकरे की अगुवाई वाली पार्टी अगले 25 साल महाराष्ट्र में सरकार चलाएगी, केवल पांच साल नहीं। उन्होंने कहा, 'कांग्रेस और राकांपा से साझा न्यूनतम कार्यक्रम पर बातचीत चल रही है। शासन के लिए एजेंडा जरूरी है। क्या शिवसेना, कांग्रेस-राकांपा के साथ गठजोड़ के बाद हिंदुत्व विचारक वीर सावरकर को भारत रत्न प्रदान किये जाने की मांग छोड़ देगी और मुस्लिम आरक्षण को मंजूर करेगी, राउत ने कहा, 'हम इस तरह की अटकलों के स्रोत जानते हैं।' इस बीच पता चला है कि पवार 17 नवंबर को दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी से मुलाकात कर सकते हैं जहां सरकार गठन पर अंतिम फैसला लिया जा सकता है।

कांग्रेस-राकांपा ने राज्यपाल से समय मांगा

कांग्रेस-राकांपा के एक प्रतिनिधिमंडल ने महाराष्ट्र के राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी से शनिवार को मिलने का समय मांगा है। यह जानकारी देते हुए पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस नेता पृथ्वीराज चव्हाण ने अगर हमें मुलाकात का समय दिया जाता है तो राज्यपाल के साथ मौजूदा राजनीतिक स्थिति पर चर्चा नहीं बल्कि सिर्फ किसानों के मुद्दों पर चर्चा करेंगे, इसके लिये मांगा गया है।

गुरु के दर पर...



अमृतसर में शुक्रवार को बॉलीवुड हीरोइन दीपिका पादुकोण अपनी शादी की पहली वर्षगांठ पर पति एवं एक्टर रणवीर सिंह के साथ स्वर्ण मंदिर में माथा टेकने आयीं। -सुनील कुमार

संसद की स्थायी समिति को गृह मंत्रालय ने बताया

कश्मीर में सुधर रहे हालात, नेताओं की रिहाई की समयसीमा नहीं

नयी दिल्ली, 15 नवंबर (एजेंसी)

गृह मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने शुक्रवार को संसद की एक समिति को बताया कि केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में हालात सामान्य हो रहे हैं तथा पूर्व मुख्यमंत्री सहित हिरासत में लिए गए नेताओं को रिहा किया जा रहा है, लेकिन इसके लिए उन्होंने कोई समय सीमा उन्होंने नहीं बताई।

सूत्रों के अनुसार कांग्रेस नेता आनंद शर्मा की अध्यक्षता वाली गृह मामलों की संसद की स्थायी समिति को गृह सचिव अजय कुमार भल्ला, मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव ज्ञानेश कुमार और अन्य अधिकारियों ने केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के हालात से अवगत कराया।

लोकसभा और राज्य सभा के सदस्यों ने सरकार के शीर्ष अधिकारियों से हिरासत में लिए गए नेताओं खासतौर पर 3 बार के मुख्यमंत्री एवं श्रीनगर से सांसद फारूख अब्दुल्ला के बारे में सवाल किए जिन्हें 17 सितंबर को जन सुरक्षा कानून के तहत हिरासत में लिया गया था। अधिकारियों ने कहा कि जिन्हें पीएसए के तहत हिरासत में लिया गया है वे इसे अधिकृत न्यायाधिकरण में चुनौती दे सकते हैं। उसके आदेश से अंसतुष्ट होने पर हाईकोर्ट का रुख कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि कश्मीर में अब्दुल्ला एकमात्र राजनीतिक नेता हैं जिन्हें पीएसए कानून के तहत हिरासत में रखा गया है।

यह नजारा शुक्रवार को श्रीनगर के प्रसिद्ध लालचौक का है। - प्रेट्र

महबूबा सरकारी आवास में स्थानांतरित

श्रीनगर : जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती को शुक्रवार को जबरवान रेंज की तलहटी के एक पर्यटक आवास से यहां एक सरकारी आवास में स्थानांतरित किया गया। अधिकारियों ने कहा कि इस कदम की जरूरत इसलिए पड़ी क्योंकि सर्दियां नजदीक आ रही हैं। बिजली गुल होने से भी दिक्कत हो रही है। उन्हें पहले पर्यटक आवास में रखा गया था। इस आवास को जेल में तब्दील कर दिया गया था।

अमेरिकी कांग्रेस आयोग की सुनवाई लगभग नाकाम

वाशिंगटन (एजेंसी) : जम्मू-कश्मीर में मानवाधिकार की स्थिति पर अमेरिकी कांग्रेस आयोग की सुनवाई लगभग नाकाम रही क्योंकि पैनल के 84 सदस्यों में से केवल चार ही सुनवाई के लिए पेश हुए। अमेरिकी पैनल की यह दूसरी बैठक थी।

कल रिटायर हो जाएंगे सीजेआई गोगोई

सुप्रीमकोर्ट परिसर में शुक्रवार को विदाई कार्यक्रम में सीजेआई रंजन गोगोई और नव नियुक्त सीजेआई एसए बोबडे। - प्रेट्र

नयी दिल्ली (एजेंसी) : भारत के चीफ जस्टिस (सीजेआई) रंजन गोगोई का शुक्रवार यानी 15 नवंबर अंतिम कार्य दिवस था। वह रविवार 17 नवंबर को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। शुक्रवार को सुप्रीमकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश खन्ना ने सीजेआई के प्रति आभार व्यक्त किया। जस्टिस गोगोई को 'सुप्रीमकोर्ट बार एसोसिएशन' ने एक सादे समारोह में विदाई दी। कार्यक्रम में नव नियुक्त चीफ जस्टिस एसए बोबड़े, जस्टिस रमण एवं अटार्नी जनरल केके वेणुगोपाल और सॉलीसीटर जनरल तुषार मेहता भी मौजूद रहे।

यहां उल्लेखनीय है कि जस्टिस गोगोई की अध्यक्षता वाली पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने 9 नवंबर को अयोध्या भूमि विवाद का पटाक्षेप कर दिया। जस्टिस गोगोई उन चार वरिष्ठतम न्यायाधीशों में शामिल थे जिन्होंने संवाददाता सम्मेलन कर तत्कालीन चीफ जस्टिस (जस्टिस दीपक मिश्रा) के कामकाज के तरीके पर सवाल उठाये थे। शुक्रवार को उन्होंने हाईकोर्ट एवं उसकी खंडपीठों के 650 जजों और देश भर के 837 जिला एवं तालुका अदालतों के करीब 15,000 न्यायिक अधिकारियों को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये संबोधित कर इतिहास रच दिया।

मानहानि मामला : विज के खिलाफ अदालत में पेश नहीं हुए दुष्यंत

दवा घोटाला उजागर करने पर बताया था नशेड़ी

हिसार, 15 नवंबर (हप्र)

दवा घोटाला उजागर करने पर हिसार के तत्कालीन सांसद को नशेड़ी बताने के मामले में अनिल विज के बयान के खिलाफ दायर मानहानि की सुनवाई के दौरान उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला शुक्रवार को अदालत में पेश नहीं हुए। उन्होंने पिछले साल 7 जुलाई को यह मामला दायर किया था। मामले की अगली सुनवाई 7 फरवरी को होगी।

मामले के अनुसार, 18 मार्च, 2018 को दुष्यंत ने स्वास्थ्य विभाग में करोड़ों रुपये की दवा एवं उपकरण की खरीद मामले में चंडीगढ़ में प्रेस कान्फ्रेंस कर सबूतों के साथ घोटाले के आरोप लगाए थे। इसके बाद, प्रदेश के तत्कालीन स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने 3 अप्रैल, 2018 को दुष्यंत को पत्रकार वार्ता में नशेड़ी कहते हुए उन्हें नशा मुक्ति केंद्र से इलाज करवाने की सलाह दी थी। दुष्यंत ने मामले को मानहानि माना और स्वास्थ्य मंत्री को नोटिस जारी कर सार्वजनिक रूप से माफी मांगने को कहा था, लेकिन विज की ओर से इसका कोई जवाब नहीं आया। इसके बाद, दुष्यंत ने अदालत में स्वास्थ्य मंत्री के खिलाफ केस दर्ज करवाया था।

अदालत में बयान के बाद ही वापस होगा केस: संधीर

उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला के वकील पीके संधीर ने बताया कि शुक्रवार को दुष्यंत अदालत में हाजिर नहीं हो पाए। इससे उनकी हाजिरी माफी का आवेदन लगाया है। 7 फरवरी को मामले की सुनवाई होगी। उन्होंने कहा कि केस वापसी के निर्देशों पर कोई बात नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि यदि केस वापस भी लेना है तो दुष्यंत को अदालत में आकर बयान दर्ज करवाने होंगे।

अब तक की सुनवाई

- 14 अगस्त, 2018 को दुष्यंत ने बयान दर्ज करवाए
- 15 सितंबर, 2018 को 2 गवाह सहवीर सिंह और सुखराज सिंह के बयान दर्ज हुए
- 30 नवंबर, 2018 को एक और गवाह के बयान दर्ज हुए
- 11 फरवरी, 2019 को 2 और गवाह दीपक भारद्वाज व प्रमोद जैन के बयान दर्ज हुए
- 19 मार्च, 19 अप्रैल, 10 मई, 20 जुलाई, 19 सितंबर, 18 अक्तूबर और अब 15 नवंबर को सुनवाई हुई, लेकिन शिकायतकर्ता अदालत में पेश नहीं हुए और बहस भी नहीं की।

किसानों को राहत

बिजली बकाया पर जुर्माने में छूट

चंडीगढ़, 15 नवंबर (ट्रिन्यू)

हरियाणा सरकार ने जुर्माना माफी योजना-2019 शुरू की है। किसान 31 मार्च, 2019 तक ट्यूबवेल बिजली कनेक्शनों के बकाया बिलों पर जुर्माना राशि को छोड़कर मूल राशि जमा करवा सकते हैं। यह योजना 30 नवंबर तक लागू रहेगी।

जिन किसानों का ट्यूबवेल बिजली कनेक्शन 2 साल में कटा है, उन्हें बिना जुर्माने के सिर्फ बकाया जमा करवानी होगी। री-कनेक्शन की फीस जमा करवाने पर उनका कनेक्शन चालू कर दिया जायेगा। दो साल से भी पुराने कटे कनेक्शनों की बकाया मूल राशि देने पर नया आवेदन कर सकेंगे।

ताऊ बोल्या संदीप जोशी

काम न करने वाले ले लें वीआरएस : विज

घर संभालते ए क्यूं बेघर करण चाल्या सै, बाबाजी।

10 साल तक का मल्टीपल वीज़ा
कैनेडा
यु.के. आस्ट्रेलिया
बिना राहदारी
अकेले, फैमली या दोस्त अप्लाई करें
VISA HELP सैक्टर 43-B
Registration No.CH/SECTOR-43/2018-19/1
एस.सी.ओ. 144-145, नज़दीक बस स्टैंड, चंडीगढ़
☎ 88920-50000

चंडीगढ़ में शुक्रवार को कार्यभार संभालने के मौके पर (बाएं से) सहकारिता मंत्री डा. बनवारी लाल, शिक्षा मंत्री कंवर पाल गुर्जर, महिला एवं बाल विकास मंत्री कमलेश ढांडा, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्यमंत्री ओमप्रकाश यादव और खेल एवं युवा मामले मंत्री संदीप सिंह। -ट्रिन्यू

शपथ लेने के 19 दिन बाद मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठे खट्टर

पहले खुद संभाली कुर्सी, फिर मंत्रियों को बिठाया चेयर पर

सभी के कार्यालय में जाकर खिलाये लड्डू, कराया मुंह मीठा

चंडीगढ़, 15 नवंबर (ट्रिन्यू)

हरियाणा की नयी सरकार अब रफ्तार पकड़ती नजर आ सकती है। शुक्रवार को सीएम मनोहर लाल खट्टर ने पहले खुद कामकाज संभाला और इसके बाद अपनी नयी टीम को कार्यभार संभलवाया। सीएम ने लगातार दूसरी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ तो 27 अक्तूबर को ग्रहण कर ली थी, लेकिन वे अब तक अपनी कुर्सी पर नहीं बैठे थे।

बृहस्पतिवार को कैबिनेट विस्तार के बाद ही सीएम ने यह तय कर लिया था कि शुक्रवार को सभी मंत्रियों को उनका कामकाज भी संभलवा दिया जाएगा। इसी कड़ी में बृहस्पतिवार को ही सीएम के प्रधान सचिव राजेश खुल्लर ने सभी नये मंत्रियों को उनके कार्यालय के लिए हरियाणा सिविल सचिवालय में दफ्तर अलॉट कर दिये थे। सीएम ने सभी मंत्रियों को सुबह 11 बजे अपने कार्यालय में बुलाया।

यहां सीएम ने सबसे पहले अपना कार्यभार ग्रहण किया। इसके बाद एक-एक करके वे सभी कैबिनेट व राज्य मंत्रियों को साथ लेकर उनके (मंत्रियों) के कार्यालयों में पहुंचे। यहां सीएम ने नये मंत्रियों को लड्डू खिलाकर उनका मुंह मीठा करवाया और फिर उन्हें कुर्सी पर बैठाया। इस दौरान मुख्य सचिव केशनी आनंद अरोड़ा भी उनके साथ मौजूद रहीं। मुख्यमंत्री ने मंत्रियों को भी प्रोटोकॉल के हिसाब से कार्यभार ग्रहण करवाया। सबसे पहले, उन्होंने राज्य के नये गृह मंत्री अनिल विज को कामकाज संभलवाया। सीएम जब विज को साथ लेकर उनके कमरे में पहुंचे तो विज ने सीएम को अपनी कुर्सी पर बैठाने की कोशिश की, लेकिन सीएम ने उन्हें यह कहते हुये इनकार कर दिया कि इस पर उनका (विज) का ही अधिकार है। इसके बाद खट्टर ने शिक्षा मंत्री कंवरपाल गुर्जर, फिर परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा, बिजली मंत्री चौ. रणजीत सिंह, कृषि मंत्री जेपी दलाल और सहकारिता मंत्री डॉ. बनवारी लाल को कामकाज ग्रहण करवाया। इसी तरह से उन्होंने सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्यमंत्री ओमप्रकाश यादव, महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री कमलेश ढांडा व खेल एवं युवा मामले मंत्री संदीप सिंह को कार्यभार ग्रहण करवाया।

चंडीगढ़ में शुक्रवार को परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा को कार्यभार ग्रहण करवाते सीएम मनोहर लाल खट्टर।

सोमवार को मंत्रिमंडल की पहली बैठक

नये मंत्रियों को मिलेगा पूरा सहयोग : खट्टर

चंडीगढ़, 15 नवंबर (ट्रिन्यू)

हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने शुक्रवार को अपनी टीम को सबसे बेहतर करार देते हुए कहा कि नये मंत्रियों का सरकार द्वारा हर संभव सहयोग किया जाएगा। प्रदेश के सभी मंत्रियों को आज उनके कार्यालय में पदभार ग्रहण करवाने के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए मनोहर लाल खट्टर ने कहा कि मौजूदा सरकार ने में 2 मंत्री पुराने हैं और बाकी सभी नये हैं। इसके अलावा, कंवरपाल गुर्जर पहले भी सरकार का हिस्सा रहे हैं। चौधरी रणजीत सिंह लंबे समय के बाद सरकार में आए हैं, लेकिन उन्हें राजनीति का अच्छा अनुभव है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नये मंत्रियों को हरियाणा सरकार की तरफ से पूरा सहयोग दिया जाएगा। आज सभी मंत्रियों ने कार्यभार संभाल लिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अनिल विज और डा. बनवारी लाल पहले भी सरकार का हिस्सा रहे हैं। नये मंत्रियों को अपना कामकाज संभालने और उसे सुचारू बनाने में कुछ समय लगेगा। उन्होंने बताया कि सोमवार को मंत्रिमंडल की पहली बैठक बुलाई है।

इससे पहले, एक बैठक पहले दिल्ली में हो चुकी है, लेकिन पूरी सरकार के गठन के बाद सोमवार को पहली बैठक होने जा रही है। माना जा रहा है कि इस बैठक में मंत्रिमंडल कई अहम फैसले कर सकती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अगर जरूरत पड़ती है तो मैं खुद नये मंत्रियों के साथ अलग से बैठक करके उनके विभागों के कामकाज को सुचारू बनाने के लिए प्रयास करूंगा।

सचिवालय में लौटी रौनक

करीब 2 महीने बाद सचिवालय में रौनक लौटी है। मंत्रियों का गलियारा यानी सचिवालय की आठवीं मंजिल पर शुक्रवार को भीड़ देखने को मिली। कई पूर्व मंत्रियों, पूर्व विधायकों के अलावा बोर्ड-निगमों व आयोग के चेयरमैन के अलावा आम लोग नये मंत्रियों को बधाई देने पहुंचे हुये थे। इससे पहले पूरी सरकार विधानसभा चुनावों में व्यस्त रही। कैबिनेट विस्तार भी 17 दिन की देरी से हुआ। ऐसे में सचिवालय में सन्नाटा ही रहता था।

चार्ज लेते ही सबने बतायीं प्राथमिकताएं

लाइन लॉस शब्द को बिजली निगम से हटा दूंगा : रणजीत

चंडीगढ़, 15 नवंबर (ट्रिन्यू)

हरियाणा के बिजली मंत्री चौ. रणजीत सिंह का मानना है कि बिजली की चोरी आम घरों की बजाय इंडस्ट्री में अधिक होती है। इस पर सख्ती की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश के गांवों की ढाणियों तक बिजली पहुंचना उनकी प्राथमिकता रहेगी। इसके लिए सरकार द्वारा शुरू की गई सोलर योजना को सिरे चढ़ाया जाएगा। कार्यभार संभालने के बाद मीडिया से रूबरू हुये रणजीत सिंह ने कहा कि अब पुराने अनुभव काम आएंगे। दरअसल, रणजीत देवीलाल सरकार में कृषि तथा आबकारी एवं कराधान मंत्री रह चुके हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बिजली की कोई कमी नहीं है। लाइन लॉस से जुड़े सवाल पर उन्होंने कहा कि मैं इस शब्द को ही विभाग से निकाल देना चाहता हूं। किसी तरह का भी नुकसान नहीं रहेगा। उन्होंने कहा कि काम करने वाले अधिकारियों को प्रमोट करेंगे और नहीं करने वालों के खिलाफ कार्रवाई से पीछे नहीं हटेंगे।

किसानों को उपलब्ध कराएंगे मार्केट : दलाल

राज्य के कृषि व पशुपालन मंत्री जयप्रकाश दलाल ने कहा कि किसानों को परंपरागत खेती की बजाय विविधीकरण की ओर बढ़ना होगा। हार्टिकल्चर, पशुपालन, मछली पालन सहित कई ऐसे सेक्टर हैं, जो किसानों की आमदन बढ़ाने में कारगर सिद्ध होंगे। गन्नौर के मंडी टर्मिनल को पूरा करवाना प्राथमिकता रहेगी।

बेहतर होंगी परिवहन सेवाएं : मूलचंद शर्मा

परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि प्रदेश में परिवहन सेवाओं को बेहतर बनाया जाएगा। विभाग के कर्मचारियों की लंबित मांगों से जुड़े सवाल पर उन्होंने कहा कि अभी तो मैंने दफ्तर का काम ही संभाला है। अगले सप्ताह सभी विभागों की बैठक बुलाई जाएगी।

गांवों के स्कूलों में दूर होगी शिक्षकों की कमी : गुर्जर

शिक्षा मंत्री कंवरपाल गुर्जर के एजेंडे में ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूल टॉप पर हैं। वे मानते हैं कि गांवों के स्कूलों में शिक्षकों की कमी है। इसे जल्द पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पूर्व के शिक्षा मंत्री ने काफी सुधार किये। अब उन्हें आगे बढ़ाया जाएगा।

घाटे से बाहर आएंगी सहकारी समितियां : बनवारी लाल

सहकारिता तथा एससी-बीसी विकास मंत्री डॉ. बनवारी लाल ने कहा कि वे किसानों की बेहतरी के लिए काम करेंगे। उन्होंने कहा कि विभाग के अधीन आने वाली सहकारी समितियों के घाटे को दूर करने की कोशिश रहेगी।

दक्षिण हरियाणा को पानी दिलाएंगे : ओपी यादव

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्यमंत्री (स्वंतत्र प्रभार) ओमप्रकाश यादव ने कहा कि वे अपने विभाग के साथ-साथ दक्षिण हरियाणा की अन्य समस्याओं को भी सुलझाना चाहते हैं। उनकी प्रमुखता दक्षिण हरियाणा को सिंचाई तथा पीने योगय पानी दिलाने की होगी। यादव ने कहा कि दक्षिण हरियाणा का अधिकांश इलाका डार्क जोन में आ चुका है।

राजनीति में भी खेलूंगा अच्छी पारी : संदीप सिंह

युवा खेल एवं युवा मामलों के राज्यमंत्री संदीप सिंह ने कहा कि खिलाड़ियों को बेहतर माहौल और सुविधाएं दी जाएंगी। उन्होंने कहा कि खेल मेरी रग-रग में है। मैं खिलाड़ियों की दिक्कतों को अच्छे से समझता हूं। मेरी कोशिश रहेगी कि खिलाड़ियों को शुरूआती समय में ही मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर मिले।

महिला सुरक्षा पर रहेगा फोकस : कमलेश ढांडा

महिला एवं बाल विकास मंत्री कमलेश ढांडा ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा उनकी प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने कहा कि मैं खुद ग्राउंड में उतरूंगी और महिलाओं को जागरूक किया जाएगा। योजनाओं का लाभ दिलाया जाएगा।

महेंद्रगढ़ में बोले उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला

पाठ्यक्रम में शामिल हो जलवायु परिवर्तन

महेन्द्रगढ़ के हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में शुक्रवार को सम्मेलन में स्मारिका का विमोचन करते दुष्यंत चौटाला, कुलपति व अन्य। -निस

नारनौल/महेन्द्रगढ़, 15 नवंबर (हप्र/निस)

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ में आयोजित भारतीय जीवाणुतत्ववेत्त संगठन के 60वें सम्मेलन में प्रदेश के उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि जलवायु परिवर्तन को पाठ्यक्रम में जगह दी जानी चाहिए, जिससे विद्यार्थियों को इसके प्रति जागरूक किया जा सके। सम्मेलन के उद्घाटन पर उन्होंने पर्यावरण के समक्ष मौजूद चुनौतियों पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय इस कोशिश से पहल कर सकता है। इससे पहले उन्होंने विश्वविद्यालय के नये प्रशासनिक खंड का उद्घाटन क्षेत्रीय सांसद धर्मबीर सिंह व विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आरसी कुहाड़ के साथ किया। सम्मेलन के दौरान उन्होंने कहा कि 4 साल पहले संसद सदस्य के रूप में जब वे यहां आये थे तो यहां धूल उड़ती थी, लेकिन अब इसकी सफलता की कहानी ही कुछ और है। इस मौके पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. कुहाड़, गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार के पूर्व कुलपति डॉ. केसी बांगड़ एएमआई के अध्यक्ष प्रो. जेएस विर्दी मौजूद रहे।

कनीना (निस) : दुष्यतं चौटाला शुक्रवार को कनीना पहुंचे। पूर्व सीपीएस अनिता यादव व उनके बेटे सम्राट के नेतृत्व में लोगों ने उनका स्वागत किया। दुष्यतं ने कहा कि प्रदेश का एक समान विकास कराया जायेगा।

प्रदेशभर में एचटेट परीक्षा आज से

भिवानी, 15 नवंबर (हप्र)

प्रदेशभर में हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा (एचटेट) शनिवार से शुरू हो रही है। यह परीक्षा हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड करायेगा। शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन डॉ. जगबीर सिंह ने बताया कि प्रदेशभर में 2 दिन तक यह परीक्षा होगी। उन्होंने कहा कि परीक्षा की पवित्रता बनी ही रहे साथ ही वायु प्रदूषण को कम करने के लिए अधिकारियों, कर्मचारियों ने हवन करवाया है।

उन्होंने कहा कि परीक्षा के लिए प्रदेशभर में सेंटर बनाए गए हैं। इस दौरान कड़ी सुरक्षा के बंदोबस्त किए गए हैं। परीक्षा केंद्रों में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं।

रिश्तेदारों के साथ रामबिलास

पूर्व शिक्षा मंत्री रामबिलास शर्मा शुक्रवार को चंडीगढ़ में अपने रिश्तेदारों के साथ नजर आए। परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा के चारों भाइयों ने उनसे मुलाकात की। दरअसल, रामबिलास और मूलचंद आपस में समधी हैं। मूलचंद के 3 बड़े भाइयों प्रेमचंद, ताराचंद व टीपरचंद के साथ छोटे कर्मचंद भी मौजूद रहे। -ट्रिन्यू

गृह मंत्रालय संभालते ही अनिल विज बोले...

काम न करने वाले ले लें वीआरएस, जूतों के फीते कसकर हो जाएं चुस्त

चंडीगढ़, 15 नवंबर (ट्रिन्यू)

'गब्बर इज बैक'। अपने चिर-परिचित अंदाज में इसी डायलॉग के साथ राज्य के नये गृह मंत्री अनिल विज ने शुक्रवार को अपना कार्यभार संभाला। साथ ही, उन्होंने अधिकारियों को भी दो-टूक संदेश दिया कि अब ढिलाई सहन नहीं होगी। पुलिस विभाग को चुस्त-दुरुस्त करने का दम भरते हुए विज ने कहा कि पुलिस जवानों को अब अपने जूतों के फीते कस लेने चाहिएं।

कार्यभार संभालने के बाद मीडिया से बातचीत में विज ने कहा कि ना मैं बदला हूं और ना ही बदलूंगा। अब तो बदलने की उम्र भी नहीं है, लेकिन उन लोगों को जरूर बदल दूंगा, जो काम के प्रति लापरवाह हैं। उन्होंने कहा कि बेवजह किसी को तंग नहीं किया जाएगा। ईमानदार और कर्मठ लोगों को घबराने की जरूरत नहीं है। उनके साथ नाइंसाफी नहीं होगी। अच्छा काम करने वालों को इनाम मिलेगा।

बढ़ते अपराध पर विज ने कहा कि अभी काम संभाला है। पहले सही से विभाग को समझूंगा। अधिकारियों की बैठक बुलाई है। इस मुद्दे पर बात करूंगा। उनका काम करने का तरीका देखूंगा। अगर जरूरत महसूस हुई तो बदलाव भी होगा। इतनी गारंटी प्रदेश के लोगों को दे सकता हूं कि उनके लिए मेरे दरवाजे 24 घंटे खुले रहेंगे। थोड़ा वक्त दीजिए, जनता में भी पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ेगा।

पुलिस के संख्याबल पर विज ने कहा कि हर व्यक्ति के साथ पुलिस तो लगाई नहीं जा सकती। अपराधियों में पुलिस का खौफ होना चाहिए, मेरी कोशिश इसे ही बहाल करने की रहेगी। अधिकारियों व कर्मचारियों को नसीहत देते हुए विज ने कहा, एक बार प्यार से समझाऊंगा। मान गये तो सही, नहीं तो फिर नपेंगे। लापरवाह कर्मचारियों को तो मेरी यही सलाह है कि वे या तो सुधर जाएं, नहीं तो वीआरएस लेकर घर बैठ जाएं।

गृह मंत्री ने कहा कि राज्य को नशामुक्त बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि मेरा पहला कार्य लोगों में पुलिस के प्रति विश्वास पैदा करना होगा। इसके लिए वे पुलिस प्रशासन की सभी जरूरतों को पूरा करेंगे तथा कमियों को दूर करेंगे।

स्वास्थ्य सेवाओं में होगा सुधार

पहले कार्यकाल में भी विज के पास स्वास्थ्य मंत्रालय था और इस बार भी उन्हें गृह के साथ स्वास्थ्य विभाग मिला है। विज का कहना है कि स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए शुरू की गई परियोजनाओं को पूरा किया जाएगा। पहले से ही कई नये आइडिया दिमाग में हैं। उन्हें लागू किया जाएगा।

शहरी विकास पर रहेगा फोकस : सरकार ने शहरी स्थानीय निकाय मंत्रालय का जिम्मा भी विज को ही सौंपा है। विज यह स्वीकार करने में नहीं चूके कि इस विभाग में बड़े खेल हैं। उन्होंने कहा, कई जगहों पर लीकेज है, जिसे पूरी तरह से बंद किया जाएगा। विभाग के आला अधिकारियों को तलब कर लिया गया है। विभाग का पूरा कामकाज समझा जाएगा। जल्द ही कई नये बदलाव विभाग में देखने को मिलेंगे।

चंडीगढ़ में शुक्रवार को पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर ने अनिल विज को बधाई दी कुछ इस तरह। -ट्रिन्यू

चालती चाक्की — सत्यवीर नाहड़िया

लड़ी लड़ाई खूब थी, दिया खास बलिदान।
नारनौल कै लागता, नसीबपुर मैदान।
नसीबपुर मैदान, बात या सत्तावन की।
योद्धा पांच हजार, लगा ग्ये बाज्जी तन की।
राव तुला-गोपाल, गुलामी कोन्यी ध्याई।
न्यूं गोरां कै गैल, आज दिन लड़ी लड़ाई।।

epaper.dainiktribuneonline.com

विपक्ष के नेता को मिला कैबिनेट मंत्री का रैंक, कोठी भी मनपसंद/ नये मंत्रियों को भी मिले सरकारी बंगले

हुड्डा का नया आशियाना, कोठी नंबर-70

दिनेश भारद्वाज/ट्रिन्यू
चंडीगढ़, 15 नवंबर

सेक्टर-7 की कोठी नंबर-70 अब पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा का नया ठिकाना होगा। शुक्रवार को राज्य सरकार ने उनके नाम यह कोठी अलॉट करने के आर्डर जारी किये। विधानसभा में विपक्ष के नेता होने के नाते हुड्डा को यह सरकारी कोठी दी गई है। हुड्डा को कैबिनेट मंत्री का रैंक और सभी सुविधाएं मुहैया करवाई हैं। उन्हें कैबिनेट मंत्रियों को मिलनी वाली गाड़ी, सिक्योरिटी व स्टॉफ भी उपलब्ध कराया जा चुका है।

वहीं, दूसरी ओर सरकार ने अपने सभी नये मंत्रियों को भी सरकारी बंगले अलॉट कर दिये हैं। बिजली मंत्री चो. रणजीत सिंह के कद का ध्यान रखा है। उन्हें मुख्यमंत्री आवास से सटी सेक्टर-3 की कोठी नंबर-32 अलॉट की गई है। यह कोठी पहले पूर्व शिक्षा मंत्री प्रो. रामबिलास शर्मा के पास थी।

उपमुख्यमंत्री दुष्यंत सिंह चौटाला को सरकार पहले ही सेक्टर-2 की कोठी नंबर-48 अलॉट कर चुकी है। पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु के पास यह कोठी हुआ करती थी।

इसी तरह परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा को सेक्टर-7 की कोठी नंबर 75 अलॉट की गई है। खट्टर सरकार के पहले कार्यकाल में शहरी स्थानीय निकाय तथा महिला एवं बाल विकास मंत्री कविता जैन के पास यह कोठी हुआ करती थी।

इसी सेक्टर की कोठी नंबर-68 सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री ओमप्रकाश यादव के पास होगी। पहले इस कोठी में राज्य के पूर्व समाज कल्याण राज्य मंत्री कृष्ण कुमार बेदी रहा करते थे।

पूर्व श्रम एवं रोजगार मंत्री नायब सिंह सैनी की खाली कोठी भी सरकार ने अलॉट कर दी है। सेक्टर-7 की यह कोठी नंबर-76 अब पुरातत्व एवं संग्रहालय राज्य मंत्री अनूप धानक के पास रहेगी। धानक को श्रम एवं रोजगार मंत्रालय में डिप्टी सीएम दुष्यंत सिंह चौटाला ने अपने साथ अटैच भी किया है।

पूर्व खाद्य एवं आपूर्ति राज्य मंत्री कर्णदेव काम्बोज के नाम अलॉट रही कोठी नंबर-72 अब खेल एवं युवा मामले राज्य मंत्री संदीप सिंह को दी गई है। सेक्टर-7 की इन्हीं कोठियों में राज्य सरकार के अधिकांश मंत्री रहा करते थे। चुनाव में समीकरण ऐसे बने कि मंत्री मोहल्ला में रहने वाले सभी मंत्री चुनाव हार गये। अधिकांश पूर्व मंत्री अपना सामान पैक कर चुके हैं। अब सप्ताह-दस दिन में वे इन कोठियों को खाली भी कर देंगे।

चंडीगढ़ में सेक्टर-7 स्थित कोठी नंबर 70 अब पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा को अलॉट की गयी है। -ट्रिन्यू

कोठी नंबर-79 से तोबा-तोबा

सेक्टर-7 की कोठी नंबर-79 से राज्य सरकार के अधिकांश मंत्रियों ने तोबा कर ली है। इस कोठी को 'अशुभ' माना जाता है। दरअसल, इस कोठी में जितने भी मंत्री रहे, वे अगली बार विधानसभा नहीं पहुंच सके। खट्टर सरकार के पहले कार्यकाल में परिवहन मंत्री रहे कृष्णलाल पंवार के पास यह कोठी थी। वे इस बार चुनाव हार गये। उनसे पहले हुड्डा सरकार के दोनों कार्यकाल के दौरान इस कोठी में पूर्व शिक्षा मंत्री फूलचंद मुलाना रहे, लेकिन वे भी दोबारा विधानसभा नहीं पहुंचे। देवीलाल सरकार में कैबिनेट मंत्री रही स्व सुषमा स्वराज भी इस कोठी में रहीं लेकिन अगला चुनाव वे भी नहीं जीत पाईं। हालांकि पूर्व में आये मंत्रियों ने इस कोठी में आने से पहले हवन-यज्ञ भी करवाये लेकिन फिर भी बात नहीं बनी। ऐसे में इस बार नये मंत्रियों ने पहले ही सरकार को कह दिया था कि उन्हें कोठी नंबर-79 न दी जाए। फिलहाल, यह कोठी खाली ही है और यह देखना रोचक रहेगा कि अब सरकार का कौनसा प्रतिनिधि इस कोठी में रुकने की 'हिम्मत' जुटाता है।

दलाल का बड़ा आवास

कृषि मंत्री जयप्रकाश दलाल को भी बड़ी कोठी अलॉट की है। उन्हें सेक्टर-16 की कोठी नंबर-239 दी गई है। यह कोठी खट्टर सरकार के पहले कार्यकाल में राज्य के पीडब्ल्यूडी मंत्री रहे राव नरबीर सिंह के पास थी। उधर, कैबिनेट मंत्री डॉ बनवारी लाल पहले की तरह सेक्टर-5 की कोठी नंबर-52 में ही रहेंगे। मनीष कुमार ग्रोवर की कोठी नंबर-73 अब महिला एवं बाल विकास मंत्री कमलेश ढांडा को अलॉट की गई है।

यहां पहले रहते थे विपुल गोयल

हुड्डा को अलॉट की गई कोठी में पहले राज्य में उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री विपुल गोयल रहा करते थे। यह कोठी हुड्डा की पसंदीदा है। पूर्व मुख्यमंत्री होते हुये खट्टर सरकार के पहले कार्यकाल में शुरू के करीब एक वर्ष वे इस कोठी में रहे। हुड्डा सरकार में ही पूर्व मुख्यमंत्रियों को कैबिनेट रैंक और कैबिनेट मंत्री वाली सुविधाएं देने का फैसला हुआ था। खट्टर सरकार ने सत्ता में आने के करीब एक वर्ष बाद कैबिनेट के इस फैसले को वापस ले लिया था। ऐसे में हुड्डा को यह कोठी खाली करनी पड़ी। हुड्डा सरकार के दौरान इस कोठी में उनके प्रिंसिपल ओएसडी महेंद्र सिंह चोपड़ा रहा करते थे। स्व चौ देवीलाल के सीएम रहते हुये डॉ केवी सिंह भी उनके ओएसडी के नाते इस कोठी में रह चुके हैं।

10वीं, 12वीं के लिए सीबीएसई की नयी मार्किंग स्कीम

अब टोटल नहीं, थ्योरी, इंटरनल एसेस्मेंट, प्रैक्टिकल में अलग-अलग पास होना जरूरी

नरेन्द्र ख्यालिया/निस
हिसार, 15 नवंबर

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने नई मार्किंग स्कीम जारी की है, जिसके तहत परीक्षार्थियों को अब टोटल मार्क्स में पास न होकर थ्योरी, इंटरनल एसेस्मेंट/प्रोजेक्ट व प्रैक्टिकल में अलग-अलग पास होना पड़ेगा। यह नियम फरवरी-मार्च 2020 में होने वाली 10वीं व 12वीं की परीक्षाओं से लागू होगा।

परीक्षा नियंत्रक ने सीबीएसई से मान्यता प्राप्त सभी शिक्षण संस्थाओं के प्राचार्यों व मुखियाओं को पत्र जारी कर कहा है कि फरवरी-मार्च 2020 में होने वाली 10वीं व 12वीं की परीक्षाओं के पेपरों में विद्यार्थियों को अलग-अलग पास होना पड़ेगा, जिसके लिए टोटल में 33 प्रतिशत अंकों के साथ सभी वर्गों जिसमें थ्योरी, प्रैक्टिकल, इनटरनल असेस्मेंट व प्रोजेक्ट शामिल हैं। जबकि फिलहाल टोटल अंकों को मिलाकर संबंधित विषय में छात्र को पास कर दिया जाता है।

12वीं में पास होने के लिए क्राइटेरिया

सर्कुलर में बताया है कि 12वीं की बोर्ड परीक्षा पास होने के लिए विद्यार्थियों को थ्योरी, प्रैक्टिकल, प्रोजेक्ट व इनटरनल परीक्षाओं में 33-33 फीसदी अंक अनिवार्य होगा। इसके अलावा कुल मिलाकर हर विषय में 33 फीसदी अंक लाना में अनिवार्य होगा। प्रैक्टिकल विषय के थ्योरी पेपर में अब छात्र को 30 अंक में से 9, प्रेक्टिकल में 70 में से 23, प्रोजेक्ट में 20 में से 6 और इंटरनल असेस्मेंट में भी 20 अंक में से 6 अंक लेना अनिवार्य किया, जबकि इससे पहले छात्र को 100 में से 33 अंक लेने होते थे।

बोर्ड का फैसला सही

सीबीएसई द्वारा जारी की गई नई मार्किंग स्कीम के बारे में आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य भारत भूषण शर्मा ने पुष्टि करते हुए कहा अब इससे प्रैक्टिकल विषय की महता को बल मिलेगा, जिसे बोर्ड के निर्णय को सही ठहराया है।

प्रदेश सरकार का विशेष कार्यक्रम

तालाबों की चमकेगी किस्मत, दिखेंगे सुंदर

सुरेंद्र मेहता/हप्र
यमुनानगर,15 नवंबर

प्रदेश के तालाबों को विकसित करने के लिए सरकार ने एक विशेष कार्यक्रम चलाया है। इसके तहत अब गांव की प्राचीन धरोहर जोहड़, तालाबों का भी स्वरूप बदला जाएगा ।इसके लिए प्रदेश में तालाब व अपशिष्ट जल प्रबंधन प्राधिकरण का गठन किया गया है। प्राधिकरण के तहत तालाबों की सफाई की जाएगी

गांव में पर्यावरण को बढावा देने के लिए इन तालाबों को फाइव पोंड सिस्टम में विकसित किया जाएगा तथा साथ ही तालाबों में पगडंडी बनाकर पौधरोपण किया जाएगा। प्रदेश में 14000 तालाब हैं। मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार पहले चरण में 4000 तालाबों का सुंदरीकरण एवं विकसित किया जाएगा। तालाब एवं अपशिष्ट जल प्रबंधन प्राधिकरण तथा प्रदेश सरकार के स्वच्छ भारत मिशन स्टेट टास्क फोर्स के सदस्य तेजिंद्र सिंह तेजी ने शुक्रवार को गांव सुढैल व ससोली की तालाबों का अवलोकन करके स्थिति का जायजा लिया। सभी क्षेत्र के लोगों को इस मुहिम के साथ जोड़ा जाएगा।

इस मौके पर पर्यावरण मित्र फाउंडेशन के अध्यक्ष चिराग सिंघल, समाजसेवी फूल कुमार, रमन गौरी, बलिंद्र कुमार सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

'राव इंद्रजीत ने किया अहीरवाल को कमजोर'

रेवाड़ी, 15 नवंबर (निस)

मंत्रिमंडल गठन में सांसद व केंद्रीय राज्यमंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने जिस तरह से दखलंदाजी की है, उससे दक्षिणी हरियाणा न केवल कमजोर हुआ है, बल्कि कमजोर करने की सुनियोजित सोच रही है। ये आरोप पूर्व विधायक रणधीर सिंह कापड़ीवास ने शुक्रवार को लगाए। उन्होंने कहा कि राव इंद्रजीत नहीं चाहते कि कोई विधायक उनसे आगे निकल जाए। मंत्रिमंडल विस्तार में अहीरवाल क्षेत्र की हालत एक तरह से नेतृत्वहीन हो गई है। कापड़ीवास ने कहा कि सांसद ने जो खेल भाजपा की टिकट वितरण में खेला था, वही खेल अब मंत्रिमंडल विस्तार में खेला गया है। पहले यह खेल मनोहर लाल को कमजोर करने के लिए खेला गया था और अब अहीरवाल को कमजोर करने के लिए खेला गया है।

अंतर्राष्ट्रीय प्रकाश संगोष्ठी में बोले राज्यमंत्री अर्जुन राम मेघवाल

ऊर्जा संरक्षण के लिए एलईडी तकनीक कारगर

गुरुग्राम, 15 नवंबर (हप्र)

केंद्रीय भारी उद्योग एवं लोक उपक्रम राज्यमंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि औद्योगिक क्षेत्र में क्रांति के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स व थ्री डी प्रिंटिंग जैसे 3 स्तंभ मुख्य घटक हैं। ये तीनों स्तंभ मेक इन इंडिया मिशन को बढावा देने में भी कारगर साबित होंगे। इस दिशा में काफी कार्य किया जा रहा है। वे मानेसर स्थित इंटरनेशनल सेंटर फॉर ऑटोमोटिव टेक्नोलॉजी (आईकैट) में 2 दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय प्रकाश संगोष्ठी के उद्घाटन अवसर पर पहुंचे थे। इस मौके पर उन्होंने कहा कि उन्होंने कहा कि भविष्य में ऊर्जा की जरूरतों और ऊर्जा संरक्षण के लिए एलईडी तकनीक कारगर साबित हो रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में इस क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य हुआ है। इससे ऊर्जा संरक्षण के साथ-साथ उपभोक्ताओं को आर्थिक रूप से भी काफी लाभ हो रहा है। उन्होंने आईकैट को परीक्षण के लिए एक विश्व स्तरीय केंद्र के रूप में उभरने पर बधाई देते हुए कहा कि ऑटोमोबाईल के क्षेत्र में यह केंद्र काफी अच्छा कार्य कर रहा है। सड़क सुरक्षा में लाइट यानि प्रकाश का बहुत बड़ा योगदान है। आईसोल-2019 में जो तकनीकी पेपर प्रस्तुत किए जाएंगे, उसमें लाइटिंग सिस्टम से संबंधित विभिन्न पहलुओं के बारे में विस्तार से जानकारी मिलेगी।

इस अवसर पर आईकैट के निदेशक दिनेश त्यागी, मारूति सुजूकी से सीवी रमन, होंडा कोर्स इंडिया से प्रवीण परांजपे, हेम इंडस्ट्री से डॉ. जेके जैन, यूनो मिंडा गुरप से एनके मिंडा डॉ. मधुसूदन जोशी भी मौजूद रहे।

गुरुग्राम के मानेसर स्थित आईकैट सेंटर में दीप प्रज्वलित कर संगोष्ठी का उद्घाटन करते अर्जुन राम मेघवाल। -हप्र

प्रदर्शनी भी लगायी

आईसीएटी में प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया, जिसमें मोटर वाहन ओईएम, घटक निर्माता, सिस्टम आपूर्तिकर्ता व सेवा प्रदाताओं ने अपने उत्पाद व सेवाओं को आत्मनिर्भर के लिए बढावा देने तथा डिजाइनरों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रदर्शित किया। मेघवाल ने सभी स्टॉल पर जाकर नई-नई तकनीक के बारे में भी जानकारी ली।

सड़क हादसे में पिता-पुत्र की मौत

रोहतक, 15 नवंबर (निस)

गांव मसूदपुर के पास सड़क हादसे में मोटरसाइकिल सवार पिता मीर सिंह और उसके पुत्र अनिल की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि उनकी बाइक को तेज रफ्तार वाहन ने टक्कर मार दी थी।

नियम ताक पर रखने का आरोप

एचपीएससी बना सरकार के हाथों की कठपुतली : सुरजेवाला

चंडीगढ़, 15 नवंबर (ट्रिन्यू)

पूर्व मंत्री एवं कांग्रेस के मीडिया विभाग के चेयरमैन रणदीप सिंह सुरजेवाला ने प्रदेश की भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार पर बड़ा हमला बोला है। उनका कहना है कि हरियाणा लोकसेवा आयोग (एचपीएससी) सरकार की कठपुतली बन गया है। एचसीएस अधिकारियों की भर्ती में सभी नियमों को ताक पर रखा जा रहा है। उनका कहना है कि एक्सपर्ट के नाम पर अपने पसंदीदा लोगों को नियुक्त किया गया है ताकि चहेतों को मनचाहे नंबर इंटरव्यू में दिये जा सकें। सुरजेवाला ने कहा कि एचसीएस पदों के लिए इंटरव्यू होने हैं। इसके लिए आयोग ने विशेषज्ञों की टीम बनाई है। विशेषज्ञों का काम केवल ग्रेडिंग देना है, लेकिन सरकार के इशारे पर आयोग ने इनसे ही इंटरव्यू लेने को कह दिया है। कांग्रेस नेता ने कहा कि इंटरव्यू लेने का काम आयोग चेयरमैन व सदस्यों की कमेटियों का काम होता है। उनका आरोप है कि गठबंधन सरकार अपने चहेतों को एचसीएस अधिकारी बनाना चाहती है, इसलिए यह षड्यंत्र रचा गया है। सुरजेवाला ने कहा कि प्रदेश सरकार के गजटेड अधिकारियों के चयन के लिए साक्षात्कारों में अंक देना केवल लोक सेवा आयोग का दायित्व और अधिकार रहा है। इससे पहले एचसीएस के साक्षात्कार में अंक देने का कार्य आयोग ही करता था।

...तो आयोग को भंग कर दे

सुरजेवाला ने कहा कि सरकार को सदस्यों पर भरोसा नहीं है तो सरकार को स्पष्ट करना चाहिए और आयोग को भंग कर देना चाहिए। क्या आयोग के चेयरमैन पर भी सरकार को भरोसा नहीं। उन्होंने कहा कि अगर साक्षात्कार कमेटी में 3 विशेषज्ञ व आयोग का एक सदस्य बैठेंगे तो इसका मतलब होगा कि सरकार तथा आयोग द्वारा बुलाए गए इन तथाकथित विशेषज्ञों के पास नौकरी के चयन के लिए आयोग से 3 गुना अधिक ताकत होगी।

गांव छिछड़ाना की घटना

पिता की पिस्तौल से गोली मारकर छात्र ने की आत्महत्या

गोहाना, 15 नवंबर (निस)

गांव छिछड़ाना में दसवीं के छात्र ने अपने पिता की लाइसेंसी रिवाल्वर से कनपटी पर गोली मारकर आत्महत्या कर ली। परिजन खेत में काम करके लौटे तो छात्र लहूलुहान हालत में घर में मृत मिला। सूचना मिलने पर बदोरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस को आत्महत्या के कारणों का पता नहीं लग पाया है।

गांव छिछड़ाना निवासी राम कुंवार का बेटा सन्नी (15) दसवीं कक्षा का छात्र था और एक निजी स्कूल में पढ़ता था। बृहस्पतिवार को राम कुंवार व उसके परिजन खेत में काम करने के लिए गए थे। सन्नी भी खेत में गया था। शुक्रवार दोपहर दो बजे सन्नी घर लौट आया और घर का दरवाजा अंदर से बंद कर दिया। बताया गया है कि सन्नी ने अलमारी में रखी पिता की लाइसेंस रिवाल्वर को निकाला और उसे लेकर एक कमरे में चला गया। उसने कमरा बंद करके कनपटी पर रिवाल्वर रखकर गोली चला दी, जिससे सन्नी की मौत हो गई। परिजन ने बताया कि शाम के समय वे खेत से घर लौटे तो अंदर दरवाजा बंद मिला। परिजनों ने दीवार फांदकर मेन गेट खोला, लेकिन सन्नी घर पर नजर नहीं आया। उन्होंने सभी कमरों को खंगाला तो देखा कि एक कमरे का दरवाजा अंदर से बंद है। परिजनों ने जब खिड़की खोली तो स्तब्ध रह गये, क्योंकि अंदर सन्नी मृत पड़ा था। सूचना मिलने पर बरोदा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और राम कुंवार के बयान दर्ज कर लिये। परिजन भी इस घटना से स्तब्ध हैं और उसकी मौत के कारणों का पता नहीं लग पाया।

> सन्नी के पिता के बयान दर्ज किए गए हैं। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का पता नहीं लग पाया है। विभिन्न पहलुओं को ध्यान में रख कर जांच की जा रही है।
> -सुनील, जांच अधिकारी, बरोदा थाना

व्यापारी आत्महत्या मामला/आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग

सोनीपत बंद का दिया अल्टीमेटम

सोनीपत, 15 नवंबर (हप्र)

सेक्टर-15 निवासी कपड़ा व्यापारी ओमप्रकाश (47) द्वारा आत्महत्या के मामले में जिला व्यापार मंडल ने शुक्रवार को मृतक के परिवार से मुलाकात की और धीरज बंधाया। पुलिस को अल्टीमेटम दिया कि रविवार तक आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया गया, तो सोमवार को सोनीपत बंद किया जाएगा। व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष संजय सिंगला की अध्यक्षता में प्रतिनिधि दल ने मृतक की पत्नी व अन्य परिजनों से मामले की जानकारी ली। व्यापार मंडल के प्रधान संजय सिंगला ने एसएचओ सिविल लाइन से मामले की जानकारी ली। पुलिस से संतोषजनक जवाब न मिलने पर व्यापार मंडल ने घोषणा की कि अगर रविवार तक दोषियों को नहीं पकड़ा गया, तो सोमवार को सोनीपत बंद करने का फैसला व्यापारियों की मीटिंग करके लिया जाएगा।

ठेकेदार को अस्पताल का नोटिस

ओमप्रकाश के शव को अस्पताल में चूहों द्वारा कुतरने के मामले में सामान्य अस्पताल प्रशासन ने ठेकेदार को नोटिस देकर जवाब मांगा है। वहीं, खराब फ्रिजर को ताला लगाने के साथ ही खिड़कियों में जाली लगा दी गई है।



इस बार महिलाओं के सिंदूर, मंगलसूत्र पर प्रतिबंध नहीं

एचटेट परीक्षा के लिये सभी तैयारियां पूरी

जींद, 15 नवंबर (हप्र)

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा 16 व 17 नवंबर को आयोजित की जाने वाली हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा के सफल संचालन के लिए जिला प्रशासन द्वारा सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जींद में यह परीक्षा उक्त दिनों में 3 चरणों में आयोजित की जाएगी।

शुक्रवार को जींद जिला के परीक्षा नोडल अधिकारी एवं नगराधीश विजेंद्र हुड्डा ने बताया कि प्रथम चरण की एचटेट की लेवल-3 की परीक्षा शनिवार 16 नवंबर को सांयकाल सत्र में 3 बजे से साढ़े 5 बजे तक आयोजित की जाएगी।

जिले में कुल 19 परीक्षा केन्द्रों में 5661 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। इसके बाद 17 नवंबर को लेवल-2 की आयोजित परीक्षा रविवार को सुबह के सत्र 10 बजे से साढ़े 12 बजे तक 22 परीक्षा केंद्रों पर कुल 6727 परीक्षार्थी तथा इस दिन लेवल एक की आयोजित परीक्षा में सांय कालीन सत्र में 3 बजे से सांय साढ़े 5 बजे तक 18 परीक्षा केंद्रों में 5314 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। इस प्रकार दोनों दिनों में कुल तीन चरणों में 17702 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे।

20 परीक्षा केंद्रों पर होगी परीक्षा

सिरसा (निस) : जिले में 20 परीक्षा केंद्रों पर 15 हजार परीक्षार्थी परीक्षा देंगे।

उपायुक्त अशोक कुमार गर्ग ने कहा कि परीक्षा को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। वे पंचायत भवन में परीक्षा को सही ढंग से नकल रहित करवाने को लेकर सेंटरो के इंचार्ज, फ्लाइंग टीमों तथा सुरक्षा को लेकर एक बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। इस अवसर पर एसडीएम जयवीर यादव, डीएसपी आर्यन चौधरी, जिला शिक्षा अधिकारी व संबंधित अधिकारीगण उपस्थित थे।

वहीं 17 नवंबर को 2 चरणों में परीक्षा आयोजित की जाएगी जिसमें प्रथम चरण में सुबह 10 बजे से 12.30 तथा तीसरे चरण में दोपहर बाद 3 बजे से 5.30 तक परीक्षा का आयोजन होगा। उन्होंने कहा कि एचटेट परीक्षा एक संवेदनशील विषय है इसलिए बोर्ड द्वारा जारी गाइडलाइन का अनुशरण करते हुए सभी प्रबंध किये जायें।

उन्होंने बताया कि महिला परीक्षार्थी परीक्षा के दौरान मंगलसूत्र धारण कर सकती है और सभी परीक्षार्थी एक काला पैन अपने साथ ला सकते है। इसके अलावा कोई भी आभूषण, बेल्ट, पर्स अथवा अन्य वस्तु परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं करने दी जाएगी।

कॉलेजों में रहेगा अवकाश

रोहतक (हप्र) : एचटेट के लिए जिला प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। परीक्षा केंद्र स्कूल अथवा कॉलेज परिसर में अवकाश घोषित किया गया है। डीसी ने बताया कि जिले में पात्रता परीक्षा के लिए 20 केंद्र बनाये गये हैं।

परीक्षा तीन चरणों में ली जाएगी और इसे नकल रहित बनाने के लिए टीमों का गठन किया गया है। 5 एचसीएस अधिकारियों को 4-4 केंद्र आवंटित किए हैं ताकि बाहरी तत्व परीक्षा के दौरान कोई बाधा उत्पन्न न कर सके।

डीसी ने बताया कि शहर में यातायात व्यवस्था बनाये रखने के लिए परीक्षार्थियों के लिए केंद्र के नजदीक पार्किंग की व्यवस्था की गई है।

पुलिस का होगा कड़ा पहरा

झज्जर (हप्र) : झज्जर जिले में 17 परीक्षा केंद्रों पर कुल 13450 परीक्षार्थी दोनों दिन परीक्षा देंगे। लेवल 3 (पीजीटी लैक्चरर) के लिए 4098, लेवल 2 (टीजीटी टीचर क्लास) के लिए 5074 तथा लेवल 1 (प्राईमरी टीचर) के लिए 4278 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। कार्यवाहक डीसी का काम संभाल रहे एडीसी जगनिवास स्वयं पूरी तरह इस परीक्षा के आयोजन पर नजर बनाए हुए हैं। डीसी ने स्पष्ट किया है कि परीक्षा के दौरान लापरवाही बरतने वाले किसी भी कर्मचारी व अधिकारी को बख्शा नहीं जायेगा। वहीं परीक्षा केंद्रों में मोबाइल फोन पूर्णरूप से प्रतिबंध रहेगा। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की कोई कोताही बरतने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ तुंरत कार्यवाही की जाएगी।

यह रहेगा शेड्यूल

एचटेट की लेवल 3 की परीक्षा 16 नवंबर (शनिवार) को सायंकाल सत्र यानि दोपहर 3 बजे से साढ़े 5 बजे तक होगी। जबकि 17 नवंबर (रविवार) को लेवल 2 की परीक्षा सुबह के सत्र यानि 10 बजे से साढ़े 12 बजे तक होगी तथा लेवल 1 की परीक्षा इसी दिन सायंकाल सत्र यानि 3 बजे से साढ़े 5 बजे तक होगी।

धार्मिक आस्था चिह्न ले जाने की अनुमति

जिला शिक्षा अधिकारी सुनीता रूहिल ने बताया कि महिलाओं को मंगल सूत्र व नोज पिन पहनने, बिंदी व सिंदूर लगाने तथा सिक्ख धर्म में दीक्षित परीक्षार्थियों को धार्मिक आस्था के चिंह ले जाने की अनुमति होगी।

स्कूल में विज्ञान संकाय नहीं होने से विद्यार्थी परेशान

कला विषय पढ़ने को मजबूर बच्चे

नूंह/मेवात,15 नवंबर(निस)

तावडू क्षेत्र के सरकारी स्कूलों में कक्षा 12वीं में विज्ञान संकाय नहीं हैं। इससे यहां के विधार्थी कारणवश कला व वाणिज्य संकाय में प्रवेश ले रहे हैं। इससे विधार्थियों व उनके अभिभावकों में सरकार के प्रति नाराजगी हैं।

हैरानी की बात यह है कि निजि शिक्षण संस्थानों के यहां विज्ञान संकाय की पढ़ाई कराई जा रही है। आर्थिक रूप से कमजोर अभिभावक अपने बच्चों को उनमें दाखिला दिलाने के लिए सक्षम नहीं हैं।

अभिभावक राजेश कुमार, संजय कुमार, सुभाष तनेजा, रमजान खान, आरिफ खान, अमर सिंह, अख्तर आदि ने बताया कि एक तरफ तो सरकार मेवात जैसे पिछड़े जिला के निराक्षरों को साक्षर बनाने के लिए विभिन्न प्रचार माध्यमों से जागरूक कर रही है लेकिन जिला के अधिकांश उप मंडलों पर विज्ञान संकाय तक नहीं हैं। जबकि यहां के अधिकांश विधार्थी विज्ञान संकाय लेने में अधिक तरजीह देते हैं लेकिन विज्ञान संकाय न होने से वह कारणवश कला व वाणिज्य संकाय में प्रवेश ले रहे हैं। प्राध्यापक ओमसिंह गहलौत ने माना कि उनके विद्यालय में कला व वाणिज्य संकाय ही पढ़ाया जा रहा है और विज्ञान संकाय नहीं हैं।

उन्होंने कहा कि जल्द ही विद्यालय में विज्ञान संकाय की कक्षायें लगाई जायेंगी। अभिभावकों का कहना है कि स्कूल में विज्ञान संकाय नहीं होने से उनके बच्चों को मजबूरन कला विषय पढ़ने को मजबूर होना पड़ रहा है। यही कारण है कि बच्चे चाहते हुये भी विज्ञान विषय की पढ़ाई नहीं कर पा रहे हैं।

निजी स्कूलों में जा रहे विद्यार्थी

स्कूल में विज्ञान विषय की पढ़ाई नहीं होने से अभिभावकों को अपने बव्चों को निजी स्कूलों में भेजना पड़ रहा है। हालांकि इन स्कूलों में सरकारी स्कूलों की तुलना में फीस अधिक होने से अभिभावकों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। प्राध्यापक ओमसिंह गहलौत ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में है जल्द स्कूल में विज्ञान विषय की पढ़ाई शुरु करायी जायेगी।

नहीं मिली सफाई तो एजेंसी पर लगाया जुर्माना

गुरुग्राम, 15 नवंबर (हप्र)

सोहना के खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी ने ग्राम पंचायत मंडावर में सफाई एजेंसी पर कार्य में कोताही बरतने पर 5 हजार रुपये का जुर्माना किया है। यह जुर्माना राशि एजेंसी को शीघ्र ही जमा करवाने के लिए कहा गया है। साथ ही चेतावनी भी दी गई है कि दोबारा गड़बड़ी पाए जाने पर सफाई कार्य का टैंडर रद्द कर दिया जाएगा।

स्वच्छता अभियान के तहत खंड की सात ग्राम पंचायत बादशाहपुर टैठड़, दौला, मंडावर, अभयपुर, खेड़ला, दमदमा, बहलपा व हसनपुर में गलियों व नालियों की साफ-सफाई के साथ कूड़े का उठान का कार्य परमहंस इंटरप्राइज नामक एजेंसी को एक साल के लिए ठेके पर दे रखा है। इन सात ग्राम पंचायतों में साफ-सफाई के लिए एजेंसी को एक वर्ष का ठेका 33 लाख 99 हजार में दिया गया था। खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी जगराम सिंह ने अपनी टीम के साथ इन पंचायतों में किए जा रहे सफाई कार्य का निरीक्षण किया तो ग्राम पंयायत मंडावर में एजेंसी का कार्य निराशाजनक मिला।

चौहरा हत्याकांड : मुकेश ने चोरी का विरोध करने पर की थीं चारों हत्याएं

पुलिस रिमांड में जिम ट्रेनर ने कबूला जुर्म, आरोपी से चोरी का माल बरामद

फरीदाबाद, 15 नवंबर (हप्र)

रेडियोलॉजिस्ट डा. प्रवीण मेंहदीरत्ता व उनके परिवार के सदस्यों की हत्या जिम ट्रेनर मुकेश ने की थी। पुलिस रिमांड के दौरान आरोपी मुकेश ने इस सामूहिक हत्याकांड को अंजाम देना स्वीकार किया है। आरोपी के कब्जे से पुलिस ने हत्या पर प्रयुक्त चाकू व जेवरात भी बरामद किए हैं। जानकारी एसीपी क्राईम अनिल कुमार ने प्रेस वार्ता में दी।

बता दें कि बीते शुक्रवार को सेक्टर-7 ए स्थित सावित्री सदन में डा. प्रवीण मेंहदीरत्ता, उनकी पत्नी भारती, बेटी प्रियंका व दामाद सौरभ की चाकूओं से गोदी हुई लाशें मिली थी। इसके बाद पुलिस आयुक्त केके राव ने डीसीपी बल्लभगढ़ राजेश व एसीपी क्राईम अनिल कुमार के नेतृत्व में सामूहिक हत्याकांड का खुलासा करने के लिए 10 टीमों का गठन किया। पुलिस ने आरोपी मुकेश निवासी न्यू राजीव कालोनी निकट डबुआ मंडी गेट को शिरर्डी महाराष्ट्र से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। टीम में एसआई अनिल कुमार, एसआई नरेश कुमार, एसआई जगवीर, एचसी दीपक, एचसी नवीन, एचसी प्रवेश, सिपाही महेश कुमार, सिपाही बलजीत शामिल रहे।

कर्ज ज्यादा होने पर चुना जुर्म का रास्ता

आरोपी मुकेश पर काफी रूपये का कर्ज हो गया इसी कर्ज को अदा करने के लिए उसने चोरी करने का रास्ता अपनाया। वह डाक्टर प्रवीण के मकान में घुसा तथा डाक्टर द्वारा विरोध करने पर डाक्टर की हत्या कर दी। इसके बाद आरोपी मुकेश ने डाक्टर की पत्नी भारती की हत्या कर दी व घर में चोरी करने लगा। घर में डाक्टर की बेटी प्रियंका अपने पति सौरभ के साथ घर आ गई। पकड़े जाने के डर से आरोपी मुकेश ने इन दोनों को भी चाकू से गले पर वार करके हत्या कर दी। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि आरोपी को कल अदालत पेश कर और पुलिस रिमांड मांगा जाएगा।

हत्या मामले में 2 को उम्रकैद

नूंह/मेवात (निस) : हत्या मामले में सुनवायी करते हुये रजनी यादव एएसजे नूंह की कोर्ट ने 2 आरोपियों को उम्रकैद व 1 लाख 92 हजार रूपये जुर्माना अदा करने की सजा सुनाई है। दीन मोहम्मद निवासी झिमरावट थाना नगीना ने अपने परिजन इलियास की गांव झिमरावट के लोगों पर भैंस खेत में घुस जाने पर हुए झगड़े में गोली मार कर हत्या का आरोप लगाते हुए मुकदम दर्ज कराया था। पुलिस ने अख्तर खान, फज्जर को गिरफ्तार किया था। न्यायालय ने शुक्रवार को अपने दिये फैसले में अख्तर व फज्जर को दोषी मानते हुए 1 लाख 92 हजार रूपये दोनों पर जुर्माना व दोनों को उम्र कैद की सजा सुनाई है।

सोनीपत में बाप-बेटे को मारी गोली, घायल

सोनीपत, 15 नवंबर (हप्र)

खरखौदा थाना इलाके के गांव खांडा बस स्टैंड पर कन्फेक्शनरी की दुकान चलाने वाले दुकानदार को बाइक सवार युवकों ने गोली मार दी। गोली दुकानदार के पेट में लगी। इसी दौरान बेटे को गोली लगी देख पिता बाहर आया, तो हमलावरों ने उस पर भी गोली दाग दी। गोली व्यापारी के पैर पर लगी है। हमले में दोनों पिता-पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए।

इधर, हमलावर मौके से फरार हो गए। बाद में आस पस के दुकानदारों ने उन्हें सिविल अस्पताल पहुंचाया। दोनों को पीजीआई रोहतक के लिए रेफर कर दिया गया है।

गांव खांडा निवासी सुरेंद्र गांव के ही बस स्टैंड पर कन्फेक्शनरी की दुकान चलाता है। उसके साथ उनके पिता रामेहर दुकान पर बैठते है।

शुक्रवार सुबह दोनों दुकान पर आए थे। रामेहर अंदर चला गया और सुरेंद्र दुकान के बाहर सामान रखने लगा। सुबह करीब सवा आठ बजे बाइक पर सवार होकर दो युवक आए। उन्होंने बाइक से उतरते ही सुरेंद्र पर गोलियां चलानी शुरू कर दीं। सुरेंद्र अपना बचाव करने के लिए दुकान के अंदर भागने लगा, तो उसके पेट में गोली लगी। गोली की आवाज सुनकर सुरेंद्र का पिता रामेहर दुकान से बाहर आया, तो दोनों हमलावरों ने उस पर भी गोलियां चला दीं।मामले को पुरानी रंजिश से भी जोड़कर देखा जा रहा। पुलिस का कहना है कि घायलों के बयान दर्ज करने तथा शिकायत के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

चचेरे भाई की हो चुकी है हत्या

खांडा निवासी सुरेंद्र के चचेरे भाई संदीप की 11 फरवरी की रात को लाठी-डंडों व ईंट से पीटकर हत्या की जा चुकी है। सबूत को मिटाने के लिए आरोपियों ने संदीप को उसकी गाड़ी में डालकर खांडा से सिलाना जाने वाले मार्ग पर जलाने का प्रयास किया था। संदीप के पिता राज सिंह ने गांव के युवकों पर हत्या का आरोप लगाया था। पुलिस मामले में आधा दर्जन आरोपियों को काबू कर चुकी है। हालांकि संदीप हत्याकांड में सोनू अभी फरार है। थाना प्रभारी अरूण कुमार ने कहा कि घायलों के बयान के बाद मुकदमा दर्ज किया जायेगा।

ट्रांसपोर्टर पर गोली चलाने वाले 3 आरोपी गिरफ्तार

रेवाड़ी (निस) : रामपुरा थाना क्षेत्र के गांव हरिनगर निवासी एक ट्रांसपोर्टर कृष्ण कुमार पर गोली चलाते हुए जानलेवा हमला करने वाले तीनों आरोपियों को 24 घंटे के भीतर रामपुरा थाना पुलिस ने सीआइए रेवाड़ी की मदद से गिरफ्तार कर लिया है। उनकी पहचान हरिनगर निवासी अनिल उर्फ कमांडो, हरविन्द्र उर्फ सोनू तथा कुतुबपुर निवासी महेश के रूप में हुई है। जांचकर्ता अधिकारी बिरेंद्र सिंह ने बताया कि गिरफ्तार तीनों आरोपी आपराधिक प्रवृति के हैं। कुछ दिन पूर्व सीआइए टीम ने अनिल को उसके अन्य साथियों को स्मैक व अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया था। तब से ही अनिल कृष्ण से रंजिश रखता था। 13 नवंबर को अनिल ने जेल से बाहर आते ही रात करीब 9 बजे कृष्ण कुमार को फोन कर अपने प्लॉट में बुलाया। कृष्ण अपनी पत्नी के साथ जैसे ही प्लॉट में पहुंचा तो वहां पर पहले से ही अनिल के साथ हरविंद्र व महेश मौजूद थे। हरविंद्र ने पिस्तौल निकाल कर कृष्ण की कनपटी पर गोली मार दी और यह कहते हुए फरार हो गए कि पुलिस की मुखबिर करने की यही सजा है। गोली लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे रोहतक पीजीआई में दाखिल कराया गया है। इस मामले तीनों आरोपियों को 24 घंटे में पुलिस ने गिरफ्तार कर अदालत में पेश कर दो दिन के रिमांड पर लिया गया है।

अजमत खान सुपुर्द ए खाक

पूर्व विधायक के जनाजे में लोग हुये शामिल

पलवल, 15 नवंबर (हप्र)

अजमत खान

हथीन के पूर्व विधायक मास्टर अजमत खान का शुक्रवार दोपहर बाद (जुमा)की नमाज के बाद उनके पैतृक गांव मलाई में पूरे सम्मान के साथ सुपुर्द ए खाक किया गया। बृहस्पतिवार की देर रात दिल का दौरा पड़ने से पूर्व में 2 बार विधायक रहे मा. अजमत खान का इंतकाल हो गया था।

वे काफी दिनों से बीमार थे लेकिन बृहस्पतिवार को रात करीब 8 बजे उन्होंने पलवल जिला के अपने पैतृक गांव मलाई में अंतिम सांस ली। उनकी अंतिम यात्रा में भारी संख्या में लोग शामिल रहे। मास्टर अजमत खान कांग्रेस के वरिष्ठ नेता थे तथा वह 1991 में कांग्रेस की टिकट पर विधायक चुने गए थे जबकि इससे पूर्व एकबार नूंह से भी विधायक रहे थे। उनके 3 पुत्र व एक पुत्री है।

कांग्रेस के प्रदेश महासचिव मोहम्मद बिलाल उटावड ने कहा कि हिंदू मुस्लिम एकता सामाजिक सोहार्द क़ायम करने के लिए उन्हें याद किया जायेगा। उनके जनाजे में पूर्व मंत्री हर्ष कुमार, हथीन के भाजपा विधायक प्रवीणा डागर, कांग्रेस के प्रदेश महासचिव मोहम्मद बिलाल उटावड, विधायक नसीम अहमद, पूर्व विधायक भगवान सहाय रावत मौजूद थे।

कव्वाली में सूफियाना संगीत का धमाल, उत्कृष्ट शास्त्रीय नृत्य ने मोहा मन, खूब थिरके छात्र

युवा महोत्सव विद्यार्थियों ने दिखायी प्रतिभा

रोहतक, 15 नवंबर (हप्र)

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में गीत, संगीत, नृत्य, थियेटर ललित कला का प्रतिभा पर्व यूनिफेस्ट शुक्रवार को संपन्न हो गया। विश्वविद्यालय के 39वें अंर्तक्षेत्रीय युवा महोत्सव में 13 से 15 नवंबर तक मदवि के शैक्षणिक विभागों तथा संबद्ध महाविद्यालयों के विद्यार्थियों ने अपने सृजनात्मक हुनर से शानदार प्रस्तुतियां दीं।

शुक्रवार को यूनिफेस्ट में हरियाणवी आकेस्ट्रा में हरियाणा के पारंपरिक संगीत वाद्य यंत्रों की धुनों की छटा बिखेरी। आज ही सूफियाना संगीत का धमाल कव्वाली इवेंट में दिया। शास्त्रीय नृत्य तथा शास्त्रीय नृत्य इवेंट में प्रतिभागियों ने अपने नृत्य प्रतिभा का प्रदर्शन किया। मदवि के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने समापन समारोह की अध्यक्षता की। इंर्फोमेशन एण्ड लाइब्रेरी नेटवर्क, इनफ्लिबनेट के निदेशक प्रो. जंपी सिंह जुडैल समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। प्रतिष्ठित सिने कलाकार एवं हरियाणा के नामी संस्कृति कर्मी यशपाल शर्मा बतौर विशेष अतिथि कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

यशपाल शर्मा ने कहा कि हरियाणवी संस्कृति को प्रोत्साहन दिए जाने की जरूरत है। उन्होंने हरियाणा की समृद्ध संस्कृति के विशेष पहलुओं को सांझा किया। मुख्य अतिथि तथा मदवि कुलपति ने विजयी प्रतिभागियों तथा टीमों को पुरस्कार प्रदान किए।

रोहतक के महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में आयोजित युवा महोत्सव में शास्त्रीय नृत्य में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करती एक प्रतिभागी। -हप्र

अंतरविद्यालय खेल प्रतियोगिता आयोजित

हलवासिया विद्या विहार में शुक्रवार को विजेता विद्यार्थियों के साथ स्कूल स्टाफ सदस्य। - हप्र

भिवानी (हप्र) : स्थानीय रोहतक गेट स्थित हलवासिया विद्या विहार स्कूल में अंतरविद्यालय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें केएम व वैश्य मॉडल स्कूल के बच्चों ने भी भाग लिया। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्यअतिथि डा. माया यादव, स्कूल के प्रशासक दिवानचंद रहेजा, प्राचार्य डा. रमाकांत शर्मा ने खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त करके किया। प्रतियोगिताओं का आयोजन सुविधा गर्ग व सरला शर्मा की देखरेख में किया गया।

राष्ट्रपति से मिले 6 बच्चे

जुलाना/जींद (हप्र) : हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड के फाउंडर सुदेश सहरावत के नेतृत्व में 6 बच्चे महामहिम राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद से मिले। सुदेश सहरावत ने बताया कि विगत दिवस पूरे प्रदेश से जुलाना क्षेत्र के गांव शामलो कलां के सरकारी स्कूल के तमन्ना व निधि सहित 6 बच्चे राष्ट्रपति से मिले हैं। उन्होंने बताया कि हिंदुस्तान स्काऊड एंड गाइड युवाओं को नशे और सामाजिक बुराइयों से बचाकर एक सच्चा नागरिक बनता है। साथ में प्राकृतिक आपदाओं से कैसे निपटे इसके बारे में भी जानकारी व ट्रेनिंग देता है। समय-समय पर स्कूली बच्चों को विभिन्न प्रकार की ट्रेनिंग देकर ट्रेंड करता है। इस अवसर पर उनके साथ अध्यापक ज्ञानचंद वर्मा भी मौजूद थे।

स्लोगन लेखन प्रतियोगिता आयोजित

नारनौल (हप्र) : हरियाणा राज्य बाल अधिकार सरंक्षण आयोग द्वारा मेरा बचपन-मेरा अधिकार विषय पर राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में जिला स्तरीय पोस्टर मेकिंग व स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें 9वीं से 12वीं कक्षा के बच्चों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में मेरा बचपन-मेरा अधिकार विषय पर विद्यार्थियों द्वारा उत्कृष्ट कलाकृतियां तैयार की गईं। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की कृति शर्मा प्रथम, आरपीएस स्कूल की कृतिका द्वितीय व राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की कुसुम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की अंजनी प्रथम स्थान, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मंडलाना की पिंकी ने द्वितीय व आरपीएस स्कूल की हर्षिता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

जीवीएम की पूजा ने की यूनिवर्सिटी टॉप

सोनीपत (हप्र) : जीवीएम गर्ल्ज कॉलेज की छात्रा पूजा चौधरी ने एमएससी गणित के चौथे सैमेस्टर में विश्वविद्यालय की टॉपर बनने का गौरव हासिल किया है। उन्होंने 2250 में से 1945 (86.44 प्रतिशत) अंक हासिल किये हैं। साथ ही कॉलेज की 9 अन्य छात्राओं ने विश्वविद्यालय की टॉप-50 सूची में नाम दर्ज कराया है। संस्था के प्रधान डा.ओपी परूथी व प्राचार्या डा.ज्योति जुनेजा ने छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। इसके बाद छात्राओं को सम्मानित किया गया।

'पढ़ाई के साथ खेलकूद भी जरुरी'

बाढ़ड़ा (निस) : बच्चे देश के उज्ज्वल भविष्य के निर्माता विद्यालय काल से ही बन सकते हैं। यह बात बीडीपीओ नरेंद्र ढुल ने बाल दिवस पर गांव डोहका हरिया में आयोजित कार्यक्रम में कही। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय डोहका हरिया में ग्राम पंचायत के सौजन्य से बाल दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रत्येक छात्र को पढ़ाई के साथ साथ खेलकूद व अन्य गतिविधियों में निरंतर भागीदारी करनी चाहिए। वहां अजित सिंह, मुख्तयार सिंह, विजय कुमार, शमशेर, विकास कुमार, मोंटी, संदीप कुमार, तेजवीर, नरेश कुमार, राकेश सरपंच, ओमप्रकाश, जयलाल आदि मौजूद थे।

प्लास्टिक के नुकसान के प्रति किया जागरूक

सफीदों में शुक्रवार को एक दुकानदार को कपड़े से बना थैला देती छात्रा।- निस

सफीदों (निस) : प्लास्टिक एवं पॉलिथिन के प्रयोग पर प्रतिबंध की दिशा में लोगों को जागरूक करने को लेकर एसएमआर पब्लिक स्कूल के बच्चे आगे आए जिन्होंने शुक्रवार को नगर में रैली निकालकर लोगों को प्लास्टिक के नुकसान के प्रति जागरूक किया। जागरूकता रैली की अध्यक्षता प्राचार्य सविता कपूर ने की। रैली नगर के लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह से शुरू हुई और रेलवे रोड, गुरुद्वारा कॉलोनी व घोड़ा पुली रोड से होकर इसका समापन हुआ। रैली के दौरान बच्चों ने स्लोगन की होर्डिंग्स के माध्यम से लोगों, विशेषकर दुकानदारों को प्लास्टिक व पॉलिथिन के प्रति जागरूक किया।

पीयूष ने दिया सबसे अच्छा भाषण

बाढड़ा में शुक्रवार को वार्षिकोत्सव कार्यक्रम को संबोधित करते स्कूल - निस

बाढड़ा (निस) : भांडवा के प्रज्ञा विद्यालय का वार्षिकोत्सव कार्यक्रम धूमधाम से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में निदेशक युदवीर सिंह अहलावत ने वार्षिक परीक्षाओं, खेल व सांस्कृतिक गतिविधियों में अग्रणी छात्र-छात्राओं को विजेता ट्राफी व प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में स्कूली स्पर्धाओं में सांस्कृतिक कार्यक्रम के अलावा रंगोली, विज्ञान मॉडल, क्विज, भाषण, वाद विवाद, फैंसी ड्रेस, हाईजंप, मटका दौड़, थ्री लैमन दौड़, सुलेख स्पर्धा, कार्ड मेकिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। भाषण स्पर्धा में जगदीश चंद्र बोस सदन से पीयूष कार्ड मेकिंग में योगिता ने प्रथम स्थान हासिल किया।

एटलस कंपनी के गेट पर मजदूरों की बैठक

केंद्र, राज्य सरकार के खिलाफ गरजे मजदूर

सोनीपत, 15 नवंबर (हप्र)

सीटू के प्रदेश सचिव एवं प्रमुख श्रमिक नेता आनंद शर्मा ने केंद्र व राज्य सरकार पर मजदूरों की अनदेखी करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने मजदूरों के हितों की रक्षा करने वाले श्रम कानूनों को कॉरपोरेट जगत के पक्ष में बदल दिया है। केंद्र की गलत नीतियों के चलते उद्योग जगत, आटो सेंटर, टैक्सटाइल तथा चमड़ा उद्योग भारी मंदी के दौर से गुजर रहा है।

वह शुक्रवार को एटलस कंपनी के गेट पर मजदूरों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। नरेश कुमार ने बैठक की अध्यक्षता की, जबकि बिजेंद्र सिंह ने संचालन किया। आनंद शर्मा ने कहा कि मंदी की वजह से मजदूरों के रोजगार छीने जा रहे हैं तो कहीं छंटनी की जा रही है। वहीं, प्रदूषण के नाम पर उद्योगों को बंद करवाया जा रहा है। इससे पूरा बाजार और अर्थ व्यवस्था चौपट होती जा रही है।

हर रोज लूट, खसौट व बलात्कार की घटनाएं बढ़ रही हैं। खेती घाटे का सौदा हो गई है। ठेकेदारी प्रथा को बढ़ावा दिया जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार दिल्ली में न्यूनतम वेतन 15 हजार रुपए घोषित किया गया है। समान काम समान वेतन नीति को लागू करने के लिए किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की जा रही है। उन्होंने बताया कि विभिन्न ट्रेड यूनियनों के आह्वान पर 8 जनवरी को भारत बंद होगा।

सोनीपत में शुक्रवार को श्रमिकों के साथ बैठक करते सीटू नेता आनंद शर्मा। -हप्र

नाबालिग का अपहरण कर दुराचार, केस दर्ज

सोनीपत, 15 नवंबर (हप्र)

कुंडली थाना क्षेत्र के गांव से रिश्ते में साली का अपहरण कर दिल्ली के नांगलोई में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। इसमें पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी मूलरूप से यूपी के फरुखाबाद के गांव चिलसारा का रहने वाला भूपेंद्र है। आरोपी फिलहाल किशोरी के पड़ोस में ही कमरा किराए पर लेकर रह रहा था। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश कर एक दिन के रिमांड पर लिया है। गौरतलब है कि 30 अक्तूबर को मूलरूप से यूपी फिलहाल कुंडली थाना क्षेत्र के गांव की रहने वाली महिला ने पुलिस को बताया था कि अज्ञात उसकी 15 साल की बेटी का अपहरण कर ले गया है। महिला ने बताया था कि उसकी बेटी 18 अक्तूबर की देर शाम से गायब है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया था। पुलिस ने मामले की जांच की तो पता लगा कि किशोरी के साथ उनके पड़ोस में रहने वाला उसका रिश्ते में जीजा भूपेंद्र भी गायब है। पुलिस ने किशोरी का मेडिकल कराने के बाद आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज किया है।

फरीदाबाद में तेंदुआ घुसने से मचा हड़कंप

कई घंटे की मशक्कत के बाद किया काबू

फरीदाबाद, 15 नवंबर (हप्र)

एक बार फिर तेंदुए के फरीदाबाद क्षेत्र में घुसने से हड़कंप मच गया। इससे पहले नेकपुर गांव के समीप रावल स्कूल के पास तेंदुआ घुस आया था। ग्रामीणों ने उसे पीट-पीटकर मौत के घाट उतार दिया था। इससे पहले गुरूग्राम, मेवात और पलवल जिले में कई बार तेंदुओं के घुसने की घटनाएं हो चुकी हैं। इस बार तेंदुआ सरूरपुर गांव के समीप सरूरपुर इंडस्ट्रीज एरिया की लगी नम्बर 8 में पहले एक प्लॉट में पड़े कबाड़ के बीच जा छिपा। उसके बाद प्लाट में भूसा लेने के लिए आई महिला और बच्चों को देखकर तेंदुआ दीवार पर चढ़कर एक कंपनी के बंद शेड में जा घुसा। सूचना मिलने पर पुलिस और वन्य प्राणी विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंच गए। लेकिन तेंदुए को पकड़ने के संसाधन न होने की वजह से उन्होंने गुरुग्राम स्थित वन्य प्राणी विभाग की रेस्क्यू टीम को सूचना दे दी। दोपहर करीब 3 बजे टीम जिसमें फरीदाबाद, गुरूग्राम व रोहतक के अधिकारी शामिल थे। तेंदुए को बेहोश कर किसी तरह काबू किया और उसे अपने साथ ले गए। सरूरपुर गांव के समीप इंडस्ट्रीज एरिया की गली नम्बर आठ में 60 वर्षीय खेमकौर सैनी अपने पशुओं के लिए भूसा लेने के लिए अपने चार पौते-पौती को साथ लेकर गली में स्थित प्लॉट से भूसा लेने के गई थी। तभी वहां तेंदुआ खेमकौर सैनी को देखकर दीवार पर चढ़ गया और दीवार से होते हुए बंद पड़ी कंपनी में छलांग लगाकर घुस गया। खेमकौर ने इसकी सूचना तुरंत परिजनों व पूर्व सरपंच को दी। एसीपी मुजेसर भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। दोपहर करीब दो बजे के आसपास गुरूग्राम से वन्य प्राणी संरक्षण विभाग की रेस्क्यू टीम गांव सरूरपुर पहुंची और जिसके बाद तेंदुए को पकड़ा जा सका।

फरीदाबाद के सरूरपुर गांव में शुक्रवार को बेहोश कर पिंजरे में बंद किया गया तेंदुआ। -हप्र

सड़क हादसे में 3 की मौत

नारनौल,15 नवंबर (हप्र)

स्थानीय महेन्द्रगढ़ मार्ग पर आज सुबह सवा चार बजे नांगल सिरोही के पास अज्ञात वाहन द्वारा कार को साइड लगाकर फरार हो गया। कार का संतुलन बिगड़ने के कारण सड़क किनारे खड़े पेड़ में जा टकराई। जिसके कारण कार में सवार पति, पत्नी व तीन वर्षीय बेटे की मौत हो गई। जबकि उनका 10 वर्षीय बेटा गंभीर रुप से घायल हो गया। चरखी दादरी के गांधी नगर निवासी केशव गौतम पुत्र महावीर शर्मा गुरुवार देर शाम अपनी पत्नी सुषमा, बड़ा बेटा मानव गौतम व छोटे बेटे लक्ष्य गौतम के साथ अपनी कार से चरखी दादरी से मेहंदीपुर बालाजी के मंदिर में दर्शन करने गए थे। बालाजी के दर्शन करने के बाद शुक्रवार अल सुबह वापस अपने घर लौट रहे थे। अल सुबह 4.15 बजे नांगल सिरोही के पास अज्ञात वाहन ने कार को साइड मार दी। जिसके कारण कार का संतुलन बिगड़ गया तथा सडक़ किनारे खड़े पेड़ से टकरा गई। पुलिस ने प्रवीण सैनी वासी चरखीदादरी के बयान पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी हैं।

सम्पदा अधिकारी, हूडा गुरुग्राम के समक्ष
शहरी सम्पदा का नाम, गुरुग्राम
सार्वजनिक सूचना

विषय : मालिक/अलाटी स्व. श्रीमती मधु चमोली की मृत्यु होने पर गैर-निर्मित प्लाट नं. 32, सेक्टर-9, अर्बन एस्टेट, गुरुग्राम के संबंध में स्वामित्व का हस्तांतरण।

रिकार्ड के अनुसार उक्त वर्णित प्रापर्टी (100% हिस्से के विस्तार तक) की अलाटी/मालिक स्व. श्रीमती मधु चमोली की 20.01.2019 को मृत्यु हो गयी है, वह अपने पीछे निम्नांकित कानूनी वारिस छोड़ गई हैं :-(1) पति- ए.पी. चमोली पुत्र स्व. श्री Jiwanand Chamoli, (2) पुत्र- अभिनव चमोली पुत्र श्री ए.पी. चमोली तथा (3) पुत्र-प्रणव चमोली पुत्र श्री ए.पी. चमोली, सभी निवासी # 597, सेक्टर-8बी, चंडीगढ़।

श्री ए.पी. चमोली पुत्र स्व. श्री Jiwanand Chamoli ने केवल अपने नाम पर उक्त प्रापर्टी के 100% हिस्से की ट्रांसफर/रि-अलाटमेंट के लिए आवेदन किया है, जिसके लिए अन्य कानूनी वारिसों को कोई आपत्ति नहीं है।

यदि किसी व्यक्ति को आवेदक के पक्ष में उक्त संपत्ति के हस्तांतरण संबंधी कोई एतराज है तो वह इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन के भीतर संपदा अधिकारी हूडा, गुरुग्राम के कार्यालय में उचित प्रमाण सहित लिखित रूप में अपने एतराज बताये अन्यथा उक्त संपत्ति हूडा नीति अनुसार सम्पदा अधिकारी द्वारा हस्तांतरित/पुनः अलाटमेंट कर दी जाएगी और बाद में किसी दावे पर विचार नहीं किया जायेगा।

ए.पी. चमोली
(स्व. श्रीमती मधु चमोली के कानूनी वारिस)
DI-114972 सम्पदा अधिकारी, हूडा, गुरुग्राम की ओर से।

पब्लिक नोटिस

[illegible]

दिनांक-14-11-2019

भगवान सिंह (अध्यक्ष) 7701974453
राजेन्द्र कुमार अग्रवाल (महासचिव) 9868810798
रणबीर सिंह (कोषाध्यक्ष) 9810482755

खबर है...

प्लेटफार्म पर मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

पलवल (हप्र) : रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म पर 45 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद हुआ। जीआरपी ने शव को कब्जे में लेकर पहचान कराने का प्रयास किया। लेकिन मृतक की पहचान नही हो सकी। जांच अधिकारी एसआई धनीराम ने बताया कि उन्हें शुक्रवार को सूचना मिली की प्लेटफॉर्म नंबर एक व दो मध्य किसी अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लिया गया। मृतक का गंदमी रंग, लंबूतरा चेहरा, कमजोर जिस्म व लंबाई पांच फुट पांच इंच है। मृतक ने काले रंग की चेकदार कमीज, नीले रंग की जिंस पेंट व काला अंडर वीयर पहना हुआ है। पुलिस ने शव को पहचान व पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल के शवगृह में रखवा दिया है।

छत पर खेल रही बच्ची गिरकर घायल

कनीना (निस) : गांव खरकड़ा बास में मकान के छत पर खेल रही 4 वर्षीय बच्ची गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजनों ने उसे शीघ्रता से सीएचसी में दाखिल कराया जहां उसका उपचार कर हायर सेंटर रेफर कर दिया। बच्ची दिव्या छत पर खेल रही थी जो नीचे गिर गई। बच्ची की हालत नाजुक बताई गई है।

2 लाख रुपये लूटने का मामला फर्जी निकला

जुलाना/जींद (हप्र) : कस्बे की नई अनाज मंडी पर बृहस्पतिवार को मेहरड़ा गांव के किसान से 2 लाख रुपये लूटने का मामला फर्जी निकला। पुलिस जांच में खुलासा हुआ कि यह मामला आपसी झगड़े का था। मामले के अनुसार मेहरड़ा गांव के किसान दिनेश ने बताया था कि वह बृहस्पतिवार को धान बेचने के लिए जुलाना मंडी में आया हुआ था। जब वह आढ़ती से 2 लाख रुपये लेकर ट्रैक्टर-ट्राली लेकर जा रहा था तो मंडी गेट पर मोटरसाइकिल सवारों ने उससे 2 लाख रुपये लूट लिए। दिनेश ने इसकी शिकायत पुलिस को की थी। पुलिस ने सूचना पाकर मामले की जांच की। जुलाना थाना प्रभारी सुरेंद्र ने बताया कि यह लूट का यह मामला पुलिस जांच में झूठा पाया गया है।

शादी से पहले लड़की प्रेमी संग गायब

कनीना (निस) : क्षेत्र के एक गांव की लड़की शादी से 16 घंटे पहले प्रेमी संग गायब हो गई। लड़की की शादी शुक्रवार रात होनी थी। लड़की सुबह 4 बजे घर से अचानक गायब हो गई। पुलिस अधिकारी राजकुमार ने कहा कि शिकायत के आधार पर आरोपी युवक के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

आध्यात्मिक शांतिदूत यात्रा आज

सफीदों (निस) : प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की ओर से रविवार को नगर में एक शांतिदूत यात्रा निकाली जाएगी। जानकारी देते हुए प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की सफीदों शाखा प्रभारी स्नेहलता ने बताया कि इस यात्रा में 108 माताएं कलश धारण करके शांति का संदेश देंगी और इसके साथ-साथ अनेक ब्रह्मकुमार व ब्रह्मकुमारियां हाथ में बैनर व झंडे लेकर शांति मार्च करंगे। उन्होंने बताया कि इस यात्रा में विभिन्न झांकियों के माध्यम से आगामी 22 से 27 नवंबर को आयोजित होने वाले हेल्थ, वेल्थ व हैप्पीनेस अध्यात्मिक मेले की विस्तार से जानकारी दी जाएगी और आध्यात्मिकता व नैतिक मूल्यों को लेकर अनेक झांकियां प्रदर्शित होंगी। उन्होंने बताया कि यह शांतिदूत यात्रा नगर के महत्वपूर्ण स्थानों से होते हुए नगर के महाराजा जन्मेजय खेल स्टेडियम में पहुंचेगी जहां इस यात्रा का नगर के गणमान्य लोग भव्य स्वागत करेंगे।

2 मोटरसाईकिलों सहित 2 चोर गिरफ्तार

पलवल, 15 नवंबर(हप्र)

कैंप थाना पुलिस ने चोरी के दो अलग-अलग मामलों में 2 चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने एक चोर के कब्जे से दो बाइकों को बरामद कर उसे अदालत में पेश किया जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। जबकि दुसरे चोर को चोरीशुदा सामान की बरामदगी के लिए एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया हुआ है। थाना प्रभारी देवेंद्र मान ने बताया कि गांव काशीपुर निवासी विनोद कुमार ने शिकायत दर्ज कराई थी कि वह प्रभुदयाल अस्पताल के पास बने सैलून पर बाल कटवाने गया था। उसकी बाइक वहां से चोरी हो गयी थी। पुलिस ने चरण सिंह को गिरफ्तार किया गया जो फिलहाल मोहन नगर में रहता है। जिसे अदालत में पेश कर एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया। दूसरे मामले में कृष्णा कालोनी निवासी लोकेश ने शिकायत दी कि 31 अक्तूबर को वह परिवार के साथ गांव मानपुर खेती बाड़ी के काम से गए थे। वापस आए तो देखा कि घर के अंदर अलमारी के ताले टुटे थे और सामान इधर-उधर फैला हुआ था तथा अलमारी में रखे सोने के सारे जेवरात गायब थे। पुलिस ने लाइन पुरा मोहल्ला निवासी गोविंद को 14 नवंबर को गिरफ्तार किया। शुक्रवार को उसे अदालत में पेश कर एक दिन की रिमांड पर लिया।

बाइक पर टंगा रुपयों से भरा बैग चोरी

रेवाड़ी, 15 नवंबर (निस)

बैंक से एक लाख रुपये की राशि निकलवाकर बाजार में खरीदारी कर रहे कोसली स्टेशन क्षेत्र के रामकुमार की बाइक पर लटके बैग को मौका पाकर कोई चुरा ले गया। रामकुमार ने बताया कि शुक्रवार दोपहर को उसने कोसली बैंक से एक लाख रुपये की राशि निकाली थी और वह कोसली गांव के बस अड्डे पर बाइक को एक दुकान के सामने खड़ी कर खरीदारी करने लगा। बैग को उन्होंने बाइक पर ही लटका छोड़ दिया जिसमें एक लाख रुपये की राशि व जरूरी कागजात थे।

ADARSH COLLEGE OF EDUCATION
Approved by R.C.T.E & Affiliated by MDU Rohtak
VPO Dadanpur 124103 (Jhajjar) Haryana
E-Mail: info@adarsheducation.com

ELECTION NOTIFICATION

It is notified that the election for the post of President/Chairman-01, Vice President - 01, General Secretary -01, Treasurer-01 Teaching staff Representative-02 Non Teaching Staff Representative-01 and Member -11 of Governing Body of **Adarsh College of Education,** Dadanpur, Jhajjar (Run by Adarsh Education Society)

Will be held as per following schedule
Nomination starts from: 20.11.2019
Last date of Nomination 30.11.2019 (upto 4.00 pm)
Last date of security of nomination 02.12.2019
Date of Withdrawal of Nomination: 5/12/2019 (up to 4.00 pm)
Date of Election: 30-12-2019 (9.00 am to 5.00 pm at College Campus)
Declaration of Result: 30-12-2019 (Just after the counting of Votes)
For further information contact To Returning Officer

Ph. 8901180004

RASHTRIYA COLLEGE OF EDUCATION
Sonipat Road, Rohtak – 124001
Affiliated to MDU Rohtak
Faculty Required for B.Ed. Course

Principal-1
Teaching Staff: Perspectives in Education, Padagogy subjects (Hindi, English, Maths, Physical Science, Biological Science, Computer Science, Economics, and Commerce).
Instructor: Health & Physical Education, Fine Arts.
Eligibility/Qualification:- As per MDU/NCTE/UGC Norms pay scale as per state govt. MDU/NCTE/UGC Norms.
Candidates are required to submit their application along with two recent passport-size photographs in college and one copy to Dean College of Development Council M.D.U. Rohtak, Please note that the application must reach in the college within 21 days from the date of advertisement. DI-114902 **CHAIRMAN**

कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग, हरियाणा, चंडीगढ़
विज्ञापन

हरियाणा राज्य के कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग को चंडीगढ़ में अपना कार्यालय चलाने के लिए 5950 वर्ग फुट एरिया की किराये पर आवश्यकता है। इच्छुक पार्टियां 10 दिन के अंदर प्रस्ताव/कोटेशन निदेशक, कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग हरियाणा, चंडीगढ़ को ई-मेल आईडी artandculturalaffairshry@gmail.com पर भिजवायें। इसके अतिरिक्त प्रस्ताव व्यक्तिगत रूप या डाक द्वारा इस विभाग के कार्यालय एससीओ नं. 29, द्वितीय तल, सेक्टर 7-सी, मध्य मार्ग, चंडीगढ़ को भी भिजावएं। PRDH-79206

वाहन की चपेट में आने से बुजुर्ग की मौत

जींद, 15 नवंबर (हप्र)

मनोहरपुर गांव निवासी 75 वर्षीय बुजुर्ग चंद्र की बृहस्पतिवार रात जींद-पानीपत मार्ग पर अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मौत हो गई। पुलिस ने चंद्र के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस शिकायत में मृतक चंद्र के बेटे ने बताया कि बृहस्पतिवार रात को वह खेत में पूरे परिवार के साथ धान की सफाई कर रहे थे। वहीं रात को सड़क पार करते समय किसी अज्ञात वाहन ने उसके पिता को टक्कर मार दी। चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने शिकायत पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

माइनर में मिला शव

सफीदों, 15 नवंबर (निस)

सफीदों उपमंडल क्षेत्र में एक व्यक्ति का शव राजबाहा नंबर 3 में तैरता हुआ मिला। जानकारी के अनुसार राजबाहा नम्बर तीन मे गांव धड़ोली के समीप एक व्यक्ति का शव तैरता हुआ देख ग्रामीणों ने इसकी सूचना थाना पिल्लुखेड़ा मे दी। शव गला सड़ा है जिसके बारे मे पुलिस जांच कर रही है।

ELECTION NOTIFICATION

It is to notify that the Election of Governing body of S.R. College of Education, IMT, Sec-30 (B), for the post of President, Vice President, General Secretary, Treasurer, 11 Members of Governing Body, 1 Teaching staffs Representative and 1 Non-Teaching Staffs Representative will be held as per the Schedule given below.

1.	Date of filling nomination	21.11.2019-30.11.2019	9 am to 2 pm
2.	Date of Scrutiny of Nomination	05.12.2019	9 am to 2 pm
3.	Date of Withdrawal of Nomination	10.12.2019	9 am to 2 pm
4.	Date of Elections	30.12.2019	9 am to 2 pm
5.	Date of Result	30.12.2019	After election Processing over

ELECTION NOTIFICATION

It is to notify that the Election of Governing body of Shri Balaji College of Education, Near Radha Swami Satsang Vyas, Delhi Road, Sampla for the post of President, Vice President, General Secretary, Treasurer, 11 Members of Governing Body, 1 Teaching staffs Representative and 1 Non-Teaching Staffs Representative will be held as per the Schedule given below.

1.	Date of filling nomination	26.11.2019-04.12.2019	9 am to 2 pm
2.	Date of Scrutiny of Nomination	09.12.2019	9 am to 2 pm
3.	Date of Withdrawal of Nomination	14.12.2019	9 am to 2 pm
4.	Date of Elections	04.01.2020	9 am to 2 pm
5.	Date of Result	04.01.2020	After election Processing over

ट्रक ऑप्रेटर्स ने सरकार को दी चक्का जाम की चेतावनी

ट्रासपोर्टरों ने कहा- धंधा चौपट होने पर बेचने पड़ रहे हैं वाहन

रेवाड़ी, 15 नवंबर (निस)

ऑल इंडिया ट्रक ऑप्रेटर्स वेलफेयर एसोसिएशन ने मांगे स्वीकार नहीं होने पर सरकार को अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने व चक्का जाम की चेतावनी दी है। एसोसिएसन की बैठक शुक्रवार को धारूहेड़ा स्थित कार्यालय में हुई जिसमें धारूहेड़ा, भिवाड़ी, बिलासपुर, सिधरावली, गुरुग्राम, दिल्ली, गाजियाबाद, नोएडा के ट्रांस्पोटरों ने भाग लिया। उन्होंने सरकार से मांगें पूरी नहीं होने पर चक्का जाम की चेतावनी दी।

बैठक में रविंद्र श्योराण, सतीश लांबा, रणधीर सिंह ने कहा कि सरकार की गलत व दमनकारी नीतियों के चलते उनका धंधा चौपट होता जा रहा है। जिसके चलते उन्हें अपने वाहन बेचने पड़ रहे हैं। परिवार का पालन-पोषण मुश्किल हो गया है। उन्होंने सितंबर 2019 को लागू किया गया मोटर व्हीकल एक्ट निरस्त करने के साथ अन्य मांगों पर अमल करने की मांग की। उन्होंने कि कि अगर सरकार ने मांगों पर अमल नहीं किया तो वे 25 नवंबर को अनिश्चिकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे और चक्का जाम कर देंगे। वहां पर बंसीलाल, रणबीर, विनोद, राजपाल, महेश्वरी, बाबूलाल, मुकेश यादव, हरीप्रकाश, अरुण शर्मा, हरजीत सिंह, पवन कुमार, तेजपाल आदि उपस्थित थे।

रेवाड़ी क्षेत्र के धारूहेड़ा में शुक्रवार को आयोजित बैठक में उपस्थित ट्रांसपोर्टर। - निस

PUBLIC NOTICE

Whereas, Panchvati Co-operative House Building Society Ltd, in collaboration with Shrishti Infradevelopers Pvt. Ltd; 204-205, Meghna Complex, Sheela Bye Pass Chowk, Rohtak is in the process of undertaking of development of a Affordable Residential Plotted Colony (DDJAY) in Sector-3 & 4, Rohtak over an area measuring 5.176 Acres in the revenue estate of Village Bohar in accordance with the provision of Licence # 38/2018, granted by Director, Town & Country Planning, Haryana, Chandigarh. And whereas, 84 flats under purchase agreement for allotment of flats to the Society members (hereinafter referred as allottees). And whereas, the Building Plans earlier approved at the time of grant of licence for the said colony is now proposed to be revised. And whereas, the office of Director, Town & Country Planning, Haryana, Chandigarh has required seeking of objection against the revision of Building Plans as a pre-condition for allowing such revision in the Building Plans. Accordingly, vide this public notice; objections are hereby invited from any of the allottees in the said colony on the proposed revision of the Building Plans of the said colony. A copy of the earlier approved Building Plans & the Building Plans now proposed to be revised bearing memo No. 3622/AD(NK) 2019/27267 dt. 6/11/2019 is available for perusal on website-shrishtiinfra.co.in & can also be perused at the office of undersigned at the above address as well as in the office of District Town Planner, Sector-1, Rohtak. Any allottee having any objection on revised Layout Plan, may file his objection in the office of District Town Planner, Sector-1, Rohtak within 30 days of the publication of this notice, failing which it shall be assumed that there are no objections to the proposed revision in the Layout plan.

Place: Rohtak — Sanjay Chawla, President-Society
Date: 14/11/2019 — S.P. Sharma, Director-Company

SOUTH POINT DEGREE COLLEGE
Bagru, Ratangarh, Gohana Road, Sonepat
Ph: 09812020033, 09812421919
Web: www.southpoint.info Email: southpoint9@gmail.com

REQUIRED TEACHING & NON-TEACHING STAFF FOR B.A, B.COM., B.SC. (Medical & Non-Medical), BBA, BCA, PG Dip. in Yoga Sc.

Principal - 01
Professor two each in Commerce, Economics, Math, Chemistry, Physics, Hindi, History, Pol. Sc., English, Computer Science, Botony, Zoology, Geography, Sociology.
Associate Prof. two each in Commerce, Economics, Math, Chemistry, Physics, Hindi, History, Pol. Sc., English, Computer Science, Botony, Zoology, Geography, Sociology.
Assistant Prof. in Commerce-4, Economics-3, Maths-4, Chemistry-5, Physics-4, Hindi-4, History-4, Pol. Sc.-4, English-4, Computer Science-5, Botony-3, Zoology-3, Geography-2, Yoga-3, Physical Education-2, Management-4, Sociology-2.
Non-Teaching Staff: Superintendent/Dy. Supdt.-1, Clerk-6, Technical Assistant/Data Entry Operator/Computer Operator-6, Office clerk cum Assistant-1, Steno-Typist-1, Librarian-1, Library Attendant-8, Lab. Attendant-8, Lab Assistant-6, Lab Technician-6, Peon-4, Chowkidar-2, Safai Karamchari-4, Mali-4.

Qualification & Pay Scales as per MDU/UGC & State Govt. norms

*NET/PhD in concerned subject and for the post of Librarian is compulsory.
Interested Candidates may apply within 21 days but not later than 6/12/2019 along with all testimonials through registered post to the Chairman, South Point Degree College,Sonipat and a copy of application must be sent to the DCDC, MDU, Rohtak. Posts can be increased/decreased at the time of interview as per requirement.
Note:- The candidates who applied against the advertisement dated 2/3/2109 need not to apply again because the process of selection cannot be materialized due to code of conduct of Vidhan Sabha Election 2019.
CHAIRMAN

MAHARISHI MARKANDESHWAR (DEEMED TO BE UNIVERSITY)
MULLANA-AMBALA, HARYANA (INDIA)-133207
(Established under Section 3 of the UGC Act, 1956)
(Accredited by NAAC with Grade A)

ADMISSION NOTICE - 2 (2019) (for Ph.D. PROGRAMME)

Applications are invited by **02.12.2019** for Admission to the **Ph.D.** Programme in the following disciplines:

Sr. No.	Name of Discipline	Sr. No.	Name of Discipline
	TECHNICAL STREAM		MEDICAL STREAM
1.	Biotechnology	1.	Anatomy
2.	Chemistry	2.	Biochemistry
3.	Civil Engg.	3.	Microbiology
4.	Computer Sc. &Engg.	4.	Pharmacology
5.	Dietetics/Food Technology	5.	Physiology
6.	Electronics & Comm. Engg.	6.	Physiotherapy
7.	Electrical Engineering		DENTAL STREAM
8.	Management	1.	Oral Maxillofacial Surgery
9.	Mathematics	2.	Public Health Dentistry
10.	Mechanical Engg.		NURSING STREAM
11.	Pharmacy	1.	Nursing
12.	Physics		

The **MM(DU)** also offers **Fellowships** of **Rs.18,000/-** P.M. with **Contingency** upto **Rs.6,000/-** per annum (for disciplines other than Medical/Dental/Nursing streams) and some of the selected candidates may be considered for the award of Fellowships on their merit and research aptitude.
Except for those exempted from **Entrance Test** as per conditions mentioned in the Prospectus, Admissions will be made on the basis of merit of Entrance Test to be held on **07.12.2019** at **11.00 A.M.** followed by interview in the MM(DU). Those exempted from Entrance Test will also have to appear for interview on the same date.
Prospectus containing **Application Form** and other **details** including **No. of seats** in each of the disciplines can be obtained from the counter of the MM(DU) on payment of **Rs.1000/-** or can be **downloaded** from the **website** of the MM(DU) in which case a Bank Draft of equivalent amount drawn in the name of the MM(DU) will have to be enclosed with the Application.
REGISTRAR

Ph.: 01731-282400 Fax: 274495
Website: www.mmumullana.org, Email: info@mmumullana.org

क्लासीफाइड

विवाह संबंधी

वधू चाहिए

खत्री/अरोड़ा

मल्होत्रा, 24.12.1983 (रात्रि 8.30 बजे)/6', शराब-सिगरेट न पीने वाले, बिजनेसमैन के लिए वधू चाहिए। अम्बाला : 94164630274. (CL19112722)

अरोड़ा

पुनीत सचदेवा जन्म 17.03.1985, अबोहर, लड़के हेतु खानदानी परिवार से वधू चाहिए। अपना बिज़नेस। संपर्क करें : 9653353001, birenterprises14@gmail.com (CL19112218)

दिल्ली आधारित अरोड़ा/ खत्री, 26/5'-8'', बिजनेसमैन (20-25 लाख सालाना), खूबसूरत लड़का। फोन : 92530-11117. (CL19113409)

हिन्दू सैनी, 1980/5'-10'', बी.टैक. (PEC), DRDO में बतौर साइंटिस्ट नौकरीशुदा, वेतन 18 लाख वार्षिक लड़के हेतु सुयोग्य रिश्ता चाहिए। उच्च जाति का बंधन नहीं। whatsapp: 7340733352. (CL19114462)

खत्री

खत्री अरोड़ा, 27, चंडीगढ़ में बिजनेस, लड़के हेतु सुशिक्षित लड़की चाहिए। 81464-61927. (CL19112293)

सैनी

पंजाबी सैनी 28/5'-8'', खूबसूरत पतले, क्लास-I एग्ज़िक्यूटिव बीईएल (सरकारी पीएसयू) में लड़के हेतु प्राथमिक तौर पर सरकारी जॉब में कार्यरत लड़की चाहिए। जातीय बंधन नहीं, 94578-03218, 94104-33728. (CL19112273)

जट

जट सिख, 1991 जन्म/5'-8'', बीटैक, सीएसई तथा पीजीडीबीएम, सरकारी बैंक में बतौर असिस्टेंट मैनेजर कार्यरत, एक्सप्रेस एंट्री द्वारा कैनेडियन पीआर हेतु भी आवेदन किया, माता-पिता सरकारी कर्मचारी, लड़के के लिए सुयोग्य रिश्ता चाहिए। संपर्क करें : 98729-92221. (CL19114364)

डाक्टर/इंजीनियर

खूबसूरत एससी 28/5'-9'', एमएस (यूएस) आईटी इंजीनियर न्यूयार्क, लड़के हेतु प्रोफेशनल योग्यता प्राप्त वधू चाहिए। जाति /धर्म बंधन नहीं। लड़की सुन्दर यूएस में कार्यरत हो। फोन/ WhatsApp 9953612328, ई-मेल : vijaymohan07@hotmail.com (CL19102124)

एमडी मेडिसिन डीएम कार्डियोलोजी (कर रहे) रामदासिया, 5'-6''/87, लड़के हेतु एमडी/एमएस, डीएम/ एमसीएच लड़की चाहिए। 99141-30167. (CL19112223)

अनुसूचित जाति

जाटव 08.08.1990/प्रातः 4.25 बजे/ अम्बाला/ 5'-6'', बीटैक मिकैनीकल, पारिवारिक कारोबार, बढ़िया आय, लड़के हेतु शिक्षित, सुंदर वधू चाहिए। 98961-53293. (CL19114335)

फुटकर

प्रजापति, खूबसूरत, बी.टैक. कम्प्यूटर साइंस, 28/5'-6'', सरकारी सहायता प्राप्त कालेज में स्थायी जॉब वाला लड़का। 94162-06832, 94163-66934, 62839-83541. (CL19113579)

एनआरआई

30 वर्ष 5'-9'', खूबसूरत चमार कैनेडा के स्थायी निवासी, कुरुक्षेत्र आधारित लड़के हेतु योग्य लड़की चाहिए। कोई बंधन नहीं। व्हाट्सएप : 9034809804. (CL19113079)

यादव

खूबसूरत या 30/5'-6', बीकॉम प्राइवेट जॉब 17000/- मासिक लड़के हेतु वधू चाहिए। मिडल क्लास परिवार, 90348-90039. (CL19111682)

ब्राह्मण

गैर-मंगलीक पंजाबी ब्राह्मण, अगस्त 1988/6', Delliolite Gurgaon में नौकरीशुदा (पैकेज 18 लाख) लड़के के लिए सुयोग्य वधू चाहिए। जातीय बंधन नहीं। हरियाणा व पंजाब में प्रापर्टी। संपर्क करें : 8800188355. (CL19112766)

मंगलीक सारस्वत ब्राह्मण मद्य त्यागी 27.10.88/प्रातः 3.35 बजे हरिद्वार 5'-6'' बैंकिंग प्रोफेशनल, 9456708217. (CL19113397)

ब्राह्मण

हमें अपने बेटे 22.02.1990 (सायं 5.10 बजे, अमृतसर)/ 5'-5'', B.Tech., HDFC Bank (पैकेज 4.5 लाख) के लिए सुयोग्य वधू चाहिए। फोन : 7696266553. (CL19112839)

शर्मा, 29/176 सैं.मी., इंजी. चंडीगढ़ इनफोसिस। एचपी लड़की को प्राथमिकता। संपर्क करें : 94180-68147, 94184-68148. (CL19114809)

जट सिख

शिक्षित सुस्थापित परिवार द्वारा अपने खूबसूरत गोरे जट सिख कैनेडियन नागरिक 5'-9''/90 जन्म लड़के हेतु रिश्ता मांगा जाता है (स्टूडेंट या विजिटर को प्राथमिकता)। कृपया स्व-विवरण एवं नवीनतम तसवीर भेजें : dhaliwal7257@gmail.com (CL19107226)

सिख

सैनी सिख, 24/5'-6'', एम.टैक. (बिट्स पिलानी) इनटेल बेंगलूरू में हार्डवेयर इंजीनियर, 06 अंकों में मासिक वेतन, लड़का। इंजीनियर/ एमबीए/ सीए को तरजीह। संपर्क करें : 9876817004, 7009035847. (CL19105403)

सिख अमृतधारी, 5'-5'', रामदासिया, जनवरी 91, बीटैक, आईटी कंपनी फरीदाबाद में कार्यरत, अर्बन एस्टेट, फरीदाबाद में रह रहा लड़का। 98995-43850. (CL19112255)

अग्रवाल

अग्रवाल, स्मार्ट, बी.टैक., 39/ 5'-9'', बढ़िया कारोबार, कुरुक्षेत्र लड़के हेतु अविवाहित, शाकाहारी लड़की चाहिए। जातीय बंधन नहीं। शीघ्र विवाह। दहेज नहीं, 79881-89440. (CL19113351)

गोयल परिवार को अपने 27 वर्षीय, योग्यताप्राप्त बिजनेसमैन पुत्र हेतु शिक्षित, सुशील वधू चाहिए। (मोबाइल) 99274-92548/ 98372-54854. (CL19114051)

1986 जन्म एमटैक, 5'-11'', चंडीगढ़, पढ़ा रहे तथा पीएचडी कर रहे लड़के हेतु रिश्ता चाहिए। जातीय बंधन नहीं। 94640-80706. (CL19114652)

रिक्त स्थान

अमर शहीद बाबा अजीत सिंह जुझार सिंह मेमोरियल कालेज बेला, जिला रोपड़ (पंजाबी यूनिवर्सिटी पटियाला से एफीलिएटिड) डीन कालेज विकास परिषद, पंजाबी यूनिवर्सिटी पटियाला को एक कापी भेजने सहित दस्तावेजों तथा पासपोर्ट साइज तस्वीर सहित नयी ग्रांट इन एड स्कीम के प्रति प्रिंसिपल के पद के लिए आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। इस विज्ञापन के प्रकाशन से 21 दिनों के भीतर आवेदन करें। शर्तें एवं प्रतिबंध पंजाबी यूनिवर्सिटी/डीपीआई (सी) पंजाब/यूजीसी नियमानुसार। (सचिव), 01881-263533, 94178-20125. (CL19114339)

सार्वजनिक सूचना

मैं, नीना चड्ढा पत्नी श्री अशोक कुमार चड्ढा निवासी म.नं. 335, सेक्टर-6, पंचकूला घोषित करती हूं कि मेरा प्रथम नाम नीना तथा उप नाम चड्ढा है। सभी संबद्ध कृपया नोट करें। (CL19113548)

मैं, आर्मी नं. 16017202A Nk देवेन्द्र सिंह पुत्र सुरेश निवासी गांव भगवतीपुर, रोहतक, घोषित करता हूं कि मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरी पत्नी का नाम गलती से मीना दर्ज है। उसका वास्तविक नाम मीना देवी है। (CL19114165)

मैं, रणधीर सिंह पुत्र रण सिंह 257 बी/20, सैनीपुरा, रोहतक, ने अपने बेटे रविन्द्र उर्फ सोनू तथा उसकी पत्नी मोनिका उर्फ मोनी को कहने से बाहर होने से चल -अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। अब इन दोनों के किसी भी काम या लेन -देन के लिए मेरी या मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी। (CL19114175)

मैं, आर्मी नं. 16017202A Nk देवेन्द्र सिंह पुत्र सुरेश निवासी भगवतीपुर, रोहतक, घोषित करता हूं कि मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरे पुत्र का नाम गलती से Dhruv Dhul दर्ज है। उसका वास्तविक नाम Dhruv Dhull है। (CL19114177)

मैं, ऊषा विज पत्नी स्व. श्री सत्य पाल विज निवासी मकान नं. 439, लेबर ब्यूरो एन्क्लेव, सेक्टर 49-ए, चंडीगढ़, घोषित करती हूं कि विवाह से पूर्व मेरा नाम ऊषा खन्ना था। विवाह के बाद मैंने सभी दस्तावेजों हेतु अपना नाम बदलकर ऊषा विज रख लिया है। (CL19114186)

मैं, रामनिवासी पुत्र मेहर सिंह निवासी गांव खिड़वाली, रोहतक, ने कहने से बाहर होने के कारण अपने पुत्र मनीष को अपनी चल -अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। मैं व मेरा परिवार उसके किसी भी अनुचित कार्य व लेन -देन के जिम्मेवार नहीं होंगे। (CL19114188)

सार्वजनिक सूचना

मैं, प्रसन्न कौर पत्नी स. दर्शन सिंह निवासी # 59, पुलिस लाइन, सेक्टर-26, चंडीगढ़, घोषित करती हूं कि मैंने अपने पुत्र हरपाल सिंह एवं उसकी पत्नी प्रदीप कौर को अपनी तमाम चल -अचल प्रापर्टी से बेदखल कर दिया है क्योंकि वे मेरे नियंत्रण से बाहर हैं। उनके साथ कोई भी लेन -देन अपने जोखिम पर किया जाए। इस संबंध में मेरी कोई जिम्मेवारी नहीं होगी। (CL19114578)

मैं, हरि सिंह पुत्र तिलक राज निवासी #109, लिटिल फ्लोवर स्कूल वाली गली, बीसीडब्ल्यू सूरजपुर, कालका, ने अपने पुत्र विनोद कुमार उर्फ रिंकू को अपनी चल -अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है, क्योंकि वह मेरे कहने से बाहर है। भविष्य में इसके साथ किसी तरह का लेन -देन करने वाला व्यक्ति स्वयं जिम्मेवार होगा। (CL19114590)

मैं, Kalpna Pandeer धर्मपत्नी नम्बर JC422841W, Nb/Sub Kuldeep Singh निवासी गांव जोल, डाकघर मुहल, तहसील देहरा, जिला कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश, ने शपथपत्र संख्या 03AA 764953, दिनांक 04.11.2019 के तहत कार्यकारी न्यायाधीश धर्मशाला, जिला कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश के समक्ष अपना नाम बदलकर Kalpna Pandeer से Kalpna रख लिया है। संबंधित नोट करें। (CL19114626)

हम, बलविन्द्र सिंह पुत्र तेजा सिंह, परमजीत कौर पत्नी बलविन्द्र सिंह निवासीगण वार्ड नं. 8, रानियां (सिरसा) का लड़का सुनील पुत्र बलविन्द्र सिंह कहने -सुनने से बाहर होने के चलते चल -अचल संपत्ति से बेदखल करते हैं। इससे लेन -देन व संबंध रखने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। (CL19114679)

मैं, नं. 14607873एफ, नायक रणधीर सिंह पुत्र श्री ओंकार सिंह गांव व डाकघर कंदौर, तह. फतेहपुर, जिला कांगड़ा, हि.प्र. घोषित करता हूं कि मेरे आर्मी सर्विस रिकार्ड में मेरी पुत्री का नाम एवं जन्म तिथि गलती से काजल कंदोरिया, 27.07.1995 दर्ज हो गए हैं जबकि उसका सही नाम एवं जन्मतिथि काजल, 26.07.1995 हैं। संबद्ध नोट करें। (CL19114765)

मैं, नंबर 5047392Y हवलदार Tharka Bahadur Suryabamshi सुपुत्र श्री मिन बहादुर सूर्यबमशी निवासी 1/1 जीआर, धर्मशाला कैंट, तहसील धर्मशाला, जिला कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश, घोषणा करता हूं कि मेरे आर्मी सर्विस रिकार्ड में मेरी पत्नी Smt. Nirmla Suryabamshi की जन्मतिथि गलती से 17.10.1984 दर्ज हो गयी है, जबकि उसकी सही जन्मतिथि 16.01.1984 है। संबंधित नोट करें। (CL19114688)

मैं, प्रवीण कुमार पुत्र योगिन्दर प्रकाश निवासी 207-ए, जोगिन्द्र नगर, यमुनानगर अपने पुत्र रोहित को मेरे कहने -सुनने से बाहर होने पर अपनी चल -अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन -देन करने पर मेरा परिवार जिम्मेवार नहीं होगा। (CL19114703)

आवश्यक सूचना

दि ट्रिब्यून ट्रस्ट का इस समाचार पत्र में मुद्रित विज्ञापनों (डिस्प्ले/ क्लासीफाइड) के तथ्यों संबंधी कोई दायित्व नहीं है। हमारा समाचारपत्र इनको सत्यापित नहीं करता है। पाठकों से विनती है कि वे इन विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पूर्व तथ्यों की स्वयं पुष्टि कर लें।

मंडी का गेट बंद कर ट्रैक्टर-ट्राली के प्रवेश पर लगाई रोक

धान की खरीद रही बंद, 25 हजार कट्टों का उठान

जुलाना की नयी अनाज मंडी में शुक्रवार को ट्रकों द्वारा किया जा रहा उठान कार्य। -हप्र

जुलाना/जींद, 15 नवंबर (हप्र)

कस्बे की नयी अनाज मंडी में शुक्रवार को धान की खरीद नहीं की गई। मंडी में केवल उठान का कार्य हुआ। इस दौरान दिनभर में करीब 25 हजार कट्टों का उठान किया गया। मंडी का गेट बंद कर ट्रैक्टर-ट्राली पर अंदर प्रवेश करने से रोक लगा दी गई। बता दें कि पिछले कुछ दिनों से जुलाना की नई अनाज मंडी में धान की आवक तेज गति से हुई। आवक तेज होने व कट्टों का उठान नहीं होने से मंडी में जाम की स्थित पैदा हो गई। धान गिराने की जगह मंडी में नहीं बची। आढ़ती एसोसिएशन ने बैठक कर फैसला लिया कि शुक्रवार को मंडी में ब्रिकी के लिए आने वाली धान की ट्रालियों का प्रवेश नहीं होगा और न ही धान की खरीद होगी केवल मंडी से कट्टों का उठान होगा।

क्या कहते हैं मार्केट सचिव

मार्केट कमेटी सचिव, देवेंद्र ढुल ने बताया कि किसान ट्रैक्टर के साथ तीन-तीन ट्राली धान की भरकर मंडी में लाते हैं। मंडी में धान डालने के बाद ट्रैक्टर-ट्राली वहीं खड़ी कर देते हैं इसी कारण मंडी में जाम लग जाता है। अब मार्केट कमेटी ने खाली ट्रैक्टर-ट्राली खड़ी करने की जगह करसोला रोड गेट पर फिक्स कर दी है।

बढ़ने के बाद फिर लुढ़के 1121 धान के भाव

उचाना/जींद (हप्र) किसानों की धान 1121 का भाव बुधवार को 3 हजार पार होने के बाद फिर से लुढ़क गए। शुक्रवार को 2895 रुपए प्रति क्विंटल का भाव सबसे अधिक रहा। जबकि 13 नवंबर को 3033 रुपए प्रति क्विंटल के भाव सबसे अधिक रहे थे। बृहस्पतिवार को 78 रुपए प्रति क्विंटल कम होते हुए भाव 2955 रुपए प्रति क्विंटल तक रहे। किसान रामफल, बलबीर, रामकरण, हरदीप ने कहा कि कुछ दिनों से भाव बढ़ रहे थे। बुधवार को 3 हजार पार हो गए थे। बृहस्पतिवार को भाव फिर से 3 हजार से नीचे हो गए हैं। उम्मीद थी कि भाव बढ़ते रहेंगे, लेकिन अब कम हो गए हैं। इस बारे धान के भाव बीते साल से कम मिल रहे है। कम से कम भाव बीते साल की तरह 3500 रुपए तक पहुंचे तो किसानों को आर्थिक फायदा होगा।

पराली जलाने वाले शस्त्र लाईसेंस होंगे रद्द

सिरसा (निस) : पराली जलाने वाले लाईसेंस धारक किसानों के शस्त्र लाईसेंस रद्द कर दिए जाएंगे। यह आदेश उपायुक्त अशोक गर्ग ने दिए। उन्होंने कहा कि जिन किसानों की पराली जलाने पर प्राथमिकी दर्ज हो रही है। उनके शस्त्र लाईसेंस रद्द कर दिए जाएंगे। उन्होंने आमजन से अपील की कि पर्यावरण को प्रदूषण मुक्त करने में सहयोग दें।

सरकारी खरीद न होने से रोष

नूंह अनाज मंडी में शुक्रवार को बिकवाली के लिए आयी धान की फसल। -निस

नूंह/मेवात,15 नवंबर (निस)

जिला की मंडियों में खरीफ फसलों की खरीद धीमी हो गई है, जबकि बाजरे की सरकारी खरीद 7 नवंबर से बिना किसी कारण बताये बंद की जा चुकी है। किसान मजबूरी में निजी आढ़तियों को औने-पौने दामों में अपनी फसल बेच रहा है। अखिल भारतीय किसान सभा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य हाजी काले खान व विभिन्न संगठनों से जुड़े प्रमुख लोगों ने मंडी प्रशासन से लेकर जिला प्रशासन के यहां बाजरें की सरकारी बंद खरीद को शुरू करवाने के लिए की गई फरियाद भी बेअसर रही हैं।

हैरानी की बात देखने को यह मिल रही है कि जिला की मंडियों में हजारों क्विंटल धान की आवक हो चुकी है और यह बदस्तूर जारी है, लेकिन सरकार ने एक दाना भी धान का खरीद नहीं किया हैं। इस बारे में नूंह मंडी के कार्यवाहक सचिव कम कार्यकारी अधिकारी मनीष कुमार ने माना कि बाजरे की 7 नवंबर से सरकारी खरीद बंद है।

गेहूं की बुआई से पिछड़ रहे किसान

गेंहू की बुआई से पिछड़ रहे किसान अपनी गोभी की फसल को औने-पौने दामों में बिक्री कर रहे हैं। जिला की मंडियों में एकाएक गोभी की आवक बढ़ जाने से कई किसानों को तो भाड़े के भी लाले पड़ जाते हैं। उल्लेखनीय है कि, जिला के तावडू उप मण्डल में गोभी का सर्वाधिक उत्पादन होता हैं।

पेटवाड़ गोली कांड : तीनों घायल खतरे से बाहर

एक ही रिवाल्वर से चलाई गयी थीं 12 गोलियां

नारनौंद, 15 नवंबर (निस)

गांव पेटवाड़ में हुए गोलीकांड को लेकर पुलिस कई पहलुओं पर जांच करने में जुटी हुई है। लेकिन अभी तक इस हत्याकांड की सही तस्वीर साफ नहीं हो पाई है कि आखिरकर अनिल ने अपने ही परिजनों पर ताबड़तोड़ गोलियां क्यों चलाईं। इस हादसे में अनिल व उसकी भतीजी पूजा की मौत हो गयी। पुलिस ने देर रात दोनों के शवों का पोस्टमार्टम करवाया और परिजनों ने रात को ही दोनों का अंतिम संस्कार कर दिया।

परिजनों के अनुसार अनिल उर्फ लीलू मानसिक रूप से परेशान रहता था और एक सप्ताह पहले ही वह नारनौंद थाने में जमा अपने लाईसेंसी रिवाल्वर व डोगा बंदूक घर ले गया था। बृहस्पतिवार की सुबह हुए झगड़े में अनिल ने रिवाल्वर से ही 12 गोलियां चलाई। 6 गोलियां खत्म होने के बाद उसने तुरंत ही वह एक बार फिर से अपने रिवाल्वर में 6 गोलियां और लोड करके बड़े भाई रमेश के घर पर हमला करने पहुंचा था। इस कांड में घायल हुई अनिल की पत्नी सुमन, रमेश की लड़की पुनीत व रमेश का इलाज हिसार के एक निजी अस्पताल में चल रहा है। जिनको खतरे से बाहर बताए जा रहे हैं।

थाना प्रभारी दलबीर सिंह लाठर ने बताया कि मृतक अनिल की पत्नी के बयान के बाद ही पूरी घटना से पर्दा उठ सकेगा।

नौकरी लगाने का झांसा देकर ठगे 12 लाख, केस दर्ज

हिसार, 15 नवंबर (हप्र)

पुलिस विभाग में सिपाही पद की नौकरी लगवाने का लालच देकर 12 लाख रुपये ठगने के आरोप में पुलिस ने 3 व्यक्तियों को नामजद करते हुए सीएम का ओएसडी बताने वाले एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज किया है। इस बारे में एचटीएम थाना पुलिस ने जींद के मुआना गांव निवासी राममेहर की शिकायत पर नरवाना निवासी पवन, हिसार के रेड स्क्वेयर मार्केट निवासी प्रवीण गर्ग, दड़ौली गांव निवासी अश्विनी मनेडा व एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज किया है।

राममेहर ने बताया कि उनकी पील्लूखेड़ा अनाज मंडी में आढ़त की दुकान है। उसने अपने पुत्र को नौकरी लगवाने के नाम पर उक्त राशि झांसे में आकर दे दी। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच डीएसपी अशोक कुमार को सौंप दी है लेकिन अभी तक किसी भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है।

दी थी पराली जलाने वाले की सूचना

पहचान सार्वजनिक करने पर पटवारी निलंबित

फतेहाबाद, 15 नवंबर (निस)

एक गांव के प्रबुद्ध नागरिक ने प्रशासन को पराली जलाने वालों की सूचना दी तो इस गांव से सम्बंधित पटवारी ने उसकी पहचान सार्वजनिक कर दी। इस कारण इस ग्रामीण को गांव में व्यक्तिगत रंजिश का सामना करना पड़ रहा है। मामला जिल उपायुक्त धीरेन्द्र खड़गटा के संज्ञान में आया तो उपायुक्त ने इस पर कड़ा कदम उठाते हुए पटवारी को तुरंत प्रभाव से सस्पेंड कर दिया। साथ ही मामले की जांच एडीसी को सौंप दी गई है।

मिली जानकारी के अनुसार सुप्रीम कोर्ट के सख्त आदेशों के बाद फतेहाबाद जिले में पराली जलाने के मामलों में कोई कमी नहीं आई है। सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की पालना के लिए डीसी ने पटवारियों व अन्य अधिकारियों की स्पेशल ड्यूटी गांवों में लगाई हुई थी। ऐसे में गांव रतिया के गांव भरपूर के एक ग्रामीण ने इसकी जानकारी प्रशासन को दी थी कि गांव में पराली जलाई जा रही है। इस मामले में गांव के पटवारी बोधराज ने ग्रामीणों को उक्त ग्रामीण का नाम गांव में सार्वजनिक कर दिया। इस पर कार्रवाई करते हुए वीरवार देर शाम को डीसी धीरेन्द्र खड़गटा ने उक्त पटवारी के संस्पेशन ऑर्डर जारी कर दिए हैं।

75 वरिष्ठ बिजली पेंशनर्ज सम्मानित

भिवानी, 15 नवंबर (हप्र)

भिवानी में सम्मान समारोह में उपस्थित पेंशनर्ज। -हप्र

वरिष्ठ हरियाणा बिजली पेंशनर्ज वैलफेयर एसोसिएशन द्वारा यहां ब्राह्मण धर्मशाला में शुक्रवार को एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समारोह में 75 वरिष्ठ बिजली पेंशनर्ज को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष बालमुकुंद बापोड़ा ने की। कार्यक्रम में मुख्यातिथि आरपी मैदान रिटायर्ड अधीक्षक अभियंता थे। समारोह में विशिष्टातिथि रामबिलास शर्मा सेवानिवृत मुख्य अभियंता, आरके गोयल सेवानिवृत्त संचालक शशीकांत, सेवानिवृत्त एसडीओ धारा सिंह, पूर्व प्रदेश महासचिव बीर सिंह, ईश्वर सिंह बाबा, जिले सिंह शर्मा आदि ने विशिष्टातिथि के रूप में शिरकत की। आज के समारोह के प्रवक्ता व संगठन के संरक्षक दलबीर उमरा ने कहा कि आज के कार्यक्रम में पूरे हरियाणा से लगभग 12 सौ लोगों ने शिरकत की और भिवानी द्वारा आयोजित कार्यक्रम की सभी ने सराहना भी की।

मामला वर्ल्ड कॉलेज का

वादे पूरे होने के इंतजार में अब भी धरना दे रहे विद्यार्थी

सीएम खट्टर और दुष्यंत चौटाला तक दे चुके हैं आश्वासन

झज्जर, 15 नवंबर (हप्र)

उम्मीद जब टूटती है तो बहुत दुख देती है। ऐसा हुआ है झज्जर वर्ल्ड कॉलेज के उन अनशनकारी छात्र-छात्राओं के साथ जोकि पिछले करीब सवा दो माह से झज्जर में अपनी समस्या के समाधान के लिए धरने पर बैठे हैं। हैरत की बात तो यह है कि चुनाव के दौरान जजपा सुप्रीमो दुष्यन्त चौटाला ने झज्जर में इन आंदोलनकारी छात्रों के रूबरू होकर उनकी समस्या का समाधान कराए जाने की बात कही थी। दुष्यन्त चौटाला मौजूदा सरकार में डिप्टी सीएम के पद पर हैं और नयी सरकार के गठन को एक पखवाड़े से ज्यादा का समय हो चुका है। इन आंदोलनकारी छात्रों का एक प्रतिनिधिमंडल दिल्ली में जाकर दुष्यन्त चौटाला से उनके निवास पर मिला था। उस समय भी उन्हें समस्या के समाधान का आश्वासन दिया गया था।

बाद में जब हरियाणा सरकार का पहला विस सत्र शुरू हुआ तो उस दौरान भी झज्जर की कांग्रेस विधायक व पूर्व शिक्षा मंत्री गीता भुक्कल ने विधानसभा में भी वर्ल्ड कॉलेज के इन छात्रों की समस्या का मामला उठाया था। जवाब में सीएम मनोहर लाल खट्टर ने कहा था कि उन्होंने इस मामले में रिपोर्ट तलब कर रखी है और इसके लिए मेडिकल काऊंसिल को भी लिख दिया गया है। जल्द ही इन आंदोलनकारी छात्रों की मांग पर कार्यवाही की जाएगी और उन्हें दूसरे मंजूरशुदा मेडिकल कॉलेज में समायोजित कर दिया जाएगा। लेकिन कई दिन बीत जाने के बावजूद इन छात्रों की मांग ज्यों की त्यों बरकरार है और उन्हें अपनी मांग पूरी कराने को लेकर झज्जर में निरन्तर धरना देना पड़ रहा है।

प्रदर्शन कर याद दिलाया वादा

उधर शुक्रवार को इस मामले में आंदोलनकारी छात्र-छात्राओं ने धरनास्थल पर प्रदर्शन किया और नयी सरकार को अपना वायदा याद दिलाते हुए उसे पूरा करने की मांग की। छात्रों का कहना था कि वह पिछले करीब सवा दो साल से अपने घर-बार को छोड़कर धरनास्थल पर डटे हुए हैं। न तो प्रशासन सुन रहा न कॉलेज प्रबंधन मान रहा है।

संजय मान बने अध्यक्ष

बाढड़ा, 15 नवंबर (निस)

लोहारू कैनाल के पंप हाऊस संख्या 6 में कच्चे कर्मचारी संघ की नयी कार्यकारिणी का गठन किया जिसमें सर्वसम्मति से संजय मान को नया अध्यक्ष चुना गया। सिंचाई विभाग कर्मचारी संघ अध्यक्ष राजपाल राव ने लोहारू केनाल के पंप हाऊस संख्या 6 आयोजित कच्चे कर्मचारी संघ सदस्यों को कहा कि सरकार को इन कर्मचारियों के हितों Hk कोई ठोस निर्णय ले। बैठक में मुकेश शर्मा को उपाध्यक्ष, पंकेश कुमार को सचिव, सोमबीर सिंह को उपसचिव, रिंकू को कोषाध्यक्ष, विक्रम सिंह को संगठन सचिव, प्रदीप कुमार को सलाहकार, सुरेश कुमार को प्रचार सचिव चुना गया।

epaper.thetribuneonline.com

सेक्टरवासी नहर पर दे रहे हैं ठीकरी पहरा

पानी को लेकर 2 सरकारी विभाग आमने-सामने

हूडा ने पब्लिक हैल्थ पर लगाया पानी चोरी का आरोप

झज्जर, 15 नवंबर (हप्र)

बहादुरगढ़ में जल आपूर्ति विभाग और हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (हूडा) पानी को लेकर आमने सामने हो गये हैं। हूडा के अधिकारियों ने जल आपूर्ति विभाग पर पानी चोरी का आरोप लगाया है।

दरअसल हूडा के रिहायशी सेक्टरों में पेयजल की सप्लाई करने वाली बहादुरगढ़ वाटर सर्विस माइनर से जबरदस्ती जल आपूर्ति विभाग के जलघरों में पानी भरा जा रहा है। हूडा के जलघर की तरफ जाने वाले मुहाने को बंद कर दिया जाता है और जल आपूर्ति विभाग को जाने वाले आउटलेट को चौड़ा कर सारा पानी चोरी हो रहा है। जिसका नतीजा ये है कि अब सेक्टरों में पेयजल की सप्लाई सिर्फ एक टाइम ही हो पा रही है। मजबूरी में सेक्टरों के लोग नहर पर ठीकरी पहरा देने लगे हैं। बावजूद इसके चोरी-छिपे पानी चोरी की घटना लगातार पांच दिन से जारी है। अब सेक्टरों के लोग जल आपूर्ति विभाग के अधिकारियों पर बड़ी कार्रवाई कराने के मूड में नजर आ रहे है। गौरतलब है कि गर्मियों के दिनों में भी पानी के संकट को लेकर हूडा और जल आपूर्ति विभाग आमने सामने हो गये थे। उस समय भी मोटर लगाकार और हूडा की पेयजल सप्लाई माईनर को तोड़कर जल आपूर्ति विभाग के जलघर भरे गये थे। सेक्टरों को पेयजल आपूर्ति सिर्फ बहादुरगढ़ वाटर सर्विस माईनर से होती है, जबकि जल आपूर्ति विभाग को बीडब्ल्यूएस के साथ बहादुरगढ़ माइनर से भी पानी मिलता है। बहादुरगढ़ माईनर की जर्जर हालत के कारण क्षमता से कम पानी माईनर में आता है और जिसके कारण शहर के जलघर समय पर पूरा नही भर पाते हैं।

जेई ने भी देखी आऊटलेट से छेड़छाड़

हूडा के जेई आशीष कुमार भी नहर से पेयजल सप्लाई बाधित होने की खबर मिलने के बाद मौके पर पहुंचे। उन्होंने भी देखा कि पानी के आउटलैट के साथ छेड़छाड़ की गई है, जिसके कारण सारा पानी जल आपूर्ति विभाग के जलघर की तरफ तेजी से जा रहा है और हुडा के जलघर की तरफ पानी नहीं जा पा रहा है। कई दिनों से ऐसा हो रहा है। उन्होंने कहा कि उच्चाधिकारियों को पूरी जानकारी दे दी गई है। जल्द कार्रवाई की जायेगी।

स्कूल कैंटीन के सिलेंडर में आग, टला बड़ा हादसा

चरखी दादरी, 15 नवंबर (निस)

दादरी के वैश्य ब्वायज स्कूल की कैंटीन में चाय बनाने के दौरान सिलेंडर में आग लग गई। घटना में कैंटीन संचालक राजेंद्र गोयल बाल-बाल बचा और बड़ी मुश्किल से भागकर जान बचाई।

घटना पुरानी मंडी के समीप स्थित वैश्य ब्वायज स्कूल की है। शुक्रवार सुबह के समय छात्र अपनी कक्षाओं में थे। इसी दौरान स्कूल के गेट पर बनी कैंटीन में स्कूल स्टाफ के लिए चाय बनाई जा रही थी। इसी दौरान सिलेंडर में आग लग गई और देखते ही देखते आग की लपटें तेज हो गईं। इस घटना में कैंटीन संचालक ने भागकर अपनी जान बचाई। हालांकि आग बुझाने के प्रयास में उसके बाल व चेहरा झुलस गया। गनीमत यह रही कि बड़ा हादसा होने से टल गया। कैंटीन संचालक राजेंद्र गोयल ने बताया कि उसने चाय बनाने के लिए जैसे ही माचिस की तिल्ली जलाई तो अचानक सिलैंडर में आग लग गई।

रोड बनवाने की मांग

क्रांति मोर्चा, माकपा और आप ने शुरू की भूख हड़ताल

समस्या हल होने तक जारी रहेगा धरना

भिवानी, 15 नवंबर (हप्र)

रोड बनवाने की मांग को लेकर लेबर क्रांति मोर्चा, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी तथा आप पार्टी के कार्यकर्ताओं ने यहां दादरी गेट स्थित हाऊसिंग बोर्ड के बाहर अनिश्तिकालीन भूख हड़ताल शुरू कर दी है। अनिश्चितकलकालीन हड़ताल का नेतृत्व मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश तंवर ने किया।

का. ओम प्रकाश, मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र तंवर,मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के नेता भूप सिंह प्रजापति ने कहा कि इस रोड में बहुत गड्ढे बने हुए हैं, धूल उड़ रही है, आवारा पशु रोड पर बैठे रहते हैं। गड्ढों व आवारा पशुओं के कारण कई हादसे हो चुके हैं, अध्यापक अत्तर सिंह यादव की भी इसी के चलते मौत हो चुकी है। उन्होंने कहा कि बार-बार जिला प्रशासन को आगाह करने के बाद भी इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जाता।

संगठनों के नेताओं ने जिला प्रशासन से मांग करते हुए कहा कि तुरंत इस रोड पर काम शुरू करवाया जाए तथा आवारा पशुओं का उचित प्रबंध किया जाए अन्यथा धरना व भूख हड़ताल जारी रहेगी।

भिवानी के दादरी गेट स्थित हाऊसिंग बोर्ड प्रांगण में शुक्रवार को भूख हड़ताल पर बैठे विभिन्न जनसंगठनों के पदाधिकारी। -हप्र

नाड़ा माईनर टूटने से मिर्चपुर के खेतों में भरा पानी

नारनौंद, 15 नवंबर (निस)

गांव मिर्चपुर के खेतों में माईनर टूटने से खेतों में पानी जा घुसा। इसके कारण गेहूं की बिजाई के लिए तैयार की गयी जमीन जलमग्न हो गई। मौके पर किसानों व सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने पहुंचकर माईनर में आई दरार को पाटा।

गांव मिर्चपुर के खेतों में नाड़ा माईनर में सुराग होने के कारण माईनर टूट गई और इसका पानी खेतों में जा घुसा। माईनर पर तैनात बेलदार मनोज निरीक्षण के लिए जा रहा था तो उसने देखा कि माईनर टूटी हुई है। उसने तुरंत ही इसकी सूचना उच्च अधिकारियों को दी तो मौके पर मौजूद किसान जगदीश, लाजपत, मनोज, बिल्लू, सोनू इत्यादि अपने स्तर पर माईनर को पाटने में जुट गए। जल्द ही विभाग के अधिकारी भी जेसीबी लेकर मौके पर पहुंच गए और जेसीबी की सहायता से जल्द ही बंद कर दिया। माईनर के टूटने से गेहूं की बिजाई के लिए तैयार किए गए दर्जनों किसानों की भूमि जलमग्न हो गई।

नाबालिग लड़की से सामूहिक दुष्कर्म

दो युवकों पर केस, सहेली पर भी आरोप

हिसार, 15 नवंबर (हप्र)

15 वर्षीय नाबालिग अनुसूचित जाति की लड़की को नशीला पदार्थ खिलाकर उसका घर से अपहरण कर खेतों में ले जाकर उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म करने के आरोप में पुलिस ने दो युवकों के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज किया है। पीड़िता ने इस मामले में अपनी एक सहेली को भी दोनों युवकों से मिलीभगत करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है, लेकिन अभी तक किसी भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। इस बारे में महिला थाना पुलिस ने लड़की की शिकायत पर अमित, सुभम व एक लड़की के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

पुलिस को दी शिकायत में पीड़िता ने बताया कि गत 25 अक्तूबर की रात को अमित व सुभम ने उसको फोन करके घर के नीचे बुलाया और फिर नशीला पदार्थ खिलाकर उसको बेहोश कर दिया व खेतों में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया।

इसके बाद उक्त दोनों ने उसके परिवार को जान से मारने की धमकी देकर उसको कई बार ब्लैकमेल किया। पीड़िता ने आरोप लगाया कि इस मामले में उसकी एक सहेली भी संलिप्त है।

घर आकर भी की छेड़छाड़

पीड़िता ने बताया कि गत 7 नवबर को उक्त दोनों फिर उसके घर आ गए और उसके साथ छेड़छाड़ की तथा दुष्कर्म का प्रयास किया। जब उसने शोर मचाया तो उसकी चाची उठ गई और फिर दोनों घर से फरार हो गए।

दुकानों की छत पर चढ़ा सांड, बड़ी मशक्कत से उतारा

नहीं पहुंची प्रशासन की टीम

चरखी दादरी में शुक्रवार को एक मार्केट में दुकानों की छत पर चढ़े सांड को उतारने का प्रयास करते दुकानदार। -निस

चरखी दादरी, 15 नवंबर (निस)

चरखी दादरी में आवारा पशुओं का आतंक लगातार जारी है। शुक्रवार को एक हैरान कर देने वाली घटना बस स्टैंड के सामने पूर्ण मार्केट में हुई जहां पर सांडों के बीच हुई लड़ाई के दौरान एक सांड दुकानों की छत पर चढ़ गया। इससे दुकानदारों में भयभीत होते हुए अपनी दुकानें बंद कर लीं। दो घंटों की काफी मशक्कत के बाद सांड को नीचे उतारा गया। इससे भी ज्यादा हैरानी की बात यह है कि मौके पर प्रशासन की टीम तक नहीं आई और न ही नगर परिषद की टीम ने किसी तरह का जायजा लिया। आवारा पशुओं के भय से दुकानदारों ने एकत्रित होकर रोष जताया और डीसी के नाम ज्ञापन सौंपा। भगत सिंह ब्रिगेड के प्रधान कृष्ण फौगाट की अगुवाई में दुकानदारों ने डीसी को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की गई।

जहरीले धुएं और हवाओं ने किया जीना मुश्किल

पलवल में भारी प्रदूषण के नाम रहा शुक्रवार

पलवल, 15 नवंबर (हप्र)

बढ़ते प्रदूषण से शुक्रवार का पलवल में हालात बद से बदतर होते जा रहे हैं। यहां हवा और वातावरण अब तक के सबसे खतरनाक स्तर पर जा पहुंचता जा रहा है। हालात इतने खराब हैं कि दिल्ली एनसीआर में लगते पलवल जिला में भी शुक्रवार को लोग भारी प्रदूषण से हाय-तौबा करते रहे। यहां प्रदूषण लेबल खतरे के निशान को पार करते हुए पीएम-2.5 का स्तर 448 तक जा पहंचा जो स्वास्थ्य के लिए बेहद ही खतरनाक माना जाता है। बढ़ते प्रदूषण के चलते लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। दिनभर जहरीली हवाओं व जहरीले धुएं ने लोगों का जीना मुश्किल कर दिया।

पीएम-2.5 का स्तर पहुंचा 448 पर

पलवल में शुक्रवार को प्रदूषण मानक पीएम-2.5 का स्तर 448 रहा तो पीएम-10 का स्तर 388 मिला, जबकि प्रदूषण नियंत्रण विभाग की माने तो स्वास्थ्य के लिए हवा की बेहतर गुणवत्ता के लिए पीएम 2.5 का स्तर 50-60 और सामान्य स्तर 50-100 तक होना चाहिए।

क्या कहतीं हैं नेत्र रोग चिकित्सक

पलवल की नेत्र रोग चिकित्सक डॉ. शिल्पी अरोडा नूहानी का कहना है कि प्रदूषण बढ़ने से सबसे ज्यादा परेशानी आंख व सांस के मरीजों को होती है। उनका कहना है कि जिस तरह से प्रदूषण का स्तर बढ़ रहा है, ऐसे में आंख के मरीजों को घरों से बाहर निकलने में परहेज करना चाहिए वहीं सांस व अस्थमा के शिकार मरीजों को मुंह पर मास्क पहनना चाहिए।

सोमवीर बने अनु. जाति अध्यापक संघ के प्रधान

लोहारू, 15 नवंबर (निस)

हरियाणा अनुसूचित जाति राजकीय अध्यापक संघ की इकाई लोहारू का चुनाव संपन्न हुआ। इसमें ढाणा जोगी के शिक्षक सोमवीर सिंह को खंड प्रधान चुना गया। प्रेस सचिव आनंद लोहरा ने बताया कि भूपसिंह को उप प्रधान, हरिविलास को सचिव, विजय कुमार को कोषाध्यक्ष, सुरजाराम को सह सचिव, सुरेंद्र कुमार को संगठन सचिव, सतीश कुमार को महासचिव तथा जयप्रकाश रंगा, विजयप्रभा, दलबीर सिंह को सलाहकार चुना गया।

सैनिक एवं अर्द्ध-सैनिक कल्याण विभाग, हरियाणा सैनिक भवन, सेक्टर-12, पंचकूला

भूतपूर्व सैनिकों के कल्याण हेतु हरियाणा अमल्गामेटिड फंड के खातों के ऑडिट करने हेतु चार्टिड अकाउंटेंट को हायर करने के लिए निविदा

सैनिक एवं अर्द्ध-सैनिक कल्याण विभाग, हरियाणा द्वारा हरियाणा अमल्गामेटिड फंड के खातों के ऑडिट करने के लिए चंडीगढ़, पंचकूला तथा मोहाली में स्थित चार्टिड अकाउंटेंट को हायर करने हेतु मोहरबंद लिफाफों में उद्धरणें/निविदाएं आमंत्रित हैं।

कार्य का स्कोप निम्नानुसार है :

कार्य का स्कोप

i) मुख्यालय स्तर तथा सभी जिला मुख्यालय स्तर पर हरियाणा अमल्गामेटिड फंड के खातों की पुस्तकों का अंदरूनी ऑडिट करना।

ii) ई-आईटी रिटर्नों को फाइल करने सहित आयकर मामलों से संबद्ध सेवाएं प्रदान करना तथा हरियाणा अमल्गामेटिड फण्ड के आयकर के संबद्ध अन्य सभी मामलों का निपटारा करना।

iii) फंड की वार्षिक ऑडिट रिपोर्ट तथा बैलेंस शीट तैयार करना।

योग्यता मापदण्ड

i) चार्टिड अकाउंटेट्स (पार्टनरशिप या प्रोपराइटरशिप) इंस्टिच्यूट ऑफ चार्टिड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) के साथ पंजीकृत हों।

ii) फर्म को इंडियन इंस्टिच्यूट ऑफ चार्टिड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया के साथ अपनी एफिलिएशन/पंजीकरण की प्रति जमा करवानी होगी।

iii) फर्म (पार्टनरशिप या प्रोपराइटरशिप) अपने पंजीकरण के पश्चात 03 वर्षों हेतु संचालन में हो तथा अंदरूनी ऑडिट करने का न्यूनतम 03 वर्ष का अनुभव हो अर्थात् सरकारी संगठनों/समितियों/स्वायत्त निकाय के वार्षिक खातों की तैयारी/पुष्टि करना/आयकर की ई-आईटीआर फाइनल करना।

iv) पिछले 03 वित्तीय वर्षों में फर्म द्वारा प्राप्त/कमाई औसतन कुल प्रोफैशनल फीस 15 लाख वार्षिक के बराबर या अधिक होनी चाहिए।

v) फर्म के प्रोपराइटर या पार्टनरों या फर्म के साथ कार्यरत/सहयोगी कोई भी सीए या सीएमए को पिछले 03 वर्षों के दौरान इंस्टिच्यूट ऑफ चार्टिड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया/इंस्टिच्यूट ऑफ कोस्ट अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया/सेंट्रल/स्टेट पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइजिज/सरकारी (केंद्रीय/राज्य) द्वारा निष्कासित या चेतावनी न दी गयी हो।

vi) पिछले आयकर रिटर्न की प्रति जमा करवानी होगी।

vii) फर्म को संतोषजनक सेवा प्रमाणपत्र सहित समरूप किस्म के संचालन में होने वाले न्यूनतम दो मौजूदा अनुबंधों संबंधी दस्तावेज जमा करवाने होंगे (तरजीही तौर पर सरकारी संगठनों में)

निविदा जमा करवाना

उक्त वर्णित किये अनुसार समस्त पात्रता मापदंड रखने वाली इच्छुक फर्में निविदा संबंधी अपनी पेशकश को 27 नवंबर, 2019 को अप. 1.00 बजे तक निम्न पते पर जमा करवा सकती हैं।

निदेशक सैनिक एवं अर्द्ध-सैनिक कल्याण विभाग मय सचिव हरियाणा अमल्गामेटिड फंड फार दि वेल्फेयर ऑफ एक्स सर्विसमैन, कमरा नं. 67, चौथी मंजिल, हरियाणा, सिविल सचिवालय, चंडीगढ़।

निर्धारित तिथि व समय के बाद प्राप्त होने वाली निविदा/उद्धरण पर विचार नहीं किया जायेगा। मोहरबंद उद्धरण/निविदा को 27 नवंबर, 2019 को अप. 3.30 बजे चार्टिड अकाउंटेंट्स या उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोल दिया जायेगा।

चार्टिड अकाउंटेंट्स की फर्मों से विनती है कि वे निम्नानुसार अपनी ऑडिट फीस एवं यात्रा खर्च की पेशकश करें -

i) प्रतिवर्ष ऑडिट फीस।

ii) एकमुश्त यात्रा भत्ता।

नियुक्ति हेतु समय सीमा

चयनित चार्टिड अकाउंटेंट को प्रारंभ में वित्तीय वर्ष 2019-20 के लिए उक्त वर्णित सेवाएं प्रदान करनी होंगी। खातों के ऑडिट, रसीद एवं भुगतान की तैयारी, आय एवं व्यय खाते तथा बैलेंस शीट इत्यादि से संबद्ध कार्य 15 मई, 2020 से पूर्व मुकम्मल करने होंगे। आयकर विभाग द्वारा निर्धारित तिथि से पूर्व ऑनलाइन आईटीआर जमा करवानी होगी। संतोषजनक कार्यकर्दगी होने की स्थिति में आपसी सहमति वाली शर्तों के आधार पर असाइनमेंट को एक अगले वर्ष या उससे आगे तक बढ़ाया जा सकता है।

निदेशक, सैनिक एवं अर्द्ध-सैनिक कल्याण विभाग-मय-सचिव हरियाणा अमल्गामेटिड फंड के पास बिना कोई कारण बताये किसी एक या सभी उद्धरणों को रद्द करने का अधिकार आरक्षित होगा। अपूर्ण निविदा/उद्धरण को रद्द कर दिया जायेगा।

हस्ता./-
निदेशक,
सैनिक एवं अर्द्ध-सैनिक कल्याण कल्याण विभाग, हरियाणा।

PRDH-79202

अवैध निर्माण रोकने गयी डीटीपी की टीम पर हमला

फतेहाबाद, 15 नवंबर (निस)

गाड़ी के शीशे भी तोड़े

जिले के शहर भूना के उकलाना रोड पर जय बाबा रणधीर कॉलोनी में अवैध रूप से निर्माण कार्य को रोकने गई जिला नगर योजनाकार विभाग (डीटीपी) की टीम पर एक व्यक्ति ने पत्थरों से हमला कर दिया। इसमें डीटीपी जयप्रकाश खासा बाल-बाल बच गए, मगर पत्थर गाड़ी के सामने वाले शीशे पर जा लगा। उपरोक्त हमलावर व्यक्ति को डीटीपी व उसकी टीम ने मौके पर दबोच लिया और पुलिस के हवाले कर दिया है। डीटीपी फतेहाबाद ने पुलिस में शिकायत पत्र देकर सरकारी काम में बाधा डालने व जान से मारने की धमकी देने तथा हमला करने का मामला दर्ज करने की सिफारिश की है।

पुलिस में दी शिकायत में जिला नगर योजनाकार जेपी खासा ने बताया कि शुक्रवार को उनकी टीम उक्त कॉलोनी में अवैध रूप से निर्माण रोकने गयी थी। टीम ने जब वहां पर मुकेश निवासी गांव सनियाणा को कोयले बनाने वाली भट्ठियों का निर्माण कार्य रोकने को कहा। इस पर मुकेश ने कहा कि वह किसी भी हालत में इसे नहीं रोकेगा। जब डीटीपी ने अवैध निर्माण का हवाला दिया तो मुकेश गुस्से में हो गया और उसने टीम पर पत्थर बरसाने शुरू कर दिए। जब टीम सदस्यों ने गाड़ी में बैठ कर जान बचाने की कोशिश की तो गाड़ी पर पत्थर बरसा गए, जिससे एक पत्थर शीशे पर जा टकराया।

हरियाणा सरकार

CORRIGENDUM NOTICE

Sr. No.	NAME OF BOARD CORP./AUTH.	OLD REFERENCE/NIT NO.	NATURE OF CORRIGENDUM	WEBSITE OF THE BOARD CORP./AUTH.	NODAL OFFICER/CONTACT DETAILS/EMAIL
1	UHBVN, PANCHKULA	NIT-V/CITY/PNP/2019-20 DATED 25.10.2019	One No. Bolero for the office use of Sanoli Road Sub Division UHBVN, Panipat	www.uhbvn.org.in	0180-2652352, xenopcitypanipat@uhbvn.org.in
2	HVPNL, PANCHKULA	E-TENDER ENQUIRY NO. 05/CWR/2019-20 DATED.29.10.2019 (ONLINE TENDER ID- 2019_HBC-106377_1)	Corrigendum No. 01 date of opening 06.12.2019	http://etenders.hry.nic.in	0172-2583789 pro@hvpn.org.in
3	HVPNL, PANCHKULA	NIT NO. 1080 DATED 03.09.2019/ EPC-D-273	Corrigendum-3/The last date of online bid submission is extended up to 26.11.2019 up to 17:00 hrs.	www.hvpn.org.in	0172-2583789 pro@hvpn.org.in
4	HVPNL, PANCHKULA	NIT NO. 1075 DATED 02.09.2019/ EPC-D-269	Corrigendum-3/The last date of online bid submission is extended up to 26.11.2019 up to 17:00 hrs.	www.hvpn.org.in	0172-2583789 pro@hvpn.org.in
5	HVPNL, PANCHKULA	NIT NO. 1079 DATED 03.09.2019/ EPC-D-272	Corrigendum-3/The last date of online bid submission is extended up to 26.11.2019 up to 17:00 hrs.	www.hvpn.org.in	0172-2583789 pro@hvpn.org.in
6	HVPNL, SIRSA	18/TS/SRS/2019-20 DATED 12.09.2019 (TENDER ID: 2019_HBC_103954_2)	The last date of online bid submission is extended up to 15.11.2019 (02.00 hrs.)	https://www.hvpn.org.in	0172-2583789 pro@hvpn.org.in

FOR FURTHER INFORMATION KINDLY VISIT: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

PRDH/79413

हरियाणा सरकार

TENDER NOTICE

Sr. No.	NAME OF DEPARTMENT	NAME OF WORK/NOTICE/TENDER	OPENING DATE CLOSING DATE	AMOUNT/ EMD (APPROX.) in Rupees	WEBSITE OF THE DEPARTMENT	NODAL OFFICER
1	PWD B&R, FARIDABAD	SPECIAL REPAIR FOR RENOVATION OF POLYCLINIC AT SECTOR 55, FARIDABAD IN FARIDABAD DISTT.	14.11.2019 05.12.2019	23.50 LACS	http://etenders.hry.nic.in	0129-2288187 pwd-eepd1-faridabad@hry.nic.in
2	PWD B&R, PANCHKULA	IRQP ON NH-73 (NEW NH-344) FROM KM. 153.853 TO 160.353 (BARWALA BYPASS IS SECTION) IN HARYANA STATE	15.11.2019 25.11.2019	367.75 LACS	http://etenders.hry.nic.in	Executive Engineer
3	PWD B&R, PANIPAT	CONSTRUCTION OF ROB AT LC-44 ON DELHI AMBALA RAILWAY LINE AT RAILWAY KM. 793/13-15 IN DISTT PANIPAT	14.11.2019 30.11.2019	1993 LACS	http://etenders.hry.nic.in	0180-2638652
4	PWD B&R, CHANDIGARH	PROVIDING SECURITY GUARDING/FRONT DESK/HOUSE KEEPING SERVICES OF NIRMAN SADAN BUILDING IN SECTOR 33-A, CHANDIGARH WITH 10400 SQ. METER COVERED AREA FOR 4 (FOUR) MONTH (I.E. FROM 01.12.2019 TO 31.03.2020) +8 OTHER WORKS	13.11.2019 25.11.2019	174.96 LACS	http://etenders.hry.nic.in	0172-2793574 pwd-eecd-chandigarh@hry.nic.in
5	PWD B&R, YAMUNA NAGAR	TOTAL RENOVATION OF BALANCE TOILETS INCLUDING REPLACEMENT OF C.I. DUCT PIPE WITH PVC PIPE IN JUDICIAL COMPLEX AT JAGADHRI IN YAMUNA NAGAR DISTRICT	20.11.2019 03.12.2019	18.66 LACS	http://etenders.hry.nic.in	pwd-eepd-yamunanagar@hry.nic.in 01732-237834
6	PUBLIC HEALTH ENGINEERING, GOHANA	TENDER NO. 2019_HRY_108867_1 11TH RECALL- UPGRADATION OF SEWAGE TREATMENT PLANT (STP) OF 8.3 MLD AT VILLAGE GUDHA AND 3.0 MLD NEAR VILLAGE DEVIPURA BASED ON MOVING BED BIO RECTOR (MBBR) TECHNOLOGY GOHANA (TOWN) TO 11.3 MLD CAPACITY	15.11.2019 26.11.2019	821 LACS	http://etenders.hry.nic.in	01263-258417 ee1gohana@gmail.com ee1gohana@phedharyana.gov.in
7	PUBLIC HEALTH ENGINEERING, GOHANA	TENDER NO. 2019_HRY_108758 RATTANGARH-TECHNICAL PROPOSAL FOR INCLUSION OF DISTRIBUTION PIPELINE IN THE PROVIDING INDEPENDENT WATER WORKS FOR W/S SCHEME RATTANGARH, TEHSIL GOHANA, DISTT. SONIPAT	14.11.2019 25.11.2019	5.68 LACS	http://etenders.hry.nic.in	01263-258417 ee1gohana@gmail.com ee1gohana@phedharyana.gov.in
8	PUBLIC HEALTH ENGINERING, NARAINGARH	SADHOURA ITI PROVIDING AND INSTALLING 1 NO. TUBE WELL AT GOVT. ITI AT SADHOURA OF DISTT. YAMUNA NAGAR	13.11.2019 25.11.2019	7.77 LACS	wss.hry.nic.in	eenaraingarh@gmail.com
9	PUBLIC HEALTH ENGINEERING, TOSHAM	BUSHAN VILLAGE PROVIDING AND LAYING OF 4" I/D DI IPE LINE UP TO HOUSE OF SH. RAJ KUMAR AND DRILLING OF TUBEWELL AT VILLAGE BUSHAN, TEHSIL TOSHAM, DISTT. BHIWANI + 2 OTHER WORKS	18.11.2019 04.12.2019	30.59 LACS	http://etenders.hry.nic.in	9896078396 eetosham@gmail.com
10	PANACHAYATI RAJ, PALWAL	RETENDER FOR VILLAGE KNOWLAGE CENTRE AT VILLAGE BAGHPUR BLOCK BADOLI + 40 OTHER WORKS	18.11.2019 25.11.2019	9.50 CRORE	http://etenders.hry.nic.in	9416320040 prexeeng.pwl@gmail.com
11	PANCHAYATI RAJ, ROHTAK	DESILTING & DESLUDGING OF KULIA WALA POND AT VILLAGE LAKHAN MAJRA + 25 OTHER WORKS	11.11.2019 25.11.2019	667.18 LACS	http://etenders.hry.nic.in	9812175055 prexeeng.roh@hry.nic.in
12	PANCHAYATI RAJ, PANIPAT	RE-TENDER - CONST. OF MAHARAJA HEMCHANDRA VIKRMADITY PARK AND DEV. OF POND, VILLAGE SHODHAPUR, BLOCK MADLAUDA, DISTRICT PANIPAT	15.11.2019 22.11.2019	49.95 LACS	http://etenders.hry.nic.in	8607592660
13	PANCHAYATI RAJ, PANIPAT	CONSTRUCTION OF 3 NOS ANGANWADI CENTRE	20.09.2019 28.11.2019	30.03 LACS	http://etenders.hry.nic.in	8607592660
14	IRRIGATION & WATER RESOURCES, PALWAL	INTERNAL CLEARANCE OF JALA, JALKHUMBI, WEEDS, GRASS & WILD GROWTH ETC. FROM RD 0 TO TAIL (19471 FT) OF MALAI DISTY AND LADMAKI MINOR RD 0 TO 14360 FT. + 4 OTHER WORKS	CLOSING DATE 25.11.2019	10.55 LACS	http://etenders.hry.nic.in	01275-252179 xenpwl79@gmail.com
15	DISTRICT HEALTH & FAMILY WELFARE SOCIETY, SIRSA	PROVIDING BAR CODE LABEL, BAR CODING SYSTEM & DATA MANGEMENT (USAGE CHARGES) FOR ALL GOVT HEALTH FACILITIES FOR DISTT. SIRSA + 1 OTHER WORK	15.11.2019 20.11.2019	EMD 100000	http://etenders.hry.nic.in TENDER NO. 2019_HRY_108717 + 1 OTHER	9416622177

FOR FURTHER INFORMATION KINDLY VISIT: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

PRDH/79415

epaper.dainiktribuneonline.com

दैनिक ट्रिब्यून

स्थापना 15 अगस्त 1978

मार्गदर्शक फैसले

न्यायिक व्यवस्था पर बढ़ा भरोसा

नवंबर माह का दूसरा सप्ताह देश की शीर्ष अदालत द्वारा दिये गये युगांतरकारी फैसलों के लिये हमेशा याद किया जायेगा। इसी माह सेवानिवृत्त हो रहे मुख्य न्यायाधीश रंजन गोगोई को इस बात का श्रेय दिया जा सकता है कि उन्होंने देश हित से जुड़े ज्वलंत विषयों में मार्गदर्शक फैसले देकर नई मिसाल पेश की। सबसे पहले नौ नवंबर को सदियों से विवादों में फंसे अयोध्या विवाद मुद्दे में सुप्रीमकोर्ट की संवैधानिक बैंच का फैसला आया, जिसको देश के जनमानस ने सिर-माथे पर रखा। फैसले के बाद आम जनता, मीडिया और राजनीतिक दलों ने अनुकरणीय संयम का परिचय दिया, जिसके बाद ही दूसरे बहुचर्चित मामलों में फैसले का मार्ग प्रशस्त हो सका। फिर बुधवार को जस्टिस रंजन गोगोई की अध्यक्षता वाली संवैधानिक बैंच ने फैसला दिया कि मुख्य न्यायाधीश का कार्यालय सूचना के अधिकार कानून के दायरे में आता है। वहीं गुरुवार को तीन अहम मामलों में फैसले का दिन था। ये तीन मामले थे—आम चुनाव प्रचार के दौरान खूब उछला राफेल विमान खरीद का मुद्दा, सबरीमाला मंदिर में सभी उम्र की महिलाओं के प्रवेश का मामला तथा राहुल गांधी पर अवमानना का प्रकरण। 17 नवंबर को सेवानिवृत्त हो रहे जस्टिस रंजन गोगोई ने पिछले दिनों लगातार महत्वपूर्ण फैसले दिये। इसी कड़ी में प्रधानमंत्री के खिलाफ की गई अमर्यादित टिप्पणी पर हुए मानहानि के मामले में राहुल गांधी द्वारा माफी मांग लेने के बाद कोर्ट ने मामले का पटाक्षेप कर दिया। निःसंदेह बिना ठोस आधार के देश के प्रधानमंत्री पर राजनीतिक स्वार्थों के लिये अमर्यादित बयान देना निश्चय ही दुर्भाग्यपूर्ण है। वहीं राफेल मामले पर आरोप-प्रत्यारोपों से जहां रक्षा सेनाओं का मनोबल प्रभावित हुआ, वहीं फ्रांस के साथ राजनयिक संबंधों पर भी प्रभाव पड़ा। राफेल सौदे में पुनर्विचार याचिकाएं खारिज करके न्यायालय ने कहा कि सौदे में संदेह करने का कोई ठोस आधार नजर नहीं आता।

निःसंदेह बिना ठोस सबूतों के रक्षा जैसे संवेदनशील मामलों में प्रलाप करना राष्ट्रीय हितों की अनदेखी करना है। कम से कम ऐसे वक्त में जब भारतीय वायुसेना लड़ाकू विमानों की गंभीर कमी से जूझ रही है, ऐसे मुद्दों पर सतही राजनीति करना दुर्भाग्यपूर्ण ही कहा जायेगा। ऐसे तमाम अहम फैसलों के बीच शीर्ष अदालत ने बुधवार को एक महत्वपूर्ण निर्णय में कहा कि भारत के मुख्य न्यायाधीश का कार्यालय सूचना के अधिकार के दायरे में आएगा क्योंकि यह सार्वजनिक प्राधिकार अर्थात पब्लिक अथॉरिटी है। चीफ जस्टिस रंजन गोगोई की अध्यक्षता वाली संविधान पीठ ने विगत में दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा दिये गए उस फैसले को मान्यता दी, जिसमें मुख्य न्यायाधीश के पद को आरटीआई के दायरे में रखने की बात कही गई थी। उनका मानना था कि इस फैसले से सूचना के अधिकार कानून को मजबूती मिलेगी। कहीं न कहीं माना गया कि पारदर्शिता से न्यायिक स्वतंत्रता प्रभावित नहीं होती। साथ ही अदालत का यह भी मानना है कि आरटीआई कानून को न्यायपालिका पर निगरानी रखने के हथियार के रूप में प्रयुक्त नहीं किया जा सकता। इसके साथ ही पारदर्शिता के मुद्दे पर विमर्श के दौरान न्यायिक स्वतंत्रता भी कसौटी पर होगी। पीठ का यह भी मानना रहा कि कॉलेजियम के जरिये निर्धारित न्यायाधीशों के नामों की सिफारिश की जानकारी तो दी जा सकती है, मगर सिफारिश के कारणों के बाबत नहीं बताया जायेगा। निःसंदेह यह 2005 में लागू हुए सूचना के अधिकार कानून के लिये बड़ी सफलता कही जा सकती है। सुप्रीमकोर्ट का फैसला न्यायिक स्वतंत्रता के साथ जवाबदेही की भी बात करता है। इस बात की भी पुष्टि हुई है कि स्वतंत्र न्यायपालिका के लिये पारदर्शिता अपरिहार्य अंग है। निःसंदेह हर साल देशभर में साठ लाख आरटीआई अर्जियां दाखिल करने वाले लोगों का भरोसा इस फैसले के बाद बढ़ेगा। देश का लोकतंत्र उस दिन समृद्ध होगा, जिस दिन देश के राजनीतिक दल भी इस कानून के दायरे में आएंगे ताकि सत्ता के दुरुपयोग और भ्रष्टाचार की जुगलबंदी पर अंकुश लग सके।

आज का विचार

उत्तरदायित्व में महान बल होता है, जहां कहीं उत्तरदायित्व होता है, वहीं विकास होता है। **– दामोदर सातवलेकर**

एकदा

अमरफल

पिता ने अपने बेटे को कुछ रुपये देकर बाजार से फल लाने को कहा। रास्ते में उसे कुछ ऐसे लोग दिखाई दिए, जिनके बदन पर पूरे वस्त्र नहीं थे और उनके चेहरों से साफ दिखाई दे रहा था कि उन्हें बहुत दिनों से भोजन भी नसीब नहीं हुआ है। उन्हें देख बालक का हृदय पसीज गया, उसने सारे रुपये उन लोगों में बांट दिए। ऐसा करके बालक को बड़ा ही आत्मसंतोष हुआ। वापिस घर आने पर पिता ने फलों के लिए पूछा। बालक ने बताया कि पिताजी, आज मैं अमरफल लाया हूं। अच्छा? दिखा तो- पिताजी बोले। बालक बोला, "बात यह है पिताजी कि रास्ते में मुझे कुछ गरीब लोग दिखे, जिनके पास पहनने लायक वस्त्र भी नहीं थे, वे भूखे भी लग रहे थे। उन्हें देख मुझे दया आ गयी और मैंने सारे रुपये उन लोगों को दे दिये। पिताजी, अगर मैं फल लाया होता तो उनकी मिठास दो -तीन दिन ही रहती। किन्तु उससे मुझे ये अमरफल प्राप्त न हुआ होता। यह सुनकर पिता बहुत प्रसन्न हुए और उन्होंने बेटे की पीठ थपथपाई। यही बालक आगे चलकर संत रंगदास कहलाया। **प्रस्तुति : शशि सिंघल**

40 साल पहले

दैनिक ट्रिब्यून

कई वरिष्ठ पुलिस अफसरों की जबरी रिटायरमेंट की सिफारिश

हमारे संवाददाता द्वारा

करनाल, 15 नवंबर। विदित हुआ है कि हरियाणा के आईजी पुलिस ने सरकार से कई वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों की जबरी रिटायमेंट की सिफारिश की है। परंतु मुख्यमंत्री इस बारे में शीघ्रता में कोई कार्रवाई नहीं करना चाहते। सूत्रों के अनुसार जिन अफसरों की जबरी रिटायरमेंट की सिफारिश की गयी है उनमें सबसे वरिष्ठ आईजी (जेल) धर्मसिंह हैं। धर्मसिंह चौ. बंसीलाल के समय विवाद का विषय रहे थे क्योंकि उन्होंने जिला पुलिस कप्तानों के बारे में गुप्त रिपोर्ट लिखने का अधिकार डिप्टी कमिश्नरों को दिये जाने के विरुद्ध प्रोटेस्ट किया था।

अमेरिका में राष्ट्रीय आपात स्थिति लागू

न्यूयार्क (एपी, रायटर, एएफपी)। ईरान के विदेश मंत्री ने आज कहा कि तेहरान में अमेरिकी दूतावास में जिन लोगों को बंधक बनाया हुआ है, उनमें से श्वेत अमेरिकियों के अतिरिक्त अन्य सभी को बहुत जल्दी ही रिहा कर दिया जायेगा। विदेश मंत्री बनी सदर ने सीबीएस के संवाददाता को एक भेंट में बताया कि सभी महिलाओं और अश्वेतों को रिहा कर दिया जायेगा। राष्ट्रपति जिम्मी कार्टर ने कल अमेरिका में 'राष्ट्रीय आपात स्थिति' घोषित कर दी।

निजता व डाटा सुरक्षा के लिए हो पुख्ता तंत्र



एस.वाई. कुरैशी

इस्राइली कंपनी के जासूसी सॉफ्टवेयर द्वारा व्हाट्सएप यूजरों की जासूसी के खुलासे के बाद एक बार फिर निजता की भंगुरता उजागर हुई है। कैंब्रिज एनालिटिका द्वारा भी पांच करोड़ फेसबुक यूजर के डाटा को गैरकानूनी रूप से हासिल किया गया था। ऐसे में निजता की रक्षा के लिए फुलप्रूफ तंत्र जरूरी है।

उनतीस अक्तूबर को सोशल मीडिया कंपनी व्हाट्सएप को लेकर आई खबर से दुनियाभर में तहलका मच गया था, खासकर भारत में, जब उसने माना कि उसके प्लेटफॉर्म पर इस्राइली कंपनी एनएसओ द्वारा बनाया जासूसी सॉफ्टवेयर 'पैगासुउस' का उपयोग करके लगभग 1400 से ज्यादा चुनिंदा लोगों पर नजर रखी जा रही थी। इनमें चार महाद्वीपों के 100 के लगभग शिक्षाविद् तो बाकियों में मानवाधिकार कार्यकर्ता, पत्रकार और वकील शामिल हैं। खबर का दावा था कि 'पैगासुउस' को निशाने पर लिए गए व्यक्ति के मोबाइल फोन में व्हाट्सएप पर मिस्ड कॉल के माध्यम से चुपके से इंस्टाल कर दिया जाता है, फिर उस फोन के तमाम निजी डाटा के अलावा कॉल-लॉग, फोटोज और ईमेल को भी देखा जा सकता है। इसके बाद व्हाट्सएप ने इस्राइली कंपनी पर अमेरिका की फेडरल कोर्ट में मुकदमा दर्ज करवा दिया है। इस घटना ने एक बार फिर से इंफोर्मेशन टेक्नोलॉजी के इस समय में निजता की भंगुरता को सामने ला दिया है।

यह सर्वविदित है कि दो सबसे ज्यादा लोकप्रिय सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म यानी फेसबुक (2.12 बिलियन यूजर्स) और ट्विटर (25.8 करोड़ यूजर्स) राजनीतिक प्रचार का माध्यम बने हुए हैं। अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों तक लोगों की आसान पहुंच की वजह से ही यह इस तरह के अभियान चलाने का आसान जरिया बने हुए हैं। सामाजिक चेतना कार्यकर्ता क्रिस्टोफर वाईली ने भेद खोला है कि अमेरिका के पिछले राष्ट्रपति चुनाव और यूके के यूरोपियन यूनियन से पलायन करने पर हुए मतदान के दौरान मतदाताओं पर प्रभाव बनाने के लिए यूके स्थित राजनीतिक रणनीति निर्माता कंपनी कैंब्रिज एनालिटिका ने 5 करोड़ फेसबुक यूजर्स का डाटा गैरकानूनी रूप से हासिल किया था, जिसे फेसबुक पर कई तरह के सवाल-जवाब वाली पोस्ट्स के माध्यम से जुटाया गया था और जो देखने में महज मनोरंजक लगते थे। इस जानकारी की मदद से कंपनी ने 3 करोड़ यूजर्स प्रोफाइल का लिंक राजनेताओं को यूजर्स की सहमति लिए बगैर बेच दिए थे।

जहां सीए घोटाला यूजर्स की सोशल मीडिया गतिविधि का एक ही बार अध्ययन करके रुझान का आकलन करता था वहीं पेगासुस घोटाले में किसी व्यक्ति के मोबाइल की पूरी निगरानी की जा सकती थी। सरल भाषा में कहें तो सीए घोटाला

एक अकेली तस्वीर की मानिंद है तो पेगासुस घोटाला निशाना बने व्यक्ति की पूरी फिल्म ही उतार लेता है परंतु नतीजे दोनों के बहुत गंभीर हैं।

इस तरह के साइबर हमलों के चलते भारतीय चुनाव आयोग के पास मतदाताओं के डाटा की सुरक्षा और निजता को लेकर चिंताएं उभरना स्वाभाविक है। चुनाव सूचियां सार्वजनिक रूप से उपलब्ध जानकारी है। जैसे कि मतदाता का नाम, उसके पिता या जीवनसाथी का नाम, उम्र और पता भी। राजनीतिक दलों के लिए इस डाटा पर आधारित चुनाव अभियान सालों से चलाना एक आम बात रही है।

मतदाता को दी गई चुनाव सामग्री के अवयव कानूनी और नैतिक हों, न कि सांप्रदायिक सौहार्द भंग करने वाले। चुनाव प्रक्रिया में प्रयुक्त अन्य डाटा में उसने अपनी वोट किसको दी है, यह गुप्त रखा जाता है और ईवीएम मशीन किसी भी नेटवर्क या उपकरण से नहीं जुड़ी होती। तथापि इनमें भी घपला करने की गुंजाइश को लेकर यदा-कदा चिंताएं उठती रही हैं और वीवीपैट मशीनें लगाने को कहा जा रहा है। चुनाव आयोग को इस डर को खत्म करने हेतु उपाय शुरू करने चाहिए।

भले ही मतादाता संबंधी डाटा भारतीय चुनाव आयोग के पास सुरक्षित है, लेकिन फिर भी जरूरी है कि तुरंत एक कमी-रहित विधान बनाया जाए ताकि इसकी लीकेज न हो पाए। मौजूदा विधान यानी इंफोर्मेशन टेक्नोलॉजी एक्ट-2000 बाद में हुई तकनीकी तरक्की के अनुरूप नहीं है। इस विधान के तहत केवल पासवर्ड, बैंकिंग डिटेल, व्यक्ति के लैंगिक रुझान और शारीरिक अवस्था के अलावा उसके बायोमीट्रिक डाटा को बतौर संवेदनशील जानकारी में सेंध लगाने को ही अपराध माना जाता है। मौजूदा व्यवस्था एक वस्तुनिष्ठ डाटा सुरक्षा तंत्र बनाने की बजाय डाटा तक पहुंच रखने वालों को निर्देश देती है कि वे अपने स्तर पर सुरक्षा संबंधी तरीके अपनाएं। अपनी जिम्मेवारी आगे सरकाने से काम नहीं बनेगा। देशहित में यह जरूरी है कि एक सख्त तंत्र हो जिसमें यूजर्स की सहमति के बिना डाटा का भावी अवैध दुरुपयोग या लेनदेन न हो पाए और दोषी को सख्त सजा मिले।

निगरानी के लिए बना कानून औपनिवेश के समय से चला आ रहा है, जिसे भारतीय टेलीग्राफ एक्ट (1885) के नाम से जाना जाता है। यह कानून सरकार और कानून लागू करवाने वाली चुनिंदा एजेंसियों को जनता की सुरक्षा को संभावित खतरे की स्थिति या फिर जन-आपातकालीन समय में किसी व्यक्ति या समूह की नजरसाजी करने का हक देता है। नजरसाजी के प्रावधान को इंफोर्मेशन टेक्नॉलॉजी एक्ट-2000 में भी अपनाया गया। आगे वर्ष 2008 में इसमें और परिस्थितियां जोड़कर बृहद किया गया था।

झूठी खबरें घढ़ने, अफवाहें फैलाने और नफरत भरी पोस्ट डालने की बात आए तो सोशल मीडिया का जिक्र न हो, यह हो नहीं सकता। किसी प्रभावशाली निरोधात्मक नियमन के अभाव में इन नए प्रचलनों ने सोशल मीडिया पर चुनावों में मतदाताओं को प्रभावित करने में बहुत बड़ी भूमिका अदा की है। पिछले आम चुनाव से पहले सोशल मीडिया मैटर्स और इंस्टीट्यूट फॉर गवर्नेंस, पॉलिसीज एंड पॉलीटिक्स द्वारा करवाए गए एक सर्वेक्षण में 53 फीसदी से ज्यादा प्रतिभागियों ने दावा किया था कि आगामी चुनाव के परिप्रेक्ष्य में उससे पहले वाले 30 दिनों में उन्हें अनेक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मस पर आधारहीन खबरों वाली पोस्टें देखने को मिलती रही हैं। इस रपट का निष्कर्ष था कि प्रत्येक दो में से एक व्यक्ति को फेसबुक और व्हाट्सएप के जरिए झूठी खबरों वाली पोस्ट्स मिली हैं।

गोकि सोशल मीडिया पर झूठी खबरों और वैर बढ़ाने वाली पोस्ट्स के खतरे से निपटने हेतु चुनाव आयोग ने इंटरनेट एंड मोबाइल एसोसिएशन ऑफ इंडिया को साथ लेकर स्वैच्छिक नैतिक आचार-संहिता का निर्माण किया था, जिसके तहत सोशल मीडिया साइट्स को चुनाव आयोग द्वारा सूचना देने के तीन घंटों के अंदर उन गैर-जिम्मेवाराना पोस्ट्स को तुरंत हटाना अनिवार्य बनाया गया था, जो जनप्रतिनिधि कानून 1951 के तहत धारा 126 का उल्लंघन करती हैं। हालांकि आज के सिंगल टैप फारवर्ड वाले जमाने में तीन घंटों में यह करना असंभव से भी परे है। किसी लोकतांत्रिक राजव्यवस्था को अकल्पनीय चोट पहुंचाने का माद्दा रखने वाली इंटरनेट की कूवत को ध्यान में रखते हुए सरकार की योजना है कि जनवरी 2020 में आईटी कानून (2011) में सुधार करके नया कानून लागू किया जाएगा। लेकिन यह एक व्यक्ति की अभिव्यक्ति की आजादी एवं निजता को अक्षुण्ण रखने और दूसरी ओर राष्ट्रीय सुरक्षा बरकरार रखने के बीच तनी हुई रस्सी पर संतुलन साधने जैसा होगा।

डाटा किसी नए मिले खजाने सरीखा होता है, जिसका उपयोग नित नई तकनीकी उन्नति के साथ बढ़ता ही जा रहा है, 2019 से 2023 के बीच डाटा-यूजर्स की संख्या में 27.5 प्रतिशत का इजाफा होने की संभावना है। ऐसे में एक तरफ नागरिक के मुक्त अभिव्यक्ति के अधिकार एवं निजता और दूसरी ओर राष्ट्रीय सुरक्षा की जरूरतों को ध्यान में रखकर संतुलन बनाने वाली संहिता युद्धस्तर पर बनानी होगी। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों को बिना अपनी जिम्मेवारी निभाए खुला छोड़ देने की इजाजत नहीं होनी चाहिए।

लेखक भारत के पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त हैं।

राज्यनामा/झारखंड

दरकते गठबंधनों के बीच सियासी जंग

हरीश लखेड़ा

हरियाणा व महाराष्ट्र के चुनाव परिणामों से सबक ले भाजपा झारखंड चुनाव को लेकर सतर्क है। मगर, उसके सहयोगी दल आंखें दिखाने लगे हैं। वे ज्यादा सीटों की मांग कर रहे हैं। ऐसे में झारखंड में चुनावी परिदृश्य बहुकोणीय होता जा रहा है।

झारखंड विधानसभा चुनाव में महाराष्ट्र और हरियाणा विधानसभाओं के चुनाव नतीजों का असर अभी से दिखने लगा है। भाजपा के साथ गठबंधन के लिए लालायित रहने वाले सहयोगी दल अब उसे आंख दिखाने लगे हैं। अब वे भाजपा की नहीं, बल्कि अपनी शर्तों पर गठबंधन चाहते हैं। यही वजह है कि झारखंड में लोक जनशक्ति पार्टी (एलजेपी) ने एनडीए से अलग होकर चुनाव में अलग ताल ठोक दी है, जबकि 5 साल सरकार में भागीदार रहा ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन (आजसू) भी मन मुताबिक सीटें नहीं मिलने पर अलग राह पकड़ चुका है। हालांकि आधिकारिक तौर पर गठबंधन टूटने की घोषणा से दोनों ही दल बच रहे हैं।

प्रदेश की 81 सदस्यीय विधानसभा के लिए चुनाव 5 चरणों में 30 नवंबर से 20 दिसंबर तक होने जा रहे हैं। परिणाम 23 दिसंबर को आएंगे। मौजूदा विधानसभा का कार्यकाल आगामी 5 जनवरी को खत्म हो रहा है। प्रदेश में चुनाव के पहले चरण के लिए 13 सीटों पर नामांकन प्रक्रिया बुधवार को समाप्त हो गयी। इसके बावजूद सत्ताधारी भाजपा-आजसू गठबंधन में सीटों के बंटवारे को लेकर बातचीत चलती रही। भाजपा ने बृहस्पतिवार को जारी तीसरी सूची में आजसू की ओर से मांगी 9 सीटों पर उम्मीदवार नहीं उतार कर गेंद आजसू के पाले में फेंक दी है लेकिन आजसू के लगातार ज्यादा सीटें मांगने से मामला उलझ गया है।

आजसू वर्ष 2000 में झारखंड के अलग राज्य बनने के बाद से ही भाजपा के साथ रही है। पिछली बार आजसू को 8 सीटें दी गई थीं। इस बार वह पहले तो 13 सीटें मांगती रही और फिर

यह मांग बढ़ती चली गई। भाजपा 10 सीटें देने को तैयार थीं। लेकिन बात नहीं बनीं।

दरअसल, महाराष्ट्र विधानसभा में शिवसेना के साथ चुनाव पूर्व के गठबंधन और 30 साल पुरानी दोस्ती टूट जाने के बाद भाजपा सतर्क हो गई थी। इसलिए वह आजसू के तेवरों को सहती रही। भाजपा चाहती है कि गठबंधन टूटने का ठीकरा उसके सर न फोड़ा जाए। इससे चुनाव में गलत संदेश न चला जाए। इसके अलावा प्रदेश में लगभग 11 फीसदी कुर्मी-कोईरी समुदाय पर भी भाजपा की नजर रही है। यह आजसू का मुख्य जनाधार है। इसलिए भाजपा गठबंधन तोड़ते हुए नहीं दिखना चाहती है, लेकिन वह सहयोगी दलों की दबाव की राजनीति में भी नहीं आना चाहती है। इसलिए पिछली बार मात्र एक सीट पर चुनाव लड़ने वाली एलजेपी को इस बार 6 सीटें देने से साफ मना कर दिया। हालांकि भाजपा इन दलों से संबध भी बनाए रखना चाहती है क्योंकि पार्टी नेतृत्व का मानना है कि हरियाणा में जननायक जनता पार्टी (जजपा) की तरह कहीं उसे चुनाव बाद इन्हीं दलों की मदद की जरूरत न पड़ जाए।

बहरहाल, झारखंड विधानसभा चुनाव में इस बार भी मुख्यतौर पर भाजपा और झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) के नेतृत्व वाले विपक्षी गठबंधन के बीच सियासी जंग होने जा रही है। प्रदेश विधानसभा के इस चुनाव में भी कई राजनीतिक समीकरण बदले हैं। भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए से लोक जनशक्ति पार्टी (एलजेपी) के अलग राह चुन लेने से इसमें पहले ही दरार आ चुकी है और अब आजसू भी अलग जा रहा है। एलजेपी 50 सीटों पर चुनाव लड़ने जा रही है। भाजपा का अन्य सहयोगी जेडीयू पहले ही अलग से मैदान में है। दूसरी ओर विपक्षी दलों के महागठबंधन से झारखंड विकास मोर्चा (जेवीएम) और वामदलों के अलग हो जाने से यह गठजोड़ भी टूट चका है और अब शिबू सोरेन का झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम), कांग्रेस और लालू प्रसाद यादव का राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) ही एक साथ मैदान में हैं। वामदल भी झारखंड में कुछ सीटों पर ताल ठोक रहे हैं। इसलिए विधानसभा का यह चुनाव बहुकोणीय होने जा रहा है।

बहरहाल, इस साल मई में भाजपा ने लोकसभा चुनाव में शानदार प्रदर्शन किया। प्रदेश की 14 लोकसभा सीटों में से 11 अकेले भाजपा के खाते में आईं जबकि एक सीट उसकी सहयोगी आजसू को मिली। जबकि कांग्रेस और जेएमएम को एक-एक सीट ही मिल पाई। अब विपक्षी दलों को भाजपा सरकार के खिलाफ एंटी इनकंबेंसी पर भरोसा है, जबकि भाजपा को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर। भाजपा चुनाव में एनआरसी और धर्मांतरण को भी बड़ा मुद्दा बनाने की कोशिश में है। प्रदेश की रघुबर दास सरकार ने 2017 से राज्य में धर्म स्वतंत्र कानून (झारखंड धर्म स्वतंत्र विधेयक 2017) लागू किया है। इसके अलावा किसानों समेत सभी वर्गों के लिए किए कार्यों को लेकर मैदान में उतरी है।

तिरछी नज़र

फिर भी तुम दिल्ली मत जाइयो

सहीराम

यहां की हवा ज़हरीली है, आसमान का रंग नीला नहीं काला है क्योंकि यहां बस काला धुआं है। यहां ऐसी सांस घुटती है कि बच्चे स्कूल नहीं जा पाते। बाबू लोग दफ्तर नहीं जा पाते। पैसे वाले बाजार नहीं जा पाते। सिर्फ गरीब काम पर जा सकते हैं।

तुम दिल्ली मत जाइयो। यह ठीक है कि दिल्ली देश की राजधानी है। वहां सत्ता के गलियारे हैं। लंबे-चौड़े तो पता नहीं कितने हैं, पर घुप्प और अंधेरे जरूर हैं। रहस्यमयी भी हैं। उन गलियारों तक अगर पहुंच हो जाए तो सचमुच पौ-बारह है। पर तुम कोई सत्ता के दलाल नहीं हो कि वहां तक तुम्हारी पहुंच हो जाएगी। तुम न नेता हो, न ठेकेदार हो और न अफसर, फिर सत्ता के गलियारे तक कैसे पहुंचोगे।

यह ठीक है कि तुम्हारे गांव में, शहर में, राज्य में रोजगार नहीं है और दिल्ली में रोजगार है। फिर भी तुम दिल्ली मत जाइयो। क्योंकि वहां रहोगे कहां? अब वहां झुग्गी-झोपड़ियां नहीं बसायी जाती। वहां सिर्फ अवैध कालोनियां बसायी जाती हैं, जिन्हें देर-सवेर वैध होना ही है, फिर भी वहां रहना इतना आसान थोड़े ही है। यह ठीक है कि वहां मेट्रो है। पर वह जनता की सवारी नहीं है। बड़ी महंगी है। बसों से दोगुनी, तीन गुनी और चार गुनी तक। बसें सस्ती हैं, बल्कि महिलाओं के लिए तो मुफ्त हैं और हो सकता है छात्रों और बुजुर्गों के लिए जल्दी ही मुफ्त हो जाएं। पर वे हैं कहां? यह सच है कि दिल्ली में बिजली सस्ती है और पानी मुफ्त। फिर भी तुम दिल्ली मत जाइयो क्योंकि दिल्ली पल-पल रूप बदलती है।

कभी दिल्ली अपराध की राजधानी हो जाती है तो कभी बलात्कार की राजधानी हो जाती है। जब निर्भया कांड हुआ था, सिर्फ तभी यह बलात्कार की राजधानी घोषित नहीं हुई थी, उसके बाद भी कई बार घोषित हुई है क्योंकि निर्भया कांड न जाने कितने रूपों में दोहराया जा चुका है। और अपराध की राजधानी तो अभी पिछले ही दिनों घोषित थी जब प्रधानमंत्री की भतीजी से झपटमारी हो गयी थी। यह तो अच्छा हुआ कि जैसे यूपी के मंत्री की चोरी हुई भैंसों को पुलिस फौरन ढूंढ़ निकालती है वैसे ही दिल्ली पुलिस ने भी प्रधानमंत्रीजी की भतीजी का सामान फौरन ढूंढ़ निकाला, जिस पर जलकुकड़ों ने वैसे ही शिकायत की, जैसे यूपी सरकार के विरोधी शिकायत करते थे। तो तुम इस पल-पल रूप बदलती दिल्ली मत जाइयो।

अपराध और बलात्कार से बच भी गए तो फिर यहां सांस घुटती है। यहां की हवा ज़हरीली है, आसमान का रंग नीला नहीं काला है क्योंकि यहां बस काला धुआं है। यहां ऐसी सांस घुटती है कि बच्चे स्कूल नहीं जा पाते। बाबू लोग दफ्तर नहीं जा पाते। पैसे वाले बाजार नहीं जा पाते। सिर्फ गरीब काम पर जा सकते हैं। जहर पीकर भी। हालांकि, देखा जाए तो यह जहर कहां नहीं है। एनसीआर में तो है ही, हरियाणा में है, पंजाब में है, पश्चिमी उत्तर प्रदेश में है। बल्कि पाकिस्तान में भी है। देशद्रोहियों को पाकिस्तान भेजकर भी क्या करेंगे। हालात तो बराबर ही हैं। इससे अच्छा तो उन्हें यहीं रख लो।

आपकी राय

अतार्किक बढ़ोतरी

राजधानी दिल्ली में पिछले दिनों जेएनयू में छात्र-छात्राएं आंदोलन कर रहे थे। मामला फीस बढ़ोतरी का था। विवि प्रशासन जहां छात्र-छात्राओं से अधिक फीस की उगाही कर रहे हैं, वही बिहार में बीआर अम्बेडकर विश्वविद्यालय ने भी इसी वर्ष सभी वोकेशनल कोर्स के फीस में बढ़ोतरी कर छात्र-छात्राओं के ऊपर आर्थिक दबाव बढ़ा दिया। इस तरह के दबाव से साधारण व निम्नवर्गीय परिवार अधिक प्रभावित हो रहा है। देखा जाए तो सीधा-सीधा शिक्षा में सेंधमारी का खेल चल रहा है।

नितेश कुमार सिन्हा, मोतिहारी

आधारहीन आरोप

वर्ष 2019 आम चुनाव के समय कांग्रेस उपाध्यक्ष राहुल गांधी ने चौकीदार चोर का प्रचार-प्रसार किया गया था, जिसमे राफेल डील में घोटाले की बात की गई थी। अब सुप्रीम कोर्ट ने साफ कर दिया है कि राफेल डील में कोई घोटाला नहीं हुआ है। उसकी पुनः जांच नहीं होगी। इस तरह के बिना तथ्यों के आरोप लगाने से राहुल गांधी की छवि धूमिल हुई है। राहुल गांधी को अपने ओहदे को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए तथा एक जिम्मेदार नेता की तरह कार्य करना चाहिए।

मनकेश्वर भट्ट, मधेपुरा, बिहार

जिम्मेवारी पहले

हर साल राष्ट्रीय प्रेस दिवस 16 नवंबर को मनाया जाता है। आज 21वीं सदी में ये सवाल उठता है कि क्या आज प्रेस तथ्यात्मक व विश्वसनीय है? इलेक्ट्रॉनिक मीडिया आज हर एक खबर को सनसनीखेज बनाकर उसे अधिक से अधिक लोगों तक ले जाता है जबकि उसका मुख्य उद्देश्य तो लोगों को सही व तथ्य आधारित खबरें देना है। इसी के कारण आज फेक न्यूज का प्रचलन बढ़ गया है। प्रेस को अपनी जिम्मवारियों को पहले से बेहतर समझना होगा।

जानवी बिट्टल, जालंधर

संपादकीय पृष्ठ पर प्रकाशनार्थ लेख इस ईमेल पर भेजें :-
dtmagzine@tribunemail.com

epaper.dainiktribuneonline.com

इसरो के वैज्ञानिकों का खुलासा

'लिटिल बॉय' से 17 गुना शक्तिशाली था उत्तर कोरिया का परीक्षण

नयी दिल्ली, 15 नवंबर (एजेंसी)

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के वैज्ञानिकों के अनुसार उत्तर कोरिया द्वारा 2017 में किए गए परमाणु परीक्षण से जमीन कुछ मीटर खिसक गयी थी और यह 1945 में हिरोशिमा पर गिराए गए बम 'लिटिल बॉय' से 17 गुना अधिक शक्तिशाली था।

अहमदाबाद में अंतरिक्ष उपयोग केंद्र, इसरो के केएम श्रीजीत के नेतृत्व में शोधकर्ताओं ने गौर किया कि उत्तर कोरिया 2003 में परमाणु अप्रसार संधि से अलग हो गया था।

बाद में 5 भूमिगत परमाणु परीक्षणों के साथ परमाणु हथियार विकसित कर लिया और 3 सितंबर, 2017 को संभवतः हाइड्रोजन बम भी तैयार कर लिया।

अंतरिक्ष उपयोग केंद्र के रितेश अग्रवाल और एएस राजावत सहित विभिन्न वैज्ञानिकों ने जमीन पर परीक्षणों के माप को बढ़ाने के लिए उपग्रह डाटा का उपयोग किया। 'जर्नल जियोफिजिकल जर्नल इंटरनेशनल' में प्रकाशित अध्ययन रिपोर्ट में शोधकर्ताओं ने कहा कि परमाणु परीक्षणों की पहचान का पारंपरिक तरीका भूकंपों की निगरानी करने वाले नेटवर्क के भूकंपीय माप पर निर्भर होता है। इस नये अध्ययन में श्रीजीत और उनकी टीम ने समाधान के लिए अंतरिक्ष की ओर रुख किया। टीम के वैज्ञानिकों ने जापानी उपग्रह एएलओएस-2 के आंकड़ों और इनएसएआर नामक तकनीक का उपयोग किया। वैज्ञानिकों ने उत्तर कोरिया के उत्तर-पूर्व में माउंट मंतप पर सितंबर 2017 के विस्फोट से ऊपर की सतह पर हुए परिवर्तनों को मापा।

पहाड़ की चोटी को हिला दिया था विस्फोट ने

नये आंकड़ों से पता चलता है कि विस्फोट इतना शक्तिशाली था कि उसने पहाड़ की चोटी को हिला दिया था। जमीन की विकृति के आधार पर, इसरो की टीम ने बताया कि विस्फोट के कारण 66 मीटर अर्धव्यास का गड्ढा बन गया। अध्ययन के अनुसार, 1945 में हिरोशिमा पर गिराए गए 'लिटिल बॉय' बम की क्षमता 15 किलो टन की तुलना में इसकी तीव्रता 245 से 271 किलो टन थी।

नवलखा की गिरफ्तारी पर 2 दिसंबर तक रोक

मुंबई, 15 नवंबर (एजेंसी)

मुंबई हाईकोर्ट ने कोरेगांव-भीमा हिंसा मामले में नागरिक अधिकार कार्यकर्ता गौतम नवलखा की गिरफ्तारी पर शुक्रवार को 2 दिसंबर तक रोक लगा दी।

जस्टिस पीडी नाइक ने अग्रिम जमानत की नवलखा की याचिका पर सुनवाई के लिए 2 दिसंबर की तारीख निर्धारित की है। नवलखा की याचिका के साथ ही मामले में सह आरोपी आनंद तेलतुंबड़े की याचिका पर भी सुनवाई होगी। पुणे पुलिस ने पिछले साल एक जनवरी को जिले के कोरेगांव भीमा गांव में हुई हिंसा के मामले में नवलखा, तेलतुंबड़े और कई अन्य कार्यकर्ताओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। इन सभी पर आरोप हैं कि ये प्रतिबंधित संगठन भाकपा (माओवादी) के सक्रिय सदस्य हैं।

वेनिस में फिर से बाढ़ की आशंका

वेनिस : वेनिस में समुद्र में जलस्तर लगातार बढ़ रहा है और असाधारण रूप से ऊंची लहरें उठ रही हैं। महज तीन दिन पहले ही इटली के शहर में भीषण बाढ़ आयी थी जो 50 साल से अधिक समय में सबसे अधिक भीषण आपदा थी और अब उच्च ज्वार के कारण फिर से बाढ़ आने की आशंका है। शुक्रवार को 1.60 मीटर (पांच फुट से ऊपर) ऊंची लहरें उठीं जो सामान्य स्तर से काफी अधिक है। सुबह प्रख्यात सेंट मार्क चौराहे पर घुटने तक पानी भरा था। बीते मंगलवार को शहर में भीषण बारिश हुई थी। जलस्तर समुद्र स्तर से 1.87 मीटर (छह फुट से अधिक) पहुंच गया था, जिसके कारण इतालवी सरकार ने आपात स्थिति की घोषणा की थी। -एजेंसी

हांगकांग लोकतंत्र समर्थकों ने निकाली रैली

चीन की चेतावनी बेअसर

हांगकांग, 15 नवंबर (एजेंसी)

चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग की चेतावनी की परवाह नहीं करते हुए हांगकांग के लोकतंत्र समर्थकों ने शुक्रवार को लगातार पांचवे दिन अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। विश्वविद्यालय परिसर प्रदर्शनकारियों का केंद्र बन गए हैं। प्रदर्शनकारियों द्वारा सड़कें जाम करने और नगरीय ट्रेन में तोड़फोड़ के बाद स्थगित सेवाओं के कारण एक बार फिर कार्यालय जाने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। लोकतंत्र समर्थकों ने शुक्रवार को 'मध्यान्ह भोजन आपके साथ' अभियान शुरू किया जिसमें कार्यालयों में काम करने वाले अधिकतर कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। उन्होंने हाथ उठाकर और पांच उंगलिया दिखाकर नारे लगाए कि 'हम हांगकांग के साथ' हैं।

पांच उंगलियों का अभिप्राय पांच मांगों से है जो लोकतंत्र समर्थक कर रहे हैं। इनमें हांगकांग के नेता का स्वंतत्र चुनाव और पुलिस उत्पीड़न की स्वतंत्र जांच शामिल है। मध्य जिले में वोंग उपनाम के एक 25 वर्षीय प्रदर्शनकारी कहा, 'जब 20 लाख लोगों ने शांतिपूर्ण मार्च निकाला तो सरकार ने कोई जवाब नहीं दिया। अब जब पुलिस अपनी ताकत का बेजा इस्तेमाल कर रही है तो सरकार..मानती है कि प्रदर्शनकारी ही समस्या हैं।' चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने गुरुवार को हांगकांग की नेता कैरी लैम और पुलिस का समर्थन किया और चेतावनी देते हुए कहा कि प्रदर्शनकारी 'एक देश दो प्रणाली' सिद्धांत के लिए खतरा हैं जिसके तहत अर्धस्वायत्त हांगकांग में शासन होता है। उल्लेखनीय हांगकांग में गत जून महीने से लगातार प्रदर्शन हो रहे हैं। 75 लाख आबादी वाले शहर में लोग चीन के शासन के अंतर्गत लगातार कम होती आजादी का विरोध कर रहे हैं।

हांगकांग में शुक्रवार को पोलीटेक्निक युनिवर्सिटी के बाहर सड़क पर बिखरी ईंटें।-रा.

न्याय मंत्री पर लंदन में हमला, कैरी लैम ने की निंदा

हांगकांग (एजेंसी) : हांगकांग की नेता कैरी लैम ने गुरुवार को अपनी न्याय मंत्री पर 'बर्बरतापुर्ण हमले' की निंदा की, जो लंदन में लोकतंत्र समर्थक प्रदर्शनकारियों की भीड़ से घिरी रहने के दौरान गिर गई थीं। हांगकांग की न्याय मंत्री टेरेसा चेंग को लगभग एक दर्जन नकाबपोश प्रदर्शनकारियों ने घेर लिया था, जब वह लंदन में गुरुवार रात एक कार्यक्रम में भाग लेने के लिए जा रही थीं। घटना के वीडियो में चेंग को हंगामे के दौरान फर्श पर गिरते हुए देखा जा सकता है। यह अभी स्पष्ट नहीं हुआ है कि उन्हें प्रदर्शनकारियों ने धक्का दिया था कि नहीं।

लता की सेहत पहले से कहीं बेहतर

मुंबई, 15 नवंबर (एजेंसी)

सुप्रसिद्ध गायिका लता मंगेशकर के परिवार के प्रवक्ता ने कहा है कि अब उनकी हालत पहले से कहीं बेहतर है। गौरतलब है उन्हें सांस लेने में परेशानी होने के बाद ब्रीच कैंडी अस्पताल की गहन चिकित्सा इकाई में भर्ती करवाया गया। उनकी पीआर टीम ने एक बयान जारी किया है। इसमें कहा गया है, 'हमें यह सूचित करते हुए बहुत खुशी हो रही है कि आपकी प्रार्थनाओं और दुआओं के साथ लता दीदी की सेहत बेहतर हो रही है। साथ देने के लिए धन्यवाद। ईश्वर महान है।' अपने सात दशक के करियर में मंगेशकर ने विभिन्न भाषाओं के 30,000 से अधिक गीत गाये हैं।

कैलिफोर्निया के स्कूल में गोलीबारी, 2 की मौत

सांता क्लेरिटा, 15 नवंबर (एजेंसी)

सदर्न कैलिफोर्निया के एक स्कूल में एक छात्र ने गोलीबारी की जिसमें दो छात्रों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। इसके बाद हमलावर छात्र ने खुद के सिर में भी गोली मार ली। यह गोलीबारी लॉस एंजिलिस से करीब 30 मील दूर सांता क्लेरिटा के सौगस हाई स्कूल में बृहस्पतिवार को स्थानीय समयानुसार सुबह करीब साढ़े सात बजे हुई। लॉस एंजिलिस काउंटी के शेरिफ एलेक्स विलानुएवा ने बताया कि 16 वर्षीय संदिग्ध समेत छह लोगों को गोली लगी है। हमलावर का बृहस्पतिवार को जन्मदिन था। इस हमले के पीछे के कारण के बारे में अभी कोई जानकारी नहीं दी गई है। गोलीबारी के एक वीडियो में हमलावर अपने सिर में गोली मारते दिखाई दे रहा है। प्राधिकारियों ने बताया कि हमलावर के पास .45 कैलिबर की पिस्तौल थी।

प्रशांत भूषण, अरुण शौरी की मांग

राफेल मामले में एफआईआर दर्ज करे सीबीआई

नयी दिल्ली, 15 नवंबर (एजेंसी)

वकील प्रशांत भूषण और पूर्व भाजपा नेता अरुण शौरी ने शुक्रवार को कहा कि सीबीआई को राफेल सौदे के मामले में एफआईआर दर्ज करनी चाहिए। एक दिन पहले ही सुप्रीमकोर्ट ने केंद्र सरकार को इस मामले में क्लीन चिट दी है।

सुप्रीमकोर्ट ने फ्रांस से 36 राफेल लड़ाकू विमान खरीदने पर मोदी सरकार को क्लीन चिट देने के पिछले साल सुनाये गये फैसले पर पुनर्विचार के लिए भूषण, शौरी और पूर्व भाजपा नेता यशवंत सिन्हा की याचिका समेत अन्य याचिकाओं को शुक्रवार को खारिज कर दिया। भूषण ने कहा कि सीबीआई तीन न्यायाधीशों की शीर्ष अदालत की पीठ के फैसले के बावजूद उनकी शिकायत पर जांच करने के लिए बाध्य है। उन्होंने प्रेस क्लब ऑफ इंडिया में कहा कि अगर सीबीआई ऐसा नहीं करती तो वे फिर सुप्रीमकोर्ट जाएंगे। संवाददाताओं को शौरी ने भी संबोधित किया। इस दौरान यशवंत सिन्हा उपस्थित नहीं थे। भूषण ने अपने पक्ष को पुख्ता करने के लिए जस्टिस केएम जोसेफ के फैसले का जिक्र किया। भूषण ने कहा कि सीबीआई को मामले की जांच के लिए सरकार की अनुमति मांगनी होगी और उसके पास ऐसा करने के लिए तीन महीने का समय है।

नयी दिल्ली में प्रेस को सम्बोधित करते प्रशांत भूषण और अरुण शौरी। -मानस रंजन भुई

आज देशभर में प्रदर्शन करेगी भाजपा

नयी दिल्ली (ट्रिन्यू/एजेंसी) : राफेल मामले में सुप्रीमकोर्ट का फैसला आने के बाद भाजपा ने शुक्रवार को कहा कि वह शनिवार को देश भर में प्रदर्शन कर राहुल गांधी से माफी मांगने को कहेगी। भाजपा का कहना है कि शीर्ष अदालत के फैसले ने कांग्रेस नेता और उनकी पार्टी के कोरे झूठ को सामने ला दिया है। पार्टी के महासचिव भूपेन्द्र यादव ने संवाददाताओं को बताया कि लोकतंत्र में सिद्धांतों/विचारधारा का टकराव स्वीकार्य है, लेकिन गांधी ने जिस तरह से 'झूठ' का सहारा लिया और जैसे उन्हें न्यायालय से माफी मांगनी पड़ी,उसके चलते अब उनके पास देश से माफी मांगने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा है। यादव ने दावा किया कि ऐसा पहली बार हुआ है जब राष्ट्रीय स्तर के किसी नेता को उच्चतम न्यायालय में माफी मांगनी पड़ी है। इससे पहले दिन में दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष मनोज तिवारी के नेतृत्व में भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस पार्टी के खिलाफ नारेबाजी की और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की छवि बिगाड़ने का प्रयास करने के लिए विपक्ष से माफी मांगने को कहा।

बेंगलूरु में शुक्रवार को ख्यात कवि एवं संत श्री कनकदास की जयंती के अवसर पर निकाली गई शोभायात्रा में शामिल लोक कलाकार। -प्रेट्र

बर्फबारी-भूस्खलन ने रोके राजमार्ग, हजारों वाहन फंसे

श्रीनगर/जम्मू, 15 नवंबर (एजेंसी)

जम्मू कश्मीर के उच्चे पहाड़ी इलाकों में शुक्रवार को ताजा बर्फबारी और रामबन क्षेत्र में भूस्खलन के चलते राजमार्ग बंद हो गए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार बर्फबारी के कारण राजमार्गों को एहतियात के तौर पर बंद किया गया है वहीं रामबन जिले में भूस्खलन के कारण जम्मू-श्रीनगर राजमार्ग बंद हो गया जिससे 3000 वाहन फंस गए। इसके साथ ही मौसम विभाग ने अगले दो दिनों में हल्की बारिश या बर्फबारी का अनुमान जताया है।

मौसम विभाग के एक अधिकारी ने यहां बताया कि उत्तरी कश्मीर के बारामूला जिले के गुलमर्ग में प्रसिद्ध स्की-रिसॉर्ट में करीब 6 इंच ताजा बर्फबारी दर्ज की गई। घाटी और लद्दाख के ऊंचे पहाड़ी क्षेत्रों में रात भर ताजा बर्फबारी हुई जो सुबह भी जारी रही। गुरेज सहित कश्मीर के अन्य ऊंचे इलाकों में भी ताजा बर्फबारी की चपेट में है। अधिकारी ने बताया कि लद्दाख के कारगिल जिले में द्रास में करीब एक इंच बर्फबारी हुई, जबकि श्रीनगर-लेह राष्ट्रीय राजमार्ग पर जोजिला दर्रा में पांच इंच बर्फ गिरी। यातायात नियंत्रण कक्ष के एक अधिकारी ने बताया, 'बर्फबारी के कारण एहतियात के तौर पर सभी राजमार्ग बंद कर दिए गए हैं।' मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों में जम्मू-कश्मीर में हल्की से मध्यम बारिश या बर्फबारी की संभावना जताई है।

उधर 270 किलोमीटर लंबा जम्मू-श्रीनगर राजमार्ग जो कश्मीर को देश के दूसरे इलाकों से जोड़ने वाला एकमात्र रास्ता है, भी भूस्खलन से यह मार्ग अवरुद्ध हो गया। अलग-अलग स्थानों पर वहां 3000 भारी वाहन और 300 हल्के वाहन फंसे हुए हैं। पिछले भी सप्ताह बर्फबारी और भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन की वजह से यह राजमार्ग 3 दिनों तक बंद रहा था।

तुर्की ने आतंकवाद के आरोप में 4 मेयर धरे

अंकारा, 15 नवंबर (एजेंसी)

देश की कुर्द समर्थक पार्टी के खिलाफ अभियान के दौरान पुलिस ने कुर्द विद्रोहियों के साथ संदिग्ध संबंध के आरोप में चार मेयरों को हिरासत में लिया है। तुर्की की सरकारी समाचार एजेंसी एनादोलु के अनुसार मारदीन प्रांत के सवुर, देरिक और माजीदागी और सनलीर्फा प्रांत के सुरुक शहरों के मेयरों सहित निगम के करीब 20 अधिकारियों को शुक्रवार को हिरासत में लिया गया। कुर्द समर्थक पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी या एचडीपी के ये सदस्य इसी साल मार्च में मेयर निर्वाचित हुए थे। सरकार का आरोप है कि पार्टी का संबंध अवैध/गैरकानूनी कुर्दिस्तान वर्कर्स पार्टी या पीकेके के साथ है। एचडीपी के करीब 20 मेयरों को पद से हटा दिया गया है।

जिंदगी लाइव

'पृथ्वीराज' से फिल्मों की पारी शुरू करेगी मानुषी छिल्लर

मुंबई (एजेंसी) : 'मिस वर्ल्ड 2017' मानुषी छिल्लर सुपरस्टार अक्षय कुमार के साथ यश राज फिल्म्स की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि वाली फिल्म 'पृथ्वीराज' से हिंदी फिल्मों में शुरुआत करेंगी। फिल्म का निर्देशन चंद्रप्रकाश द्विवेदी करेंगे और यह फिल्म सम्राट पृथ्वीराज चौहान के जीवन पर आधारित होगी। अक्षय फिल्म में पृथ्वीराज चौहान का, मानुषी संयोगिता का किरदार निभायेंगी। द्विवेदी ने एक बयान में कहा, 'इस भूमिका के लिए हमने कई युवा नये चेहरों का ऑडिशन लिया क्योंकि हमलोग एक बेहद खूबसूरत भारतीय नायिका चाहते थे। संयोगिता का सौंदर्य अद्भुत था। वह एक मजबूत, आत्मविश्वास से भरपूर थीं। हमलोग जो चाहते थे सब हमें मानुषी में मिला। वह हफ्ते में 6 दिन रिहर्सल कर रही हैं।' मानुषी ने कहा कि हिंदी फिल्म उद्योग में बड़े नामचीन कलाकार के साथ काम करना उनके लिये सम्मान की बात है और वह अपनी ओर से इस किरदार के प्रति पूरा न्याय करने का प्रयास करेंगी। 'पृथ्वीराज' 2020 में दिवाली के मौके पर रिलीज होगी।

'शुभ मंगल ज्यादा सावधान' फरवरी 2020 में

मुंबई (एजेंसी) : अभिनेता आयुष्मान खुराना की अगली फिल्म 'शुभ मंगल ज्यादा सावधान' अगले साल 21 फरवरी को सिनेमाघरों में आएगी। भूषण कुमार की टी सीरीज और आनंद एल राय के कलर यलो प्रोडक्शन के बैनर तले निर्मित यह फिल्म पहले मार्च में रिलीज होने वाली थी लेकिन निर्माताओं ने इसे पहले रिलीज करने का फैसला किया। इस फिल्म की कहानी समलैंगिक प्रेमी युगल के इर्द गिर्द घूमती है। जितेंद्र कुमार इसमें आयुष्मान के प्रेमी की भूमिका में हैं। राय के अनुसार 'यह पूरी तरह पारिवारिक फिल्म है और हम इसे जल्द दर्शकों के सामने लाना चाहते हैं। फरवरी प्यार का महीना है और इसलिए हम यह फिल्म फरवरी में ले कर आ रहे हैं।' पहले यह 13 मार्च को रिलीज होनी थी और अनुराग बसु की कई अभिनेताओं वाली फिल्म 21 फरवरी को आने वाली थी। दोनों फिल्मों की रिलीज की तारीखें आपस में बदल दी गयी हैं।

पेरिस स्थित लोंगचेम्प्स रेसकोर्स में एक म्यूजिक शो के मौके पर प्रस्तुति देते कलाकार। संगीत का प्रमुख उत्सव अगले साल 24 फरवरी तक चलेगा। -एएफपी

खास धुनों को लेकर साथ आए दो पंजाबी कलाकार

मुंबई (एजेंसी) : मिलिंद गाबा और ध्वनि भानुशाली की 'अख लड़ जावे और 'शी डोंट नो' के नाम से गीत अब श्रोताओं को सुनने को मिलेंगे। कहा जा रहा है कि दो युवा कलाकार पहली बार एक साथ आ रहे हैं। बता दें कि ध्वनि भानुशाली के कई गाने हिट हो चुके हैं। वह कहती हैं, 'मिक्सटेप की शूटिंग हमेशा मजेदार रही है, बनाया गया सेट अन्य मिक्सटेप्स से बहुत अलग था जहां मैंने पहले परफॉर्म किया है।' अपने पंजाबी और बॉलीवुड म्यूजिक के लिए लोकप्रियता हासिल करने वाले मिलिंद गाबा कहते हैं, 'ये दो गाने पहले से ही सुपर हिट ब्लॉकबस्टर थे और मैं व्यक्तिगत रूप से 'शी डोंट नो' के साथ कुछ खास करना चाहता था। इसलिए हमने खास तौर से इन ट्रैक को चुना।

खाताधारकों की जानकारी मांगने में भारत दूसरे स्थान पर

नयी दिल्ली (एजेंसी) : फेसबुक के खाताधारकों की सरकार द्वारा जानकारी मांगें जाने के मामले में भारत दूसरे स्थान पर है। फेसबुक की छमाही पारदर्शिता रपट के अनुसार 2019 की पहली छमाही में इस मामले में सरकार की ओर से ऐसे अनुरोधों की संख्या नौ प्रतिशत बढ़कर 22,684 रही। खाताधारकों की जानकारी मांगने के मामले में अमेरिका पहले स्थान पर है। जनवरी-जून 2019 में अमेरिका ने 82,461 खाताधारकों की जानकारी मांगी और इसके लिए उसने फेसबुक से 50,714 बार अनुरोध किया। भारत ने जनवरी-जून में 33,324 फेसबुक खाताधारकों की जानकारी के लिए फेसबुक से 22,684 बार अनुरोध किया। फेसबुक ने अपनी रपट में बताया कि समीक्षा अवधि में सरकारों की ओर से 1.28 लाख बार खाताधारकों की जानकारी मांगी गयी। यह इससे पहले जुलाई-दिसंबर 2018 के 1,10,634 अनुरोधों से करीब 16 प्रतिशत अधिक है। इसमें ब्रिटेन की ओर से 7,721, जर्मनी से 7,302, फ्रांस से 5,782 और ब्राजील से 5,683 अनुरोध किए गए।

आज के ट्वीट

यदि आपने कभी कलम में स्याही की जगह पर आंसू भर कर कुछ रच देने की कल्पना भर भी की हो तो महाकवि जयशंकर प्रसाद की पुण्यतिथि पर कालजयी रचना कामायनी के 'आंसू' सर्ग का यह अंश सुनें और उन्हें प्रणाम करें।

- डॉ. कुमार विश्वास, कवि (एक वीडियो टैग करते हुए)

नेल्सन मंडेला ने कहा था-बच्चे हमारा सबसे बड़ा खजाना हैं। वे हमारा भविष्य हैं। कुछ सालों से मैं सलामबीबे ओआरजी के साथ काम कर रही हूं। मैंने सीधे तौर पर देखा कि अभावग्रस्त बच्चों के जीवन स्तर को सुधारने के लिए वे कितना आश्चर्यजनक काम कर रहे हैं।

-डायना पेंटी, बॉलीवुड अदाकारा

epaper.dailytribuneonline.com

बेखौफ नागरिक, बेबस प्रशासन

फिर धंसा केएमपी, जगह-जगह अवैध कट

इन रास्तों से किसी भी दिन हो सकता है कोई बड़ा हादसा

पुरुषोत्तम शर्मा/हप्र
सोनीपत, 15 नवंबर

कुंडली-मानेसर-पलवल एक्सप्रेस-वे (केएमपी) पर सफर खतरनाक हो सकता है। खरखौदा में कई जगह ग्रामीणों ने रेलिंग तोड़कर अवैध रूप से रास्ते बना रखे हैं। वहीं, केएमपी पर कई जगह फिर से जमीन धंसने की वजह से गहरे गड्ढे हो गए हैं। जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

गौरतलब है कि दिल्ली में ट्रैफिक का दबाव कम करने के लिए बनाये गये इस रास्ते को शुरू हुये एक साल हुआ नहीं है कि एक्सप्रेस-वे की दो बार रिपयेरिंग की जा चुकी है। अब फिर से खरखौदा में केएमपी जगह-जगह से धंस गया है। इससे पहले भी केएमपी धंसने की वजह से राहगीरों को काफी परेशानी उठानी पड़ी थी। कोहरे और सर्दी का मौसम होने की वजह से ये गड्ढे हादसों की बड़ी वजह बन सकते हैं।

सोनीपत के खरखौदा इलाके में केएमपी पर ग्रामीणों ने अवैध रूप से रास्ते बना रखे हैं।-हप्र

अवैध कट

केएमपी पर 34 अंडरपास और 64 पैदल यात्री क्रॉसिंग तैयार की गई थी। बावजूद इसके खरखौदा के पास कई जगहों पर अवैध कट कर लिए गए हैं। अवैध कटों के खिलाफ केएमपी के अधिकारी भी कोई कार्रवाई नहीं कर रहे। ग्रामीणों ने हाईवे पर चढ़ने के लिए रेलिंग तोड़कर ये कट तैयार किए हैं। इन कटों की वजह से राहगीरों को परेशानी हो रही है। कहीं से भी कोई भी वाहन कभी भी हाईवे पर चढ़ जाता है।

सोनीपत के खरखौदा में शुक्रवार को धंसी सड़क से कभी भी हादसा हो सकता है। -हप्र

डीसी ने अधिकारियों को लगाई फटकार

डीसी डॉ अंशज सिंह ने सड़क सुरक्षा प्रबंधन को लेकर दिए निर्देशों का सही पालन नहीं होने पर अपनी नाराजगी जताई और अधिकारियों को फटकार लगाई। उन्होंने अवैध कटों को तुरंत बंद कर अन्य जरूरी बंदोबस्त करने के निर्देश दिये।

ट्राले से टकराया ट्रक, एक मरा

केएमपी मार्ग पर एक ट्राला व ट्रक की टक्कर में एक युवक की मौत हो गई। जबकि एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। गांव अलापुर अलवर निवासी इकबाल ट्रक में मुर्गी दाना भरकर अलवर से करनाल जा रहा था। ट्रक में उसके गांव के निसार व जावेद भी थे। रात को पीपली केएमपी मार्ग पर एक ट्राले से ट्रक टकरा गया। ट्रक चालक इकबाल ने ट्रक से कूद कर अपनी जान बचाई, जबकि जावेद की मौत हो गई।

गैस एजेंसी के ड्राइवर से 18 हजार लूटे

सोनीपत, 15 नवंबर (हप्र)

खरखौदा के फरमाणा में बालाजी गैस सर्विस एजेंसी के चालक को पिस्तौल दिखाकर नकाबपोश बदमाश उससे 18 हजार रुपये लूट कर ले गये। वह ट्रैक्टर-ट्राली में गैस सिलेंडरों की सप्लाई कर वापस एजेंसी लौट रहा था। सेहरी और बिधलान गांव के बीच दो बाइक सवार नकाबपोश युवकों ने वारदात को अंजाम दिया। गांव रिढाऊ निवासी धर्मबीर बालाजी गैस सर्विस एजेंसी पर चालक है। वह ट्रैक्टर-ट्राली में सिलेंडर लेकर सप्लाई करने के लिए गांव बिधलान, नकलोई, निरथान, खेड़ी दहिया, ककरोई, भदाना, खांडा सेहरी में गया था। वहां सप्लाई कर वह लौट रहा था। जब वह गांव सेहरी व बिधलान के बीच में पहुंचा, तो एक बाइक सवार दो नकाबपोश युवक आए। एक चलते ट्रैक्टर में चढ़ गया। इस पर उसने ट्रैक्टर को रोका, तो युवक ने ट्रैक्टर के टूल में से 18 हजार रुपये की नकदी निकाल ली। दोनों ने उस पर पिस्तौल तानकर गोली भी चलाने की कोशिश की, लेकिन गनीमत रही कि पिस्तौल नहीं चली। छीनाझपटी के बाद युवक नकदी लेकर भाग गए।

जवाहर कालोनी का निगमायुक्त ने किया दौरा

सीवरेज ओवरफ्लो, सहायक अभियंता निलंबित

जेई व सफाई निरीक्षक की सेवाएं समाप्त

फरीदाबाद, 15 नवंबर (हप्र)

जवाहर कालोनी स्थित वार्ड-7 के सारन स्कूल रोड पर सीवरेज ओवरफ्लो होने के कारण जलभराव की समस्या का निपटारा करने में लापरवाही बरतने पर नगर निगम आयुक्त सोनल गोयल ने सहायक अभियंता को निलंबित कर दिया, जबकि कनिष्ठ अभियंता और सहायक सफाई निरीक्षक की सेवाओं को समाप्त कर दिया है। इसके अलावा स्वास्थ्य अधिकारी तथा कार्यकारी अभियंता को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

निगमायुक्त सोनल गोयल ने शुक्रवार को सारन स्कूल रोड जवाहर कालोनी का दौरा किया तो पाया कि यहां सीवरेज ओवरफ्लो था और गंदे पानी से जलभराव हुआ पड़ा था। यह स्थिति देखकर नगर-निगम के मुख्य अभियंता, अधीक्षण अभियंता, स्वास्थ्य अधिकारी, कार्यकारी अभियंता और अन्य अधिकारियों को खरी-खोटी सुनाई।

उन्होंने अधिकारियों को गंदे पानी की निकासी तुरंत करने और नालियों के ऊपर पड़ी स्लैब तुड़वाकर नालियों को साफ करने, डिस्पोजल पर खराब पड़ी मोटरों को ठीक करवाने के निर्देश दिये। इसके अलावा वार्ड-2 में गौच्छी ड्रेन पर डिस्पोजल को साफ करने के भी आदेश भी दिए। निरीक्षण के दौरान जगह-जगह कूड़े के ढेर मिलने पर निगमायुक्त ने नाराजगी जताई और कूड़े के ढेर को ईको ग्रीन कंपनी से 24 घंटे में उठवाने के आदेश दिए।

फरीदाबाद में शुक्रवार को निगमायुक्त सोनल गोयल ने वार्ड -7 के सारन स्कूल रोड का दौरा किया और यहां गली में सीवरेज का पानी भरा देखकर अधिकारियों को डांट भी लगायी। -हप्र

खबर है...

अकेली खेलती बच्ची गायब, अपहरण की आशंका

गुरुग्राम (हप्र) : सरस्वती कुंज सोसायटी के अंदर झुग्गियों में अपने परिवार के साथ रहने वाली 3 साल की बच्ची अचानल लापता हो गई। बच्ची के परिजनों ने उसके अपहरण की आशंका जताई है। सोसायटी के अंदर व बाहर सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। प.बंगाल निवासी एक व्यक्ति ने बताया कि वह साफ-सफाई करता है तथा उसकी पत्नी झुग्गी के पास ही घरेलू जरूरत का सामान बेचती है। बृहस्पतिवार को उनकी तीन वर्षीय बच्ची झुग्गी के पास अकेली खेलते समय अचानक लापता हो गई। पूछताछ करने पर पता चला कि एक युवक उसे पास की रेहड़ी पर जूस पीला रहा था। देर शाम परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने बच्ची को ढूंढ़ने के लिए तलाशी अभियान चलाया लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिल पाया। परिजनों ने आशंका जताई कि उनकी बेटी का अपहरण किया गया है।

परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा का होगा स्वागत

बल्लभगढ़ (निस) : प्रदेश के परिवहन मंत्री व बल्लभगढ़ के विधायक मूलचंद शर्मा के मंत्री बनने के बाद फरीदाबाद में उनका स्वागत किया जाएगा। उनके बड़े भाई टिंपरचंद शर्मा ने बताया कि परिवहन मंत्री सुबह 10 बजे दिल्ली से दिल्ली-फरीदाबाद बार्डर पर पहुंचेंगे तथा सराय पर उनका स्वागत किया जाएगा। इसके बाद मोटरसाइकिलों के काफिले के साथ बल्लभगढ़ के अग्रेसन द्वार तक ले जाया जाएगा। वे बल्लभगढ़ रेस्ट हाउस में अधिकारियों की बैठक को संबोधित करेंगे। वे बाबा साहब अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे। इसके बाद अग्रसेन चौक पर महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे। सेक्टर-2 स्थित उनके कार्यालय में शर्मा कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करेंगे।

शिविर में 292 की सेहत जांची

गोहाना (निस) : शिक्षा एवं स्वास्थ्य समिति के संस्थापक स्व. डॉ.वीर सिंह मलिक के जन्मदिन पर शुक्रवार को पार्क रोड स्थित जीत अस्पताल में निःशुल्क चिकित्सा शिविर लगाया गया, जिसमें 292 लोगों की सेहत की जांच की गई। डॉ. वीर सिंह मलिक का जीवन शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं के उत्थान के लिए समर्पित था। शिविर का मार्गदर्शन करने के लिए स्व. डा. वीर सिंह मलिक की पत्नी गायत्री मलिक और पुत्र मोहित मलिक भी पहुंचे। इस अवसर पर हृदय रोग विशेषज्ञ डा. अनुज चौधरी ने अपनी सेवाएं दीं। स्वास्थ्य जांच के साथ मरीजों के टेस्ट भी फ्री हुए।

कार की टक्कर से ऑटो पलटा, 9 घायल

गोहाना (निस) : नेशनल हाईवे-709 स्थित पानीपत मार्ग पर शहरी क्षेत्र में कार की टक्कर से ऑटो पलट गया, जिससे उसमें सवार ड्राइवर सहित 9 यात्री घायल हो गये। इनमें से 7 की हालत गंभीर होने पर उन्हें रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया। गांव मुंडलाना निवासी महेन्द्र अपने भाई सुरेन्द्र का ऑटो चलाता है। उसने पानीपत चुंगी से मुंडलाना गांव जाने के लिए यात्री बैठाये और चल पड़ा। जब वह नेशनल हाईवे 709 पर ट्रक मार्किट के पास से गुजर रहा था, तभी पीछे से एक कार ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि आटो पलट गया। हादसे में ड्राइवर महेन्द्र सिंह, प्रेम पुत्र मांगे राम, लक्ष्मी पत्नी प्रेम सिंह, मंजू पुत्री सुभाष, वजीर पुत्र रामफल, ज्योति पुत्री कर्मबीर और कृष्णा पत्नी जयभगवान घायल हो गये। ये सभी सातों ग्रामीण मुंडलाना गांव निवासी हैं। इनके अलावा घायलों में चिड़ाना गांव की एक फैक्टरी कर्मचारी शिव चंद्र समेत एक अन्य व्यक्ति भी जख्मी है। हादसे में ड्राइवर महेन्द्र और लक्ष्मी को छोड़ कर बाकी सभी को पीजीआई रेफर कर दिया है। शहर थाना पुलिस का कहना है कि हादसे का आरोपी चालक अपनी कार छोड़कर भाग गया। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

राजस्थान के सीएम गहलोत ने दी सांत्वना

रोहतक, 15 नवंबर (निस)

पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा के छोटे भाई धर्मेंद्र हुड्डा की आत्मा की शांति के लिए नांदल भवन में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में राजनीति और सामाजिक क्षेत्र के लोगों ने शिरकत की।

राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, हरियाणा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्षा व सांसद कुमारी शैलजा, राज्यसभा सांसद आनंद शर्मा, कांग्रेस महासचिव मुकुल वासनिक, कांग्रेस के पूर्व महासचिव जनार्दन द्विवेदी, हरियाणा विधानसभा के स्पीकर ज्ञानचंद गुप्ता, सांसद धर्मवीर सिंह, राजस्थान के मंत्री हरीश चौधरी, लालचंद कटारिया ने प्रार्थना सभा में दिवंगत की याद में अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कांग्रेस अध्यक्षा सोनिया गांधी ने अपना शोक संदेश भेजा व दुःख की इस घड़ी में अपनी संवेदना व्यक्त की।

सोनीपत में धुंध, विजिबिलिटी 50 मीटर

पराली जलाने वाले 11 किसानों पर जुर्माना

सोनीपत, 15 नवंबर (हप्र)

धान की पराली जलाने वाले किसानों के खिलाफ कृषि विभाग ने सख्त कदम उठाने शुरू कर दिए है। विभाग ने अब तक 11 किसानों पर 22 हजार 500 रुपए का जुर्माना लगाया है। सैटेलाइट से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार पराली जलाने के 17 मामले सामने आ चुके हैं। दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में वायू प्रदूषण खतरनाक स्तर तक पहुंच गया था। इसकी एक वजह पराली जलाने से पैदा होने वाले धुएं को भी माना जा रहा है। पहाड़ी राज्यों में हुई ताजा बर्फबारी और राजस्थान में हुई तेज बरसात की वजह से दिल्ली-एनसीआर में तापमान में भी गिरावट आ गई है। शुक्रवार को सुबह धुंध भी छाई रही। इसके चलते विजिबिलिटी 50 मीटर के दायरे में रही। उधर, शुक्रवार को भी जिले के अधिकतर स्कूल बंद रहे। प्रशासन ने बच्चों को मैदानों में न खेलने की सलाह भी दी है।

वायु गुणवत्ता का स्तर 204

शुक्रवार को सोनीपत शहर में वायु गुणवत्ता का स्तर एक बार फिर से 200 के पार पहुंच गया। गीता भवन चौक, ककरोई चौक पर जाम जैसी स्थिति बने रहने की वजह से दिन भर क्षेत्र में प्रदूषण का स्तर अधिक रहा।

अधिकारी बोले

कृषि उपनिदेशक अनिल सहरावत का कहना है कि पराली जलाकर प्रदूषण फैलाने वाले किसानों पर पैनी नजर रखी जा रही है। अब तक 11 किसानों पर जुर्माना लगाया जा चुका है। अगले तीन से चार दिन संवेदनशील है।

शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म

गुरुग्राम, 15 नवंबर (हप्र)

शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के आरोप में पुलिस ने कॉस्मेटिक की दुकान पर काम करने वाली युवती की शिकायत पर कारोबारी के खिलाफ मामला दर्ज किया है और उसकी तलाश की जा रही है। पीड़ित 26 वर्षीय युवती कॉस्मेटिक की दुकान में काम करती है। इस दौरान उसकी मुलाकात बिजनेसमैन रोहित से हुई।

आरोप है कि रोहित ने शादी का वादा किया और उसे झांसे में लेकर उसके साथ दुष्कर्म किया। अब रोहित ने उससे बात करनी बंद कर दी और शादी से भी इंकार कर दिया। पुलिस ने युवती की शिकायत पर उसका मेडीकल करवा रोहित के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली। सेक्टर-14 थाना पुलिस का कहना है कि आरोपी को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

'बायोमेडिकल इंजीनियरिंग में रोजगार की खूब संभावनाएं '

सोनीपत, 15 नवंबर (हप्र)

- मुरथल यूनिवर्सिटी में बायोमेडिकल इंजीनियरिंग पर वर्कशाप
- कार्यशाला के जरिये बताये बायोमेडिकल इंजीनियरिंग के फायदे

दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय मुरथल के कुलपति प्रो. राजेंद्रकुमार अनायत ने कहा कि बॉयोमेडिकल का हमारे जीवन में अहम योगदान है। इसमें रोजगार की अपार संभावनाएं हैं। जनसंख्या में वृद्धि के चलते आज बायोमेडिकल इंजीनियरों की जितनी आवश्यकता है, उतने उपलब्ध नहीं हैं।

वह दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में आयोजित बॉयोमेडिकल इंजीनियरिंग वर्कशॉप में बोल रहे थे। वर्कशॉप में प्रायोगिक प्रदर्शन के माध्यम से ओरिकुलर थेरेपी की जानकारी दी गई। प्रो. अनायत ने कहा कि बायोमेडिकल इंजीनियर अस्पतालों, नर्सिंग होम्स, रिसर्च लैब्स, दवा बनाने वाली कंपनियों व हेल्थकेयर कंपनियों में रोजगार पा सकते हैं। उन्होंने कहा कि बॉयोमेडिकल इंजीनियरिंग के विद्यार्थियों के लिए भविष्य में कई दिन की ओरिकुलर थेरेपी पर वर्कशॉप करवाई जाएगी। ताकि विद्यार्थी इस विधि का लाभ उठाकर रोजगार क्षेत्र में आगे बढ सकें। इस दौरान ओरिकुलर थेरेपिस्ट प्रोमिला अहलावत ने कहा कि ओरिकुलर थेरेपी में बिना रसायन का प्रयोग से अनेक बीमारियों को ठीक किया जा सकता है। ओरिकुलर थैरेपी में कान में नर्व एंडिग्स प्वाइंट को दबाया जाता है। यह चिकित्सा पद्धति बेहद सस्ती है तथा इसका स्वास्थ्य पर प्रतिकुल प्रभाव नहीं पड़ता।

कल्याण बोर्ड को खत्म करने का विरोध

संसद मार्च में भाग लेंगे भवन निर्माण कामगार

रोहतक, 15 नवंबर (हप्र)

निर्माण कामगारों के कल्याण बोर्ड को खत्म करने के मोदी सरकार के कदमों के खिलाफ 5 दिसंबर को निर्माण कामगार सीडब्लूएफआई के आह्वान पर संसद मार्च में शामिल होंगे। यह दावा भवन निर्माण कामगार यूनियन (सीटू) की मानसरोवर पार्क में आयोजित ब्लॉक के पदाधिकारियों की मीटिंग को संबोधित करते हुए यूनियन के जिला अध्यक्ष रामभगत ने कहे। उन्होंने कहा कि 1996 में निर्माण मजदूरों के लिए सामाजिक सुरक्षा का कानून बना। एनडीए सरकार ने 44 मौजूदा श्रम कानूनों को 4 श्रम संहिता में विलय करने का फैसला किया है। मजदूरों की राय के विरुद्ध भारत सरकार ने यह तय किया है कि सामाजिक सुरक्षा पर मौजूदा 14 अधिनियम सामाजिक सुरक्षा एवं कल्याण के कोड में मर्ज हो जाएंगे। यह सामाजिक सुरक्षा और कल्याण कोड निर्माण मजदूर कल्याण कानून को समाप्त कर देगा। सरकार के इस मजदूर विरोधी रवैया का यूनियन मुंहतोड़ जवाब देगी। मीटिंग में नरेश शिमली, नीरज धामड, रामगोपाल रिठाल, राज सिंह बहूअकबरपूर, कुलदीप मौजूद थे।

बिजली चोरी के पकड़े 12 मामले

फरीदाबाद, 15 नवंबर (हप्र)

दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम की ओर से जिले में बिजली चोरों की धरपकड़ लगातार जारी है। पिछले दिनों एनआईटी 4 सब-डिवीजन में निगम ने 12 बिजली चोरी के मामले पकड़े। इन पर 5.5 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। बिजली निगम के एसडीओ ने बताया कि एक माह में 12 बिजली चोरी के मामले पकड़े हैं। इनमें 40 प्रतिशत लोगों के पास मीटर नहीं है। कार्यकारी अभियंता कुलदीप अत्री ने कहा कि बिल से बचने के लिए लोग चोरी से बिजली जलाते हैं। छापेमारी अभियान में 12 घरों में बिजली चोरी पकड़ी। कुछ लोग बिजली विभाग की टीम को देखकर मौके से फरार हो गए।

पीजीआई में नकली डाक्टर पकड़ा

रोहतक, 15 नवंबर (निस)

- इलाज के नाम पर मरीजों से ऐंठता था रुपये
- कई दिनों से मिल रही थी शिकायत

पीजीआई में एक नकली डॉक्टर पकड़ा गया है, जो इलाज के नाम पर मरीजों से रुपये ऐंठता था। भिवानी निवासी आरोपी कई दिनों से डाक्टर बनकर ऐसा कर रहा था। पूछताछ के बाद सुरक्षाकर्मियों ने उसे पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने डीएमएस की शिकायत पर केस दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार, शुक्रवार सुबह डीएमएस डॉ संदीप सुरक्षाकर्मियों के साथ पीजीआई में राउंड पर थे, इसी दौरान उन्हें सफेद कोट पहने एक युवक पर शक हुआ। डीएमएस ने पूछा तो युवक ने अपने आप को डाक्टर बताया। जब उन्होंने उससे आईकार्ड मांगा तो वह गुमराह करने लगा, इस पर सुरक्षाकर्मियों ने युवक को पकड़ लिया और उसे कार्यालय ले आए। पूछताछ के दौरान पता चला कि युवक डाक्टर नहीं है और कई दिनों से पीजीआई में डाक्टर बनकर इलाज के नाम पर मरीजों से रुपये ऐंठ रहा था। इसी बीच सूचना मिलने पर पीजीआई पुलिस भी मौके पर पहुंची और फर्जी डाक्टर को हिरासत में ले लिया। पूछताछ में उसकी पहचान भिवानी निवासी पवन के रूप में हुई। डीएमएस डा. संदीप ने बताया कि प्रबंधन को शिकायत मिली थी कि पीजीआई में फर्जी डाक्टर भी है।

मामा ने भांजी से किया दुराचार

सोनीपत, 15 नवंबर (हप्र)

मुरथल थाना क्षेत्र के एक गांव में जन्मदिन पार्टी में आए मामा ने भांजी की चचेरी बहन के साथ दुष्कर्म कर दिया। पीड़िता ने अपनी मां को अवगत करवाया और इसके बाद पुलिस को शिकायत दी गई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। महिला ने बताया कि वह पति के साथ निजी काम से दिल्ली गयी हुई थी। देर शाम घर पर लौटी, तो उसकी 16 वर्षीय बेटी ने उसे वारदात के बारे में बताया। महिला ने मामले से पुलिस को अवगत कराया। महिला थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

मिसमैनेजमेंट के कारण नहीं मिला वेतन, एरियर

फरीदाबाद, 15 नवंबर (हप्र)

वेतन देने, अन्य कर्मचारियों के एरियर तथा रिटायर्ड कर्मचारियों के बकाया भुगतान व ईको ग्रीन कर्मचारियों को नौकरी में बहाल करने की मांग को लेकर 18 नवंबर को निगम कर्मचारी मुख्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया जाएगा और निगमायुक्त को हड़ताल का नोटिस सौंपेगे।

बीके चौक पर नगर निगम कर्मचारी यूनियन कार्यालय में नगरपालिका कर्मचारी संघ के जिला प्रधान गुरूचरण खाण्डिया की अध्यक्षता में बैठक हुई, जिसमें यह निर्णय लिया गया। बैठक में नगरपालिका कर्मचारी संघ के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री उपस्थित रहे। शास्त्री ने निगम अधिकारियों पर मिस मैनेजमेंट का आरोप लगाया और कहा कि कर्मचारियों को न तो समय पर वेतन दिया जा रहा है और न कर्मचारियों के एरियर, मैरिज एडवांसों का भुगतान, सेवानिवृति कर्मचारियों के बकायाजात के भुगतान नहीं किया जा रहा। सफाई कर्मचारियों को सफाई कार्य से हटाकर खेतों पर तथा रात्रि सफाई में और कई अन्य दूसरे कार्यों में लगा रखा है। उन्होंने कहा कि शहर में बढ़ते प्रदूषण के लिए भी ईको ग्रीन कम्पनी जिम्मेदार है क्योंकि अगर यह कम्पनी समय पर कूड़ा उठाए तो लोग कूड़े को नहीं जलाएंगे। बैठक में नानकचंद खैरालिया, सफाई कर्मचारी यूनियन के प्रधान बलवीर सिंह बालगुहेर, सचिव सोमपाल झिझोटिया, श्रीनंद ढकोलिया समेत कई अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

संयुक्त ट्रेड यूनियन काउंसिल ने जताया विरोध

उद्योग मालिकों की मनमर्जी रोकने के लिए दिया ज्ञापन

फरीदाबाद, 15 नवंबर (हप्र)

संयुक्त ट्रेड यूनियन काउंसिल फरीदाबाद के प्रतिनिधिमंडल ने डीसी के माध्यम से मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन देने वालों में बिसंबर सिंह, निरंतर पराशर, विजय कुमार झा, सर्व कर्मचारी संघ फरीदाबाद के नेता करतार सिंह, धर्मबीर वैष्णव, जवाहर लाल, हरियाणा बैंक एम्पलाइज यूनियन के नेता कृपाराम शर्मा तथा काउंसिल के कनवीनर कामरेड लाल बाबू शर्मा शामिल रहे।

ज्ञापन में कहा गया है कि होंडा इंडिया लिमिटेड गुरुग्राम के मालिकों ने 3 हजार मजदूरों को गैरकानूनी तरीके से नौकरी से हटा दिया। मारुति, हीरो इंडिया, जेटक इंडिया, मुंजाल शॉ, शिवम आटो ने आर्थिक मंदी के नाम पर कच्चे कर्मचारियों को हटा दिया है और श्रम विभाग मालिकों का पक्षधर बना हुआ है। इससे प्रदेश के मजदूरों में असंतोष बड़ रहा है। ज्ञापन में इन कंपनियों में चल रहे कर्मचारी-प्रबंधन विवाद का निपटारा कराने की मांग की गई है। डीसी अतुल कुमार ने भरोसा दिया कि लेबर डिपार्टमेंट को निर्देश जारी करके मामले का समाधान कराया जाएगा। लाल बाबू शर्मा ने बताया कि मामले का समाधान शीघ्र नहीं हुआ तो काउंसिल की बैठक 2 दिसंबर को करेंगे और 8 दिसंबर को संयुक्त कन्वेंशन करके हरियाणा की श्रम नीति का विरोध करेंगे। उन्होंने कहा कि समस्या का समाधान नहीं होने पर 8 जनवरी 2020 को आम हड़ताल में फरीदाबाद के कर्मचारी-मजदूर चक्का जाम करेंगे।

फरीदाबाद में शुक्रवार को डीसी अतुल कुमार को ज्ञापन सौंपते संयुक्त ट्रेड यूनियन काउंसिल के सदस्य। -हप्र

सीएम के बयान पर किसानों ने जताई नाराजगी

सोनीपत, 15 नवंबर (हप्र)

पानीपत की अनाज मंडी में मुख्यमंत्री मनोहर लाल के बयान पर भारतीय किसान संघ ने नाराजगी जताई है। संघ के प्रदेश महामंत्री वीरेंद्र बढ़खालसा ने कहा कि मुख्यमंत्री ने किसानों की मजबूरी का मजाक उड़ाया है। बैठक में किसान संघ की प्रांतीय कार्यकारिणी ने निंदा प्रस्ताव पास किया और इसमें मांग की गई है कि मुख्यमंत्री माफी मांगे या फिर बड़े आंदोलन का सामना करने को तैयार रहें।

वीरेंद्र बढ़खालसा ने कहा कि जब से हरियाणा में भाजपा सरकार बनी है, हर रोज किसानों को नए-नए नियम बना कर प्रताड़ित किया जा रहा है। धान 25 क्विंटल प्रति एकड़, सरसों 7 क्विंटल प्रति एकड़ खरीद करने व शुगर मिल में किसानों से 200 क्विंटल प्रति एकड़ गन्ने की खरीद किसानों से करने की बात कह कर सरकार पहले ही किसानों की कमर तोड़ चुकी है। पैदावार इससे कहीं ज्यादा है। उन्होंने कहा कि कपास की फसल को समर्थन मूल्य पर नहीं खरीदा जा रहा है। बैठक में कहा गया कि अगर भविष्य में भी मुख्यमंत्री ने किसान विरोधी फैसले लेने बंद नहीं किए, तो वे सड़कों पर उतरने को मजबूर होंगे।

epaper.dainiktribuneonline.com

कोहली शून्य पर आउट, मिली इंदौरी पोहा खाने की मज़ाकिया सलाह

इंदौर (मध्य प्रदेश), 15 नवंबर (भाषा)

भारतीय कप्तान विराट कोहली को बांग्लादेश के खिलाफ यहां पहले टेस्ट के दूसरे दिन शुक्रवार को खाता खोले बिना पवेलियन पहुंचने पर जहां होलकर स्टेडियम में उनके हजारों प्रशंसकों को निराशा हाथ लगी, वहीं सोशल मीडिया पर ठेठ इंदौरी अंदाज में उनकी खिंचाई भी की गयी। कई क्रिकेटप्रेमियों ने उन्हें भारत की दूसरी पारी में अच्छी बल्लेबाजी के लिये इंदौरी पोहा खाने की मजाकिया सलाह दी। कोहली के शून्य पर आउट होने के बाद आयुष कचोलिया नाम के यूज़र ने ट्विटर पर लिखा, 'कोहली, मैंने आपको कहा था कि इंदौर के पोहे का स्वाद लो और सर्राफा चाट चौपाटी की सैर करो। चिंता की कोई बात नहीं, अब थोड़ा पोहा खाओ और दूसरी पारी में शतक बनाओ। फेसबुक यूज़र समीर शर्मा ने हिन्दी बोलने के ठेठ इंदौरी अंदाज में लिखा, मेरा क्या केना (कहना) हे (है) ये विराट इंदौर में पोए (पोहे) नी (नहीं) खायेगा, वीगन-वीगन करेगा, तो जीरो पे ही आउट होयेगा (होगा)।' पोहा, इंदौर का सबसे पसंदीदा नाश्ता है। अपने पारंपरिक जायकों के लिये देश-दुनिया में मशहूर शहर में पोहे की हजारों दुकानें हैं।

स्टेट हॉकी में सोनीपत, जींद, रोहतक, दादरी सेमीफाइनल में

भिवानी, 15 नवंबर (हप्र)

स्थानीय भीम स्टेडियम में 36वीं हरियाणा राज्य हॉकी प्रतियोगिता का पहला मैच सोनीपत व झज्जर के बीच खेला गया। मैच 2-2 गोल से बराबर रहा। इसके बाद फैसला पेनल्टी शूट आउट द्वारा किया गया जिसमें सोनीपत की टीम ने विजयी हासिल की। दूसरा मैच जींद व करनाल के मध्य खेला गया। जींद ने यह मैच 2-1 से जीत लिया। तीसरे मैच में इसमें भिवानी व रोहतक के खिलाड़ियों द्वारा आक्रमक हॉकी का प्रदर्शन किया। इस मैच का निर्णय भी पेनल्टी शूट आउट से हुआ। इसमें रोहतक ने भिवानी को 5-4 से हराया। प्रतियोगिता का चौथा मैच कुरुक्षेत्र व दादरी के मध्य खेला गया। जिसमें दादरी की टीम ने 5-3 से जीत हासिल की।

सुडोकू

सुडोकू 81 वर्गों का ग्रिड है, जो 9 वर्गों के ब्लॉक में बंटा हुआ है। कुछ वर्गों के अंक लिखे हैं और खाली वर्गों में 1 से लेकर 9 तक के अंक लिखने हैं। कोई नंबर 1 पंक्ति, कॉलम या 9 वर्ग वाले छोटे ब्लॉक में दोबारा नहीं आ सकता है।

8	7		6					
				5		8	9	
				2			4	1
	5							
	6	7	9		4	5	8	
							3	
3	4			8				
	1	9		4				
					5		6	9

पिछले कल का उत्तर

6	2	1	4	7	3	8	5	9
3	8	4	6	5	9	1	7	2
5	7	9	1	2	8	3	4	6
8	4	3	7	6	1	2	9	5
9	5	7	2	3	4	6	8	1
1	6	2	8	9	5	7	3	4
4	9	8	3	1	2	5	6	7
7	1	5	9	8	6	4	2	3
2	3	6	5	4	7	9	1	8

आज का दिन

-सत्यव्रत बैंजवाल

शनिवार, 16 नवंबर, परिधावी नामक विक्रमी संवत् 2076, मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष 4 तिथि (सायं 7.15 तक), आर्द्रा नक्षत्र (रात 11.16 तक), साध्य योग (रात 4.55 तक), मार्गशीर्ष 1 प्रविष्टे।

व्रत पर्व : मार्गशीर्ष संक्रांति (45 मुहूर्ति), पुण्यकाल अगले दिन प्रातः 7.14 तक। **दिशाशूल** : पूर्व दिशा की यात्रा पर अदरक या उड़द खाकर जाएं।

राहुकाल : सुबह 9.00 से 10.30 तक।

	जम्मू	दिल्ली	चंडीगढ़
सूर्योदय	7.05	6.48	6.53
सूर्यास्त	5.25	5.24	5.20

सितारों के इशारे

-मदन गुप्ता सपाटू

आज 16 नवंबर को जन्मदिन तो कैसा रहेगा साल

आप सकारात्मक सोच रखने वाले व्यक्ति हैं जिस पर आसानी से विश्वास किया जा सकता है। इस वर्ष आपकी सेहत अच्छी रहेगी। पुरानी चीजों, जैसे पुरानी नजर की ऐनक, पुरानी आदतें से नाता टूटेगा। इस अवधि में आपके जीवन में इतनी खुशियां आयेंगी जितनी पहले कभी नहीं थीं। आपका अंतर्मन भी शांत रहेगा। कड़ी मेहनत आपको करिअर में और ऊंचाइयों तक लेकर जायेगी। अपने व्यवहार को लचीला रखें, अड़ियल रवैया आपका ही नुकसान कर सकता है। काम के सिलसिले में यात्राओं का योग है।

शुभ रंग : सफेद, नीला

शुभ दिन : सोमवार, रविवार

शुभ अंक : 1, 2, 7

शुभ रत्न : मोती, सूर्यकांत मणि

जन्मदिन के अवसर पर चायपत्ती का दान करें।

राशिफल

मेष 21 मार्च से 20 अप्रैल
यात्रा कर सकते हैं। पदोन्नति की संभावना है। धन-उपहार मिल सकता है।

वृष 21 अप्रैल से 21 मई
आय में कमी हो सकती है। सामाजिक समारोह में शामिल हो सकते हैं।

मिथुन 22 मई से 21 जून
धन मिल सकता है। व्यापार में लाभ संभव है। निवेश कर सकते हैं।

कर्क 22 जून से 22 जुलाई
विवाह प्रस्ताव पर निर्णय न लें। यात्रा में कम लाभ से तनाव हो सकता है।

सिंह 23 जुलाई से 22 अगस्त
उपहार मिल सकता है। लोन मिल सकता है। यात्रा लाभदायक रहेगी।

कन्या 23 अगस्त से 22 सितंबर
अनुबंध मिल सकता है। रुका हुआ धन मिल सकता है।

तुला 23 सितंबर से 23 अक्तूबर
निवेश प्रस्ताव पर निर्णय न लें। उच्चशिक्षा में विवाद से बचें। विदेश यात्रा में सतर्क रहें।

वृश्चिक 24 अक्तूबर से 22 नवंबर
लोन मिलने में बाधा है। सहयोगियों की सेहत पर ध्यान दें।

धनु 23 नवंबर से 21 दिसंबर
निवेश प्रस्ताव पर निर्णय ले सकते हैं। जीवनसाथी की सलाह से लाभ संभव है।

मकर 22 दिसंबर से 20 जनवरी
प्रेम संबंध मधुर हो सकते हैं। लोन मिल सकता है। बुजुर्गों की सलाह से लाभ संभव है।

कुंभ 21 जनवरी से 18 फरवरी
निवेशक का सम्मान करें। जीवनसाथी की सेहत पर ध्यान दें।

मीन 19 फरवरी से 20 मार्च
पदोन्नति में अभी देरी है। विवाह प्रस्ताव पर निर्णय न लें। संगीत में रुचि संभव है।

पं. भानुप्रतापनारायण मिश्र

epaper.dainiktribuneonline.com

इंदौर में पहला टेस्ट : दूसरा दिन

मयंक का दोहरा शतक, भारतीय बल्लेबाजों ने उधेड़ी बांग्लादेशी गेंदबाजों की बखिया



इंदौर में शुक्रवार को बांग्लादेश के विरुद्ध पहले टेस्ट के दूसरे दिन भारतीय बल्लेबाज मयंक अग्रवाल दोहरा शतक जड़ने के बाद आउट होकर पैवेलियन लौटे तो बांग्लादेशी खिलाड़ियों ने उन्हें शानदार पारी की मुबारकबाद दी। -प्रेट्र

इंदौर, 15 नवंबर (भाषा)

सलामी बल्लेबाज मयंक अग्रवाल के धमाकेदार दोहरे शतक की मदद से भारत ने बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट के दूसरे दिन शुक्रवार को यहां 6 विकेट पर 493 रन बनाकर मैच पर अपना मजबूत शिकंजा कस दिया।

अग्रवाल ने 329 गेंदों पर 243 रन की बड़ी और आकर्षक पारी खेली जिसमें 28 चौके और 8 छक्के शामिल हैं। उन्होंने अंजिक्य रहाणे (86) के साथ चौथे विकेट के लिये 190 रन की बड़ी साझेदारी की। इसके अलावा उन्होंने चेतेश्वर पुजारा के साथ दूसरे विकेट के लिये 91 और रविंद्र जडेजा के साथ 5वें विकेट के लिये 123 रन जोड़े। कप्तान विराट कोहली हालांकि नाकाम रहे और खाता खोले बिना ही पैवेलियन लौटे। भारत ने इस तरह से बांग्लादेश पर 343 रन की मजबूत बढ़त हासिल कर ली है। बांग्लादेश की टीम पहली पारी में 150 रन पर सिमट गयी थी।

अग्रवाल ने मेहदी हसन मिराज पर लांग आन पर छक्का जड़कर दिलकश अंदाज में अपना दूसरा दोहरा शतक पूरा किया। उन्होंने अपना पहला दोहरा शतक इस साल अक्तूबर में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ विशाखापट्टनम में लगाया था। वह भारत की तरफ से 2 या इससे अधिक दोहरे शतक लगाने वाले 12वें बल्लेबाज बन गये हैं। अपना 8वां टेस्ट मैच खेल रहा यह 28 वर्षीय सलामी बल्लेबाज छक्के से दोहरा शतक पूरा करने वाला दूसरा भारतीय क्रिकेटर है। रोहित शर्मा ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ रांची टेस्ट में यह उपलब्धि हासिल की थी। मयंक के जाने के बाद जडेजा ने जिम्मेदारी संभाली तथा अपना 14वां टेस्ट अर्धशतक पूरा किया। उमेश यादव ने लंबे शाट खेलने में फिर से अपनी महारत दिखायी। वह 10 गेंदों पर 25 रन बनाकर खेल रहे हैं जिसमें 3 छक्के शामिल हैं। बांग्लादेश केवल 4 गेंदबाजों के साथ खेल रहा था जिसका उसे खमियाजा भुगतना पड़ा। उसके गेंदबाज प्रभाव नहीं छोड़ पाये जबकि कामचलाऊ स्पिनर महमुदुल्लाह को 104वें ओवर में गेंद सौंपी गयी जिससे मोमिनुल हक की अनुभवहीनता भी उजागर हुई।

बांग्लादेश ने जब तक दूसरी नयी गेंद ली तब तक उनके खिलाड़ी निराश हो चुके थे जिससे साफ लग रहा था कि उन्होंने मैच में आशा छोड़ दी है। वेस्टइंडीज दौरे से ही अच्छी फार्म में चल रहे रहाणे ने भी अपना 21वां टेस्ट अर्धशतक पूरा किया। इसके बीच उन्होंने 62वें टेस्ट मैच में 4000 रन भी पूरे किये। वह चाय के विश्राम के तुरंत बाद जायेद की गेंद पर डीप प्वाइंट पर खड़े ताइजुल को कैच दे बैठे। उनकी 172 गेंद की पारी में नौ चौके शामिल हैं। सुबह हालांकि कोहली की बल्लेबाजी देखने के लिये स्टेडियम में पहुंचे लगभग 10,000 दर्शकों को हालांकि निराशा हाथ लगी।

स्कोरबोर्ड

बांग्लादेश पहली पारी : 150

भारत पहली पारी : मयंक अग्रवाल का अबु जायेद बो मेहदी हसन 243, रोहित का लिट्टन दास बो अबु जायेद 6, चेतेश्वर पुजारा का सब. सैफ हसन बो अबु जायेद 54, विराट बो अबु जायेद 0, रहाणे का ताइजुल बो अबु जायेद 86, जडेजा नाबाद 60, साहा बो इबादत हुसैन 12, उमेश यादव नाबाद 25, **अतिरिक्त** : 7, **कुल** 114 ओवर में 6 विकेट पर 493, **विकेट पतन** : 1-14, 2-105, 3-119, 4-309, 5-432, 6-454, **गेंदबाजी** : इबादत हुसैन 31-5-115-1, अबु जायेद 25-3-108-4, ताइजुल 28-4-120-0, मेहदी 27-0-125-1, महमुदुल्लाह 3-0-24-0.

अग्रवाल और विराट में इशारों में हुई बातें

इंदौर में बांग्लादेश के विरुद्ध दोहरा शतक जड़ने के बाद मयंक अग्रवाल पैवेलियन में बैठे विराट कोहली को इशारा करते हुए। -प्रेट्र

अग्रवाल जब 150 रन पर पहुंचे तो कोहली ने खुश होकर उन्हें 2 उंगलियां दिखायी जिसका मतलब था कि क्रीज पर डटे रहो और फिर से दोहरा शतक जड़ो। अग्रवाल ने जब अपने कप्तान की इच्छा को हकीकत में बदला तो कोहली और पूरी टीम खुशी से झूम उठी। इसके बाद मयंक ने भी पैवेलियन में बैठे विराट कोहली को दो उंगलियां दिखाकर दोहरे शतक का जश्न मनाया। इस पर विराट ने उसे 3 उंगलियां दिखाकर तिहरा शतक बनाने के लिये कहा। मयंक ने इसके बाद तेजी से रन बटोरने शुरू किये। अग्रवाल ने ताईजुल इस्लाम पर छक्का लगाकर अपना पिछला सर्वोच्च स्कोर (215) पार किया तथा इसके बाद महमुदुल्लाह और मेहदी की गेंद भी 6 रन के लिये भेजी। उन्होंने अपने 8 में से 5 छक्के मेहदी पर लगाये जिन्होंने आखिर में उनकी पारी का अंत भी किया। इस आफ स्पिनर पर पांचवां छक्का जड़ने के बाद अग्रवाल ने अगली गेंद को भी स्वीप करके लंबा शाट खेला लेकिन इस बार डीप मिडविकेट पर अबु जायेद के रूप में क्षेत्ररक्षक मौजूद था जिन्होंने उसे कैच में बदल दिया। अग्रवाल इस तरह से बांग्लादेश के खिलाफ किसी भारतीय के सर्वोच्च स्कोर का सचिन तेंदुलकर (नाबाद 248) का रिकार्ड तोड़ने से चूक गये।

धोनी ने शुरू किया अभ्यास, लेकिन नहीं खेलेंगे विंडीज सीरीज़

नयी दिल्ली : महेंद्र सिंह धोनी ने अपने गृहनगर रांची में नेट पर अभ्यास शुरू कर लिया है लेकिन इस करिश्माई पूर्व कप्तान के अगले महीने वेस्टइंडीज के खिलाफ होने वाली सीमित ओवरों की सीरीज़ में खेलने की संभावना नहीं है। धोनी ने जुलाई में न्यूजीलैंड के खिलाफ विश्व कप सेमीफाइनल के बाद से कोई प्रतिस्पर्धी मैच नहीं खेला है। उन्होंने रांची में जेएससीए स्टेडियम में नेट पर अभ्यास कर वापसी की उम्मीद जगा दी है। हालांकि वह वेस्टइंडीज के खिलाफ 6 दिसंबर से मुंबई में शुरू होने वाली तीन टी20 और इतने ही वनडे मैचों की सीरीज़ के लिये अनुपलब्ध ही रहेंगे। बीसीसीआई के एक अधिकारी ने कहा, 'वह वेस्टइंडीज सीरीज़ के लिये उपलब्ध नहीं हैं।'

खेल कैलेंडर

16-24 नवंबर तक अबुधाबी में टी-20 क्रिकेट लीग, 16 नवंबर, वेस्टइंडीज बनाम अफगानिस्तान दूसरा वन-डे देहरादून में।

17-20 नवंबर : न्यूयार्क में 25वीं विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप (युवा वर्ग)।

18 नवंबर : 65वें स्कूल नेशनल खेल चंडीगढ़ में, वेस्टइंडीज बनाम अफगानिस्तान तीसरा वन डे देहरादून में।

20 नवंबर : भारत व वेस्टइंडीज की महिलाओं की क्रिकेट टीमों के बीच 5वां टी-20 मैच गुयाना में, पंचकूला में शहीद भगत सिंह क्रिकेट चैंपियनशिप।

21 नवंबर : न्यूजीलैंड बनाम इंगलैंड पहला क्रिकेट टेस्ट।

22 नवंबर : भारत बनाम बांग्लादेश दूसरा टेस्ट कोलकाता में (डे-नाइट)।

24 नवंबर : कोलकाता में अखिल भारतीय अंडर-15, 19 वालीबॉल टूर्नामेंट।

27 नवंबर : हैदराबाद में 25वीं नेशनल निशानेबाजी चैंपियनशिप, वेस्टइंडीज बनाम अफगानिस्तान टेस्ट देहरादून में।

29 नवंबर : आस्ट्रेलिया बनाम पाकिस्तान दूसरा टेस्ट एडिलेड में।

29-30 नवंबर : भारत बनाम पाक डेविस कप एशिया ओसनिया ग्रुप-1 मैच।

— धर्मवीर दुग्गल

भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम घोषित

नयी दिल्ली, 15 नवंबर (भाषा)

भारत ने आस्ट्रेलिया दौरे पर त्रिकोणीय सीरीज़ के लिए शुक्रवार को यहां 18 सदस्यीय जूनियर महिला हाकी टीम की घोषणा की। **टीम :** बिचु देवी खरीबाम, रश्नप्रीत कौर, सुमन देवी थौदाम (कप्तान), इशिका चौधरी (उप-कप्तान), प्रियंका, महिमा चौधरी, मरीना लालरामिंघाकी, गगनदीप कौर, प्रभलीन कौर, मरियाना कुजूर, चेतना, रीत, बलजीत कौर, अजमिना कुजूर, ब्यूटी डुंगडुंग, शर्मिला देवी, दीपिका, लालरिंडिकी।

श्रीकांत किदाम्बी हांगकांग ओपन बैडमिंटन के सेमीफाइनल में

हांगकांग, 15 नवंबर (भाषा)

भारत के स्टार शटलर किदांबी श्रीकांत ने शुक्रवार को यहां चीन के पांचवीं वरीयता प्राप्त चेन लोंग के चोट के कारण हटने से हांगकांग ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। विश्व में 13वें नंबर पर काबिज लेकिन यहां गैरवरीयता प्राप्त श्रीकांत तब एक गेम से आगे चल रहे थे जब लोंग ने हटने का

फैसला किया। इससे भारतीय शटलर बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर सुपर 500 टूर्नामेंट के अंतिम चार में पहुंचने में सफल रहा।

श्रीकांत ने पहला गेम केवल 15 मिनट में 21-13 से जीता। इसके बाद लोंग आगे नहीं खेल पाये। यह श्रीकांत की चीनी शटलर के खिलाफ दूसरी जीत है।

श्रीकांत इस टूर्नामेंट में अकेले भारतीय बचे हैं। उनका अगला मुकाबला हांगकांग के ली चेयुक इयु और डेनमार्क के सातवीं वरीयता प्राप्त विक्टर एक्सेलसन के बीच होने वाले क्वार्टर फाइनल मैच के विजेता से होगा।

लंदन में शुक्रवार को एटीपी फाइनल्स के मैच में रोजर फेडरर अपने प्रतिद्वंद्वी नोवाक जोकोविच को हराने के बाद हाथ मिलाते हुए। फेडरर ने सर्बियाई स्टार से विंबलडन में मिली हार का बदला भी चुकता किया। -एजेंसी

महिला क्रिकेट टीम ने जीती टी-20 सीरीज़

प्रोविडेन्स (गयाना), 15 नवंबर (भाषा)

गेंदबाजों के उत्कृष्ट प्रदर्शन के बाद जेमिमा रोड्रिग्स की सधी हुई पारी के दम पर भारतीय महिला टीम ने तीसरे टी20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच में वेस्टइंडीज को 7 विकेट से हराकर पांच मैचों की सीरीज़ में 3-0 से अजेय बढ़त बनायी।

पटियाला में शुक्रवार को पंजाबी विश्वविद्यालय में इंटर यूनिवर्सिटी महिला हॉकी प्रतियोगिता के मौके पर भारतीय हाकी कप्तान रानी रामपाल को सम्मानित करते वीसी प्रो.बीएस घुम्मन। -ट्रिन्यू

आईपीएल के लिये खिलाड़ियों की नीलामी 19 दिसंबर को

मिलर ने छोड़ी किंग्स इलेवन, पंजाब ने करेन को भी किया रिलीज

नयी दिल्ली, 15 नवंबर (भाषा)

किंग्स इलेवन पंजाब ने दक्षिण अफ्रीका के विस्फोटक बल्लेबाज डेविड मिलर को 8 आईपीएल सत्र के बाद जबकि उनके साथ इंगलैंड के सैम करेन और आस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज एंड्रयू टाई को भी रिलीज कर दिया है। पिछले 8 सत्र से मिलर किंग्स इलेवन पंजाब के मुख्य बल्लेबाज में से एक रहे जिन्होंने 79 मैचों में 138.78 के स्ट्राइक रेट से 1850 रन बनाये हैं। किंग्स इलेवन के सह मालिक नेस वाडिया ने कहा, 'डेविड हमारे लिये बेहतरीन खिलाड़ी

रहे हैं। उन्होंने जाने की इच्छा व्यक्त की थी और हम उनके फैसले का सम्मान करते हैं। हम उन्हें शुभकामनायें देते हैं।' वर्ष 2019 में मिलर ने 10 मैचों में 130 के स्ट्राइक रेट से 213 रन जुटाये। करेन 2019 सत्र से पहले हुई नीलामी में किंग्स इलेवन पंजाब द्वारा खरीदे गये विदेशी खिलाड़ियों में सबसे महंगे 7.2 करोड़ रूपये में शामिल किये गये थे, उन्हें भी रिलीज कर दिया गया है। टीम ने जिन खिलाड़ियों को बरकरार रखा है, उनमें वेस्टइंडीज के महान 40 वर्षीय खिलाड़ी क्रिस गेल शामिल है जिन्हें 2 बार नहीं बिकने के बाद पंजाब ने 2018 आईपीएल से पहले दो करोड़ रूपये के बेस प्राइज में खरीदा था। वाडिया ने कहा, 'हम उन्हें जाने नहीं दे सकते थे। वह चैम्पियन खिलाड़ी है।' नीलामी 19 दिसंबर को की जायेगी।

महाराष्ट्र बना राष्ट्रीय बधिर टी-20 क्रिकेट का चैम्पियन

रोहतक, 15 नवंबर (हप्र)

बधिर क्रिकेट सोसायटी ऑफ इंडिया, हरियाणा मूक बधिर कल्याण संघ गुरुग्राम व रोहतक मूक बधिर संघ की संयुक्त अगुवाई में चौथी राष्ट्रीय बधिर टी-20 क्रिकेट चैम्पियनशिप का फाइनल मैच शुक्रवार को दिल्ली पब्लिक स्कूल रोहतक में खेला गया। फाइनल में पहुंची महाराष्ट्र की टीम ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 167 रन बनाए। मुकाबले में उत्तरी मध्य प्रदेश बधिर टीम महाराष्ट्र की गेंदबाजी के सामने टिक नहीं सकी और 13 ओवर में 52 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। मैन ऑफ द सीरीज वैभव (एमपी), सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज सुशील (बिहार), सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज वीरेन्द्र (दिल्ली) और मैन ऑफ द मैच करण (महाराष्ट्र) को घोषित किया गया।

विश्व पैरा खेल : शरद को रजत, मरियप्पन ने जीता कांस्य

दुबई, 15 नवंबर (भाषा)

भारत के ऊंची कूद के पैरा एथलीट शरद कुमार और मरियप्पन ने यहां विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीतकर अगले साल होने वाले तोक्यो पैरालंपिक के लिये क्वालीफाई किया।

दो बार के एशियाई पैरा खेल चैंपियन शरद कुमार का सर्वश्रेष्ठ प्रयास 1.83 मीटर रहा जबकि रियो पैरालंपिक के स्वर्ण पदक विजेता मरियप्पन को 1.80 मीटर के साथ कांस्य पदक मिला। यह मरियप्पन का सत्र का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन भी है। सैम ग्रेव ने 1.86 मीटर के चैंपियनशिप रिकार्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता। शरद ने बाद में कहा, ''मैं अपने आज के प्रदर्शन से निराश हूं। मैं पिछले तीन साल से उक्रेन में रहकर अभ्यास कर रहा हूं और मुझे इससे बेहतर प्रदर्शन करना चाहिए था। मुझे अपने कार्यक्रम, योजना और अन्य कई चीजों पर फिर से गौर करना होगा।' इस स्पर्धा में भाग ले रहे एक अन्य भारतीय रामसिंह पढ़िया 1.77 मीटर के साथ पांचवें स्थान पर रहे। इससे पहले लाल विनयकुमार ने पुरुषों की 400 मीटर टी44 स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर तोक्यो 2020 में भी जगह बनायी। उन्होंने 55.49 सेकेंड में यह दूरी पूरी की। भारत ने चैंपियनशिप में अब तक दो स्वर्ण, दो रजत और पांच कांस्य पदक सहित कुल नौ पदक जीत लिये हैं। चीन 23 स्वर्ण सहित 53 पदक लेकर शीर्ष पर है।

बिरसा मुंडा को याद में

पटना में शुक्रवार को स्वतंत्रता सेनानी बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि पर उन्हें खास अंदाज में श्रद्धांजलि देते अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम के कार्यकर्ता। - प्रेट्र

भारत, अमेरिका के बीच सुलझे खास व्यापार मुद्दे

वाशिंगटन, 15 नवंबर (एजेंसी)

भारत और अमेरिका के बीच अधिकतर व्यापार मुद्दों के समाधान पर सहमति बन रही है। इससे दोनों के बीच एक 'शुरुआती व्यापारिक व्यवस्था' बनने की संभावना है। उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल और अमेरिका के व्यापार प्रतिनिधि रॉबर्ट लाइटहाइजर के बीच बैठक में इस मसले पर सहमति बनी। अमेरिका का एक उच्चाधिकार प्राप्त प्रतिनिधिमंडल अगले सप्ताह भारत की यात्रा पर जाएगा। इस दौरान इस व्यवस्था को अंतिम स्वरूप दिया जाएगा जिसे शुरुआती व्यापार व्यवस्था कहा जा रहा है जिसके बाद दोनों देशों के बीच एक बड़ा व्यापार रास्ता तैयार होगा।

मस्जिद के लिए जमीन / सुन्नी वक्फ बोर्ड ने कहा

पर्सनल लॉ बोर्ड का फैसला मानेंगे

भूमि लेने से इनकार अवमानना तो नहीं? कानूनी राय मांगी

लखनऊ, 15 नवंबर (एजेंसी)

सुप्रीमकोर्ट के फैसले के अनुसार अयोध्या में मस्जिद निर्माण के लिए 5 एकड़ जमीन ना लेने के मामले पर उत्तर प्रदेश सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड कानूनी राय ले रहा है और उसका कहना है कि वह रविवार को लखनऊ में हो रही ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड की बैठक में इस सिलसिले में लिए जाने वाले निर्णय को 'खास' अहमियत देगा।

बोर्ड के अध्यक्ष जुफ़र फारुकी ने कहा कि सुन्नी वक्फ बोर्ड अयोध्या में जमीन लेने या ना लेने के मसले पर मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के निर्णय को खास अहमियत देगा। उन्होंने कहा कि मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड अयोध्या मामले में कोई पक्षकार नहीं था मगर वह बेशक देश में मुसलमानों की सर्वमान्य संस्था है, लिहाजा उसके निर्णय को अहमियत देना वाजिब है। फारूकी ने कहा कि फिलहाल सवाल यह है कि क्या सुन्नी वक्फ बोर्ड मस्जिद निर्माण के लिए सुप्रीमकोर्ट के आदेश पर दी जाने वाली 5 एकड़ जमीन लेने से इनकार कर सकता है? ऐसा करना कहीं अदालत की अवमानना तो नहीं होगी? इसके लिए बोर्ड ने कानूनी राय लेना शुरू कर दिया है।

उन्होंने एक सवाल पर कहा कि जमीन लेने को लेकर लोगों की अलग-अलग राय है और उस जमीन पर कोई रचनात्मक काम करके पूरी दुनिया को संदेश देने की मंशा रखने वाले लोगों की तादाद बहुत कम है। बहरहाल, बोर्ड 26 नवंबर को होने वाली अपनी बैठक में इस सिलसिले में कोई फैसला करेगा। फारूकी ने बताया कि बैठक में आगामी रविवार को नदवा में होने वाली मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड की बैठक में जमीन लेने या ना लेने के सिलसिले में लिए गए फैसले पर भी विचार-विमर्श होगा।

इस बीच, बाबरी मस्जिद एक्शन कमेटी के संयोजक वरिष्ठ अधिवक्ता जफरयाब जिलानी ने कहा कि ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने अयोध्या मामले में मुस्लिम पक्ष की रहनुमाई की थी लिहाजा मस्जिद निर्माण के लिए जमीन लेने या ना लेने के बारे में उसके फैसले को सबसे ज्यादा वरीयता दी जानी चाहिए।

पुलिस-वकील झड़प मामला

पुलिस के 2 अफसरों को गिरफ्तारी से राहत

नयी दिल्ली, 15 नवंबर (एजेंसी)

दिल्ली हाईकोर्ट ने तीस हजारी अदालत में पुलिस और वकीलों के बीच हुई झड़प के मामले में दो पुलिस अधिकारियों को शुक्रवार को गिरफ्तारी से अंतरिम राहत दी। झड़प के मामले में इन पुलिस अधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज है। दो सहायक पुलिस उप निरीक्षकों की याचिका पर चीफ जस्टिस डीएन पटेल और जस्टिस सी हरिशंकर की पीठ ने केंद्र, दिल्ली पुलिस, बार कौंसिल ऑफ इंडिया और अन्य बार संगठनों से जवाब मांगा है। पुलिसकर्मियों ने अपनी याचिका में घटना की न्यायिक जांच जारी रहने तक गिरफ्तारी से छूट की मांग की थी।

अदालत ने कहा कि सुनवाई की अगली तारीख 23 दिसंबर तक दोनों पुलिसकर्मियों के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं की जाए। पुलिसकर्मी कांता प्रसाद और पवन कुमार को घटना के बाद निलंबित कर दिया गया था। तीस हजारी अदालत परिसर में 2 नवंबर को पार्किंग को लेकर ड्यूटी पर तैनात एक पुलिसकर्मी और एक वकील के बीच शुरू हुआ विवाद दोनों पक्षों के बीच झड़प में बदल गया था।

वकीलों की हड़ताल खत्म

दिल्ली की सभी छह जिला अदालतों में बीते चार नवंबर से चली आ रही वकीलों की हड़ताल शुक्रवार को खत्म हो गई। तीस हजारी अदालत में वकीलों और पुलिस के बीच झड़प के बाद जिला अदालतों में वकील हड़ताल पर चले गए थे। दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा वकीलों को मामला सुलझाने का निर्देश दिये जाने के बाद ऑल डिस्ट्रिक्ट कोर्ट्स बार एसोसिएशन की समन्वय समिति ने पदाधिकारियों की बैठक के बाद यह फैसला लिया। संगठन के अध्यक्ष महावीर शर्मा ने कहा कि हम हाईकोर्ट के आदेश का सम्मान करते हैं...वकील संरक्षण अधिनियम के लिये हमारी लड़ाई जारी रहेगी।

एलएसी पर कोई तनाव नहीं : राजनाथ

बुम ला (अरुणाचल प्रदेश), 15 नवंबर (एजेंसी)

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने यहां शुक्रवार को कहा कि सीमा के मुद्दे पर भारत एवं चीन की अवधारणा में अंतर के बावजूद दोनों देशों की सेना इतनी समझदार हैं कि वे वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर तनाव कम कर सकें। उन्होंने साथ ही कहा कि बुम ला दर्रा के निकट एलएसी पर कोई तनाव नहीं है। सिंह ने भारत-चीन सीमा पर बुम ला की अग्रिम चौकी का दौरा किया और इस दौरान उन्होंने हर तरह के हालात में 'बहुत परिपक्वता' दिखाने के लिए भारतीय सेना को बधाई दी। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, 'हम और चीन की पीएलए (पीपल्स लिबरेशन आर्मी) भी समझदारी से काम कर रही है।'

आईएनएक्स मीडिया मामला

चिदंबरम को जमानत नहीं

नयी दिल्ली, 15 नवंबर (एजेंसी)

दिल्ली हाईकोर्ट ने प्रवर्तन निदेशालय द्वारा दर्ज आईएनएक्स मीडिया धनशोधन मामले में पूर्व वित्त मंत्री पी.चिदंबरम को जमानत देने से शुक्रवार को इनकार कर दिया। अदालत ने कहा कि उनके खिलाफ लगे आरोप पहली नजर में गंभीर प्रकृति के हैं और अपराध में उनकी सक्रिय एवं प्रमुख भूमिका रही है। जस्टिस सुरेश कैत ने कहा कि अगर मामले में चिदंबरम को जमानत दी जाती है तो इससे समाज में गलत संदेश जायेगा।

दिल्ली हाईकोर्ट ने चिदंबरम और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) दोनों के वकील की दलील सुनने के बाद जमानत याचिका पर 8 नवंबर को फैसला सुरक्षित रख लिया था। ईडी ने धनशोधन मामले में उन्हें 16 अक्तूबर को गिरफ्तार किया था। वहीं, सीबीआई ने आईएनएक्स मीडिया भ्रष्टाचार मामले में चिदंबरम को 21 अगस्त को गिरफ्तार किया था और इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने 22 अक्तूबर को उन्हें जमानत दे दी थी।

305 करोड़ के चंदे पर सवाल : सीबीआई ने 15 मई, 2017 को मामला दर्ज किया था, जिसमें आईएनएक्स मीडिया समूह को 2007 में 305 करोड़ रुपये का विदेशी चंदा प्राप्त करने के लिए विदेशी निवेश संवर्धन बोर्ड की मंजूरी देने में अनियमितताओं का आरोप लगाया गया था। इस दौरान चिदंबरम वित्त मंत्री थे।

हाट में देखते हुनर

नयी दिल्ली में शुक्रवार को 'हुनर हाट' कार्यक्रम में केंद्रीय अल्पसंख्यक मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी एवं उनके मंत्रालय के राज्य मंत्री किरण रिजिजू। - प्रेट्र

बल के मुख्यालय गए गृह मंत्री, ट्वीट किया

सीआरपीएफ के जवानों को सलाम : शाह

नयी दिल्ली, 15 नवंबर (एजेंसी)

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के मुख्यालय का दौरा किया। इसके बाद शाह ने ट्वीट किया, 'सीआरपीएफ के जवान देश की सुरक्षा के लिए विभिन्न क्षेत्रों में हमेशा अपने ध्येय वाक्य (मोटो) 'सेवा' एवं 'निष्ठा' के लक्ष्य के साथ रहते हैं। बल के जवानों और उनके परिजनों के साहस एवं बहादुरी के लिए मैं उन्हें सलाम करता हूं।'

लोधी रोड स्थित सीजीओ काम्प्लेक्स में बल के मुख्यालय में शाह ने शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दी और गुजरात के कच्छ के रण स्थित 'सरदार चौकी' की मिट्टी से भरे कलश पर माल्यार्पण किया। यह कलश मुख्यालय के प्रवेश द्वार पर रखा गया है। पाकिस्तान के हमले के दौरान 1965 में इस चौकी की सुरक्षा की जिम्मेदारी बल के पास थी। शाह ने कहा कि युवाओं को वीरता की इस कहानी से अवगत कराया जाना चाहिए। गृह मंत्री ने कहा कि अपने जीवन का बलिदान करने वाले सैनिकों का देश 'हमेशा ऋणी' रहेगा। मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल में गृह मंत्री बने शाह के लिए यह पहला मौका है जब उन्होंने देश के सबसे बड़े अर्द्धसैनिक बल के मुख्यालय का दौरा किया है। अधिकारियों ने बताया कि देश भर में सीआरपीएफ की तैनाती के बारे में गृह मंत्री को जानकारी दी गयी। उन्होंने बताया कि गृह मंत्री ने जम्मू-कश्मीर तथा नक्सल प्रभावित राज्यों में बल की संचालनात्मक तैयारियों की समीक्षा की। मुख्यालय आने पर शाह को गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया गया।

नयी दिल्ली में शुक्रवार को सीआरपीएफ मुख्यालय में गॉर्ड ऑफ ऑनर के दौरान गृह मंत्री अमित शाह। - प्रेट्र

रैनबैक्सी सुप्रीमकोर्ट के आदेश का उल्लंघन

मालविंदर, शिविंदर अवमानना के दोषी

नयी दिल्ली, 15 नवंबर (एजेंसी)

सुप्रीमकोर्ट ने रैनबैक्सी के पूर्व मालिकों मालविंदर सिंह और शिविंदर सिंह को शुक्रवार को अदालत की अवमानना का दोषी ठहराया। इन दोनों ने फोर्टिस हेल्थकेयर में अपने शेयर नहीं बेचने के शीर्ष अदालत के आदेश का उल्लंघन किया है। शीर्ष अदालत ने इससे पहले सिंह बंधुओं से उनकी योजना के बारे में पूछा था कि वे जापान की औषधि निर्माता कंपनी दायची सैंक्यो को 3,500 करोड़ रुपये का भुगतान कैसे करेंगे। सिंगापुर के एक न्यायाधिकरण ने सिंह बंधुओं को दायची सैंक्यो को राशि का भुगतान करने का फैसला सुनाया था। चीफ जस्टिस रंजन गोगोई और जस्टिस दीपक गुप्ता की पीठ ने अपने फैसले में कहा कि रैनबैक्सी के पूर्व मालिक न्यायालय की अवमानना के दोषी हैं।

'सजा के सवाल पर सिंह बंधुओं को बाद में सुनेंगे'

पीठ ने कहा कि सिंह बंधुओं ने उसके पहले के उस आदेश का उल्लंघन किया है, जिसमें उन्हें फोर्टिस समूह के अपने नियंत्रण वाले शेयरों की बिक्री मलेशियाई कंपनी आईएचएच हेल्थकेयर को नहीं करने के लिए कहा गया था। अदालत ने कहा कि वे सजा के सवाल पर सिंह बंधुओं को बाद में सुनेंगे। जापानी फर्म दायची सैंक्यो ने सिंह बंधुओं के खिलाफ न्यायालय की अवमानना याचिका दायर की थी।

एमनेस्टी पर सीबीआई केस दर्ज

36 करोड़ के चंदे में हेरफेर

नयी दिल्ली/बेंगलुरू, 15 नवंबर (एजेंसी)

केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने 36 करोड़ रुपये के विदेशी चंदे के संबंध में कानूनों के उल्लंघन को लेकर शुक्रवार को एमनेस्टी इंटरनेशनल इंडिया और उसके तीन सहयोगी संस्थाओं के खिलाफ मामला दर्ज किया। मामला दर्ज करने के बाद सीबीआई ने राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और बेंगलुरू में चार स्थानों पर तलाशी की। अधिकारियों ने बताया कि गृह मंत्रालय की शिकायत के बाद सीबीआई ने मामला दर्ज किया। यह मामला एमनेस्टी इंटरनेशनल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, इंडियंस फोर एमनेस्टी इंटरनेशनल ट्रस्ट, एमनेस्टी इंटरनेशनल इंडिया फाउंडेशन ट्रस्ट, एमनेस्टी इंटरनेशनल साउथ एशिया फाउंडेशन और अन्य के खिलाफ दर्ज किया गया था।

आरोप है कि उक्त निकायों ने एआईआईपीएलके माध्यम से एमनेस्टी इंटरनेशनल यूके से चंदा हासिल कर एफसीआरए और भादंसं का उल्लंघन किया। इस बीच, एमनेस्टी ने एक बयान में कहा, 'एमनेस्टी कानून का पूर्ण पालन करता है। हमारा काम मानवाधिकार को बरकरार रखना और उसके लिए संघर्ष करना है। ये वही मूल्य हैं जो भारतीय संविधान में सन्निहित हैं और बहुलवाद, सहिष्णुता एवं असहमति की एक लंबी और समृद्ध भारतीय परंपरा से प्रवाहित होते हैं।'

स्कूल में खौलते सांभर में गिरा बच्चा, मौत

अमरावती, 15 नवंबर (एजेंसी)

आंध्र प्रदेश के कुरनूल जिले के एक निजी स्कूल में खौलते हुए सांभर के पात्र में गिरने से एक छह साल के बच्चे की मौत हो गयी। शिक्षा और पुलिस विभाग के अधिकारी इस भयानक हादसे में स्कूल प्रबंधन की ओर से हुई लापरवाही का कारण पता लगाने में जुट गए हैं। पुलिस ने स्कूल के प्रबंध निदेशक विजय कुमार रेड्डी और कर्मचारी नागमल्लेश्वर रेड्डी को छात्र के पिता की शिकायत के आधार पर गिरफ्तार कर लिया है। नंदयाल उप मंडलीय पुलिस अधिकारी चिदानंद रेड्डी ने कहा कि स्कूल में भोजन के वितरण के दौरान कोई सावधानी नहीं बरती गयी जिसके कारण एलकेजी के छात्र पुरुषोत्तम रेड्डी को बुधवार को अपनी जान गंवानी पड़ी। पुरुषोत्तम रेड्डी दोपहर का भोजन लेने के लिए कतार में खड़ा था तभी वह अचानक फिसलकर सांभर के पात्र में गिर पड़ा। एक आया ने उसे बाहर निकाला और जली हुई अवस्था में उसे कुरनूल अस्पताल ले जाया गया। पुलिस ने बताया कि अस्पताल में उसकी मृत्यु हो गयी।

संसद का शीतकालीन सत्र सोमवार से

राम मंदिर ट्रस्ट संबंधी बिल लाने की तैयारी

नयी दिल्ली, 15 नवंबर (ट्रिन्यू)

संसद के शीतकालीन सत्र में सत्तापक्ष राम मंदिर पर चर्चा करने के पक्ष में है, ताकि इसके सभी पहलू देश के सामने आ जाएं। साथ ही मोदी सरकार मंदिर के लिए प्रस्तावित ट्रस्ट के लिए संसद से कानून बनाने पर भी विचार कर रही है। सोमवार से शुरू होने जा रहे सत्र के लिए शनिवार से बैठकों का दौर शुरू होगा। लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला ने शनिवार को सर्वदलीय बैठक बुलाई है, जबकि राज्यसभा के सभापति वेंकैया नायडू और सरकार रविवार को विभिन्न दलों के साथ बैठकें करेंगे। सत्र 13 दिसंबर तक चलेगा। बैठकों में सत्र के दौरान 26 नवंबर को पड़ने वाले 70वें संविधान दिवस एवं महात्मा गांधी की 150वीं जयंती के आयोजन की रूपरेखा पर भी विचार किया जाएगा। इससे पहले रविवार को ही केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री प्रहलाद जोशी विपक्षी दलों से सदन में उठने वाले मुद्दों पर चर्चा करेंगे।

सुप्रीमकोर्ट से राम मंदिर का फैसला आ गया, जम्मू-कश्मीर तथा लद्दाख के दो केंद्र शासित प्रदेशों के तौर पर अस्तित्व में आ गये तथा महाराष्ट्र और हरियाणा विधानसभा के चुनाव हो चुके हैं। राफेल सौदा पुनर्विचार याचिका पर भी सुप्रीमकोर्ट का फैसला आ चुका है। माना जा रहा है कि सत्र में ये मामले किसी न किसी तौर पर उठ सकते हैं। वैसे सत्तारूढ़ भाजपा की कोशिश है कि संसद में राम मंदिर मुद्दे पर चर्चा हो। हालांकि फैसला आने के बाद भाजपा समेत संघ परिवार इस मुद्दे पर संयमित रहा है। माना जा रहा है कि मोदी सरकार राममंदिर के लिए प्रस्तावित ट्रस्ट के लिए कानून बना सकती है। विश्व हिंदू परिषद लगातार मांग भी कर रहा है कि सरकार सोमनाथ मंदिर की तरह कानून बनाए। ऐसे में सरकार इसके लिए बिल ला सकती है। बिल आने पर इस मुद्दे पर स्वतः ही चर्चा हो जाएगी। यदि बिल नहीं आता है तो किसी सदस्य के बहस के लिए नोटिस देने पर सदन में चर्चा कराई जा सकती है।

हंगामा होने के पूरे आसार

माना जा रहा है कि जम्मू-कश्मीर के हालात पर चर्चा कराने से लेकर वहां चुनाव कराने की मांग विपक्ष कर सकता है। इसके अलावा आर्थिक मंदी, महाराष्ट्र में राष्ट्रपति शासन लगाने तथा किसानों की समस्याओं समेत विभिन्न विषयों पर विपक्षी दल सरकार को घेरने की कोशिश में है। सत्तारूढ़ भाजपा राफेल पर सुप्रीमकोर्ट के फैसले को लेकर कांग्रेस को घेरने में जुटी है। कांग्रेस जेपीसी जांच की मांग दोहराएगी। ऐसे में शीतकालीन सत्र के हंगामेदार होने की पूरी संभावना है। लोकसभा स्पीकर तथा राज्यसभा के सभापति सत्र सुचारू तरीके से चलाने के लिए सभी से सहयोग मांगेंगे।

पेज 1 का शेष

कश्मीर में सुधर रहे हालात...

सूत्रों के मुताबिक सांसदों ने लंबे समय तक अब्दुल्ला के बेटे और पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) प्रमुख एवं पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती को लंबे समय तक हिरासत में रखने का विरोध किया। सूत्रों ने बताया कि हिरासत में लिए गए नेताओं को छोड़ने के सवाल पर भल्ला और उनकी टीम के अधिकारियों ने बताया कि कुछ नेताओं को रिहा किया जा चुका है और बाकी को धीरे-धीरे रिहा कर दिया जाएगा, लेकिन वे समयसीमा बताने से बचते रहे। सूत्रों के मुताबिक गृह सचिव ने सांसदों को बताया कि केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में हालात सामान्य हो रहे हैं, स्कूल खुल गए हैं और सेब का कारोबार हो रहा है।

सर्कुलेशन, विज्ञापन बुकिंग तथा अन्य संबंधित जानकारी हेतु कृपया निम्नांकित नंबरों पर सोमवार से शनिवार तक सुबह 10.00 बजे से सायं 5.00 बजे के बीच सम्पर्क करें :
सर्कुलेशन : 0172-2670419
या ई-मेल करें :
circulation@tribunemail.com
विज्ञापन :
क्लासिफाइड : 0172-2670257
या ई-मेल करें :
classified@tribunemail.com
डिस्पले : 0172-2670256
या ई-मेल करें :
advt@tribunemail.com

प्रकाशक व मुद्रक राजकुमार सिंह द्वारा द ट्रिब्यून ट्रस्ट की ओर से द ट्रिब्यून प्रेस, प्लाट नं. 123, सेक्टर-37, पेस सिटी-1, गुरुग्राम से मुद्रित व द ट्रिब्यून, सेक्टर 29-सी, चंडीगढ़ से प्रकाशित।
कॉपीराइट © द ट्रिब्यून ट्रस्ट, सर्वाधिकार सुरक्षित।
आर.एन.आई. रजि. नंबर CHAHIN/ 2017/ 72698
गुरुग्राम फोन : 0124-2210033, 2210044.
सर्कुलेशन : 0172-2670419, विज्ञापन : 0172-2670256-257.
संपादक : राजकुमार सिंह*
*पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु जिम्मेदार।